सुप्रभात

रांची, शनिवार

23.09.2023


* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 73



12 बिहार क्लब में सूर्य की रोशनी में मां दुर्गा का होगा भव्य दर्शन

## न्यूज डायरी

### पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को भारत ने 5 विकेट से हराया

**मोहाली।** पहले वनडे मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। गिल और राहुल समेत 4 बल्लेबाजों ने पचासा लगाया। भारत ने टॉस जीता और पहले ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी दी। मेहमान टीम ने 50 ओवर में 276 रन बनाये। मो शमी ने पांच विकेट झटके। 48.4 ओवर में ही भारत ने5 विकेट पर लक्ष्य पा लिया। राहुल ने छक्का लगाकर 8 गेंद शेष रहते 281 रन बनाकर जीत दिला दी। सीरीज में भारत 1-0 से आगे हो गया।

### करमा की छुट्टी अब 25 को, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने करमा की छुट्टी 25 सितंबर को घोषित कर दी है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को करम पर्व मनाया जायेगा।

### गुमला: सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

**गुमला।** सिसई प्रखंड में सड़क हादसे में शुक्रवार को दंपती की मौत हो गयी, वहीं बेटा जयश्री उरांव (20 वर्ष) घायल हो गया। मृतकों में लकेया गांव निवासी नंदराम उरांव (50 वर्ष) व मुन्नी देवी (45 वर्ष) शामिल हैं।

### लोहरदगा डीसी की पत्नी सड़क हादसे में घायल

**लोहरदगा।** शुक्रवार को सड़क हादसे में लोहरदगा के उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी और पुलिस का एक जवान घायल हो गये। उपायुक्त का पुत्र बाल-बाल बच गया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। डीसी की पत्नी रांची से लोहरदगा लौट रहीं थीं। कुडू के हाताटोली के समीप यह हादसा हुआ।

### सरकार बनी तो जाति गणना होगी : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग- ओबीसी विरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार आती है तो जाति आधारित जनगणना करायी जायेगी। जिसकी जितनी बड़ी आबादी होगी सरकार में उसकी उतनी हिस्सेदारी तय करेगी।

### पलामू में रैफ ने किया मार्च, लोग सकते में

**मेदिनीनगर।** रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की टुकड़ी ने शुक्रवार को डालटनगंज शहर में फ्लैग मार्च किया। सायरन बजाकर पूरे क्षेत्र में मार्च किया। दंगारोधी दल को देखकर शहरवासी सकते में आ गये कि कहीं कोई अप्रिय घटना तो नहीं हो गयी। हालांकि, बाद में जानकारी हुई कि रैफ की टीम डेमोस्ट्रेशन दे रही थी। टीम का नेतृत्व डीएसपी सुरजीत कुमार कर रहे थे। उनके साथ शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा, कई जमादार शामिल थे। डीएसपी सुरजीत ने बताया कि जमशेदपुर से आई रैफ की टीम यहां छह दिवसीय कार्यक्रम कर रही है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# न्यायाधीश केपी देव नहीं रहे

## हरमू मुक्ति धाम में अंत्येष्टि, राज्यपाल, सीएम, सीजे ने जताया शोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश केपी देव (कैलाश प्रसाद देव) का निधन हो गया। वे असाध्य बीमारी से जूझ रहे थे और कुछ दिनों से मेडिका अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने शुक्रवार की सुबह अंतिम सांस ली। उनके निधन से न्यायायिक जगत में शोक की लहर फैल गयी।

निधन पर झारखंड के राज्यपाल, सीएम और मुख्य न्यायाधीश ने दुख जताया है। दिवंगत न्यायाधीश केपी देव आवास और हाईकोर्ट कैंपस में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। उनके सम्मान में शुक्रवार को सभी अदालतें बंद रहीं। न्यायमूर्ति केपी देव का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए झारखंड हाईकोर्ट परिसर में रखा गया। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्र और अन्य न्यायाधीश व अधिवक्ता, कर्मी तथा राज्य मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव, डीजीपी समेत तमाम पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। पार्थिव शरीर को शाम साढ़े चार बजे हरमू मुक्तिधाम लाया गया तथा उसके बाद दिवंगत न्यायाधीश केपी देव की अंतिम संस्कार किया गया। (शेष पेज 11 पर)

# एल्युमिनियम फैक्ट्री में ब्लास्ट, दो की मौत

## कई घायल, हजारीबाग पुलिस अनुसंधान में जुटी, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** वार्ड नंबर 33 के दामोदीह स्थित एल्युमिनियम फैक्ट्री में शुक्रवार को हुए जबरदस्त धमाके में दो लोगों की मौत हो गयी। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरी फैक्ट्री तबाह हो गयी। यह फैक्ट्री कटकमदाग थाना क्षेत्र के सिरसी डामोडीह गांव में हैं। मृतक मजदूरों की पहचान रंजीत ठाकुर और सुखदेव साहू के रूप में की गयी है। दोनों नवादा बिहार के रहनेवाले थे। फैक्टरी में एल्युमिनियम गलाने का काम होता है। धमाका इतना जबरदस्थ था कि अगल-बगल के घरों और दुकाने के शीशे चटक गये। हादसे की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ फैक्ट्री में जमा हो गयी और अफरा तफरी का माहौल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जबरदस्त था कि दो किलोमीटर दूर तक आवाज सुनी गयी। फैक्ट्री में लगे एस्बेस्टस सीट दूर तक उड़ गये। दीवार बीचों- बीच फट गया। फैक्ट्री से नजदीक सटे घरो में भी दरारे पड़ गयी। फैक्ट्री में मालिक उपस्थित नहीं थे अतः उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। उपस्थित मजदूरों ने कहा कि जो कबाड़ आया था उसे गलाने के लिए भट्ठी में मजदूर ने जैसे ही डाला, विस्फोट हो गया। दो मजदूरों के परखच्चे उड़ गये। घटना की जानकारी होते ही स्थल पर कटकमदाग पुलिस नें शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेखभिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा। अनुसंधान जारी है। ग्रामीणों ने कहा है कि यह फैक्ट्री आवासीय इलाके में है जिससे ग्रामीणों को हमेशा खतरा बना रहता है । पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार ने कहा है कि सिरसी डामोडीह स्थित अल्युमिनियम फैक्ट्री में विस्फोट में दो लोगों की मौत हुई है । विस्फोट कैसे हुआ है अनुसंधान किया जा रहा है। इधर इस मामले पर मृतक के परिजनों को मुआबजे की मांग ग्रामीणों ने की है।

# स्थिर सरकार में ही मजबूत निर्णय संभव : पीएम मोदी

## नारी शक्ति वंदन सामान्य कानून नहीं, नये भारत का उद्घोष है

**एजेंसी**



**नयीदिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा, मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का दोनों सदनों से पास होना, इस बात का भी साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है, तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है, बड़े पड़ावों को पार करता है। पीएम मोदी पार्टी कार्यालय में महिला कार्यकर्ताओं के सम्मन समारोह में बोल रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक साबित करता है कि देश को आगे ले जाने के लिए बहुमत के साथ एक मजबूत, निर्णायक सरकार की आवश्यकता होती है।

### ये हमारे लिए गर्व का विषय

पीएम ने कहा कि आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं। कोटि-कोटि माताओं, बहनों के सपने को पूरा करने का सौभाग्य हमारी भाजपा सरकार को मिला है। इसलिए राष्ट्र को सर्वप्रथम मानने वाली पार्टी के रूप में, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में ये हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। ये नयेभारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है।

**27 साल का सूखा खत्म :** संसद और विधानसभाओं में महिला सशक्तिकरण की राह में बीते 27 साल से पड़ा सूखा खत्म हो गया। नये संसद भवन ने पहले ही सत्र में नारी शक्ति का वंदन करने का नया इतिहास रच दिया। दोनों सदनों ने इसे पास कर इतिहास रच दिया। ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक के संसद से पारित होने के बाद पीएम मोदी शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचे। पार्टी की महिला कार्यकताओं का अभिवादन किया। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं के पैर भी छुये। फिर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यकताओं को संबोधित भी किया। उन्होंने महिला मतदाताओं को इसका श्रेय देते हुए कहा कि हमारी माताओं-बहनों ने भाजपा को पूरा समर्थन दिया। बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया और भाजपा को मजबूती के साथ सत्ता में आने का मौका दिया।

**हमारा कमिटमेंट था, पूरा करके दिखाया :** पीएम मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए भाजपा तीन दशक से प्रयास कर रही थी। ये हमारा कमिटमेंट था। (शेष पेज 11 पर)

# डॉक्टरों की हड़ताल खत्म दो घंटे मरीज रहे परेशान

## आइएमए ने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लाने पर जोर दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में डॉक्टर से मारपीट के विरोध में हड़ताल पर गये डाक्टरों ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को अपनी राज्यव्यापी हड़ताल वापस ले ली। दो घंटे की हड़ताल में ही मराजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का समना करना पड़ा। हड़ताल व कार्य बहिष्कार को ले कर राज्यभर के डॉक्टरों ने शुक्रवार को करीब 2 घंटे तक ओपीडी सेवा को ठप रखा। डाक्टर की मांग है कि अविलंब मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये, ताकि डाक्टर निडर हो कर मरीजों की सेवा कर सकें। आइएमए सचिव डॉ प्रदीप सिंह, आइएएम महिला विंग की अध्यक्ष डा भारती कश्यप एवं झासा के पूर्व अध्यक्ष विमलेश सिंह ने हड़ताल वापस लिए जाने की बात कही। राज्य भर के डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार वापस ले लिया। दूसरी पाली से ही कामकाम सामान्य हो गया। जमशेदपुर आइएमए के डॉक्टरों द्वारा गिरफ्तारी की पुष्टि किये जाने के बाद हड़ताल व कार्य बहिष्कार वापस लिए जाने की घोषणा की गयी। बता दें कि शुक्रवार को करीब 2 घंटे तक डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार किया। (शेष पेज 11 पर)

### भय का माहौल खत्म करे सरकार : प्रदीप

हड़ताल वापस लेने के बाद आइएमए के सचिव डॉक्टर प्रदीप सिंह ने बताया डाक्टरो की सुरक्षा जरूरी है। जिस प्रकार से आये दिन डॉक्टर के साथ मारपीट की घटना हो रही है, इससे राज्य भर के डॉक्टरों में भय का माहौल है। मेडिकल प्रोटेक्शन बिल को लागू करें, जिससे सिर्फ डॉक्टर ही नहीं बल्कि मरीजों को भी सुविधा मिलेगी।

### बिल पास करने में क्या परेशानी : भारती

झारखंड आइएमए वूमेन विंग की अध्यक्ष डॉक्टर भारती कश्यप ने कहा कि जब तक झारखंड सरकार विधानसभा में मेडिकल प्रोटेक्शन बिल (एमपीए) को पारित नहीं करती है, तब तक इस तरह की समस्या देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों में जब यह बिल पास हो गया है तो फिर झारखंड में इस विधेयक को पास करने में राज्य सरकार को क्या परेशानी है।

## निर्वाचन आयोग की टीम ने उपायुक्तों संग की बैठक

# चुनावी तैयारियों की समीक्षा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव तैयारी में जुटी भारत निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर है। शुक्रवार को राजधानी रांची के रेडिशन ब्लू होटल में टीम के अधिकारियों ने राज्य के सभी उपायुक्तों सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संग बैठक की और चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के द्वारा चुनाव से संबंधित अंग्रेजी और हिंदी भाषा में प्रकाशित चुनाव प्रश्न बैंक का विमोचन किया गया। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 की समीक्षा बैठक की गयी। आयोग के वरीय उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, नितेश कुमार व्यास और उप चुनाव आयुक्त मनोज कुमार साहू, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार आदि बैठक में उपस्थित थे। केंद्रीय टीम ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा किये जा रहे प्रयासों को लेकर संतोष व्यक्त किया।

इस एक दिवसीय समीक्षा बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया जा रहा है। इस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों द्वारा बारी-बारी से समीक्षा की गयी। इसके पहले झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से तैयार की चुनाव प्रश्न बैंक नाम के पुस्तक के अंग्रेजी और हिंदी संस्करण का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित 1200 से अधिक बहुविकल्पीय प्रश्नों का समावेश है। (शेष पेज 11 पर)

### भारी बारिश से नदियां उफान पर, तेनुघाट के फाटक खुले

**रांची।** पूरे झारखंड में दो दिनों की भारी बारिश के कारण तमाम नदियां उफान पर हैं। डैम में पानी अधिक होने के बाद तेनुघाट डैम का 2 रेडियल गेट खोला दिया गया। इससे दामोदर नदी का जल भी काफी बढ़ गया। वहीं प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका रजरप्पा मंदिर स्थित भैरवी नदी पर छिलका पुल के ऊपर से पानी का बहाव तेज हो गया है। इससे गोला की ओर से पश्चिम बंगाल, धनबाद, बोकारो और गिरिडीह आदि जगहों से आने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। नदी के किनारे बने कई बांस-बल्ली की दुकानें जलमग्न हो गयी हैं। वहीं संथाल में भारी बारिश के कारण साहिबगंज में के घरों, स्कूलों और दुकानों में पानी घुस गया है।

# इडी के खिलाफ हाइकोर्ट पहुंचे सीएम !

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने शनिवार को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया है। पिछले तीन समन पर मुख्यमंत्री उपस्थित नहीं हुए थे। ऐसे में शनिवार को भी ईडी दफ्तर नहीं पहुंचेंगे। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार हेमंत सोरेन की हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी गयी है। याचिका में उनकी ओर से इडी के समन को चुनौती दी है। याचिका दायर कर हाइकोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने व इडी की कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया गया है।

जानकारी के अनुसार सीएमओ की ओर याचिका की कॉपी ईडी कार्यालय को भी भेज दी गयी है। ऐसे में अब तय लगता है कि मुख्यमंत्री शनिवार को ईडी कार्यालय नहीं जायेंगे। इडी ने पूछताछ के लिए चौथा समन जारी कर उन्हें 23 को उपस्थित होने को कहा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में इडी के समन को चुनौती देनेवाली सीएम की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाइकोर्ट जाने को कहा था। इसके बाद सीएम की ओर से याचिका वापस ले ली थी। इससे पहले 14 अगस्त, 24 अगस्त एवं 9 सितंबर को इडी ने सीएम को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। रांची में सेना की जमीन सहित कई जमीन की अवैध ढंग से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सहित अब तक 13 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सीएम तरफ से 22 सितंबर को ही याचिका दायर करने की पूरे दिन ये चर्चा होती रही, पर न्यायाधीश केपी देव के असमय निधन और उसके बाद न्यायिक कार्य स्थगित होने के कारण कल याचिका दायर करने की बात भी होती रही। लेकिन देर शाम को सूचना मिली कि सीएम की ओर से याचिका दाखिल हो चुकी है। सीएम का आरोप है कि केंद्र राजनीतिक फायदे के लिए इडी का इस्तेमाल उनके खिलाफ कर रही है।

# घाटी में जांबाज अफसरों की शहादत का खुला राज

## आतंकियों को मदद कर रहा था एक डीएसपी, गिरफ्तार, राज्य में हड़कंप



**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों के सफाये में जुटे हैं। हाल ही में अनंतनाग में एक सप्ताह तक मुठभेड़ चली थी और उसमें कई जांबाज अफसर शहीद हो गये थे। इस बीच एक खुलासे ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। दरअसल जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी शेख आदिल मुश्ताक को आतंकवाद के एक आरोपी से रिश्तों का आरोप लगा है। यही नहीं आरोप है कि शेख आदिल मुश्ताक ने आतंकवाद के आरोपी की गिरफ्तारी से बचने में मदद की थी। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आदिल पर आरोप है कि आतंकवादी से 5 लाख रुपये की रकम भी ली थी। उसे पकड़ने जब पुलिस पहुंची तो वह कूदकर भागने लगे, लेकिन दबोच लिया गया।

**गिरफ्तारी से बचने में की थी मदद :** शेख आदिल ने आतंकवादी को यह भी समझाया था कि वह कैसे कानून के शिकंजे से बच सकता है। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि आदिल मुश्ताक अकसर आतंकवादी से बात करते थे। इसके लिए टेलीग्राम ऐप का इस्तेमाल करते थे। करीब 40 कॉल आतंकवाद के आरोपी और डीएसपी के बीच हुई थीं। (शेष पेज 11 पर)

### डीएसपी शेख आदिल पर और भी हैं आरोप

डीएसपी शेख आदिल पर पर आतंकवादी की मदद के अलावा भ्रष्टाचार के भी आरोप हैं। गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां उसे 6 दिन की हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। सूत्रों का कहना है कि आतंकवाद के आरोपी के फोन की जांच से यह पता चला कि शेख आदिल लगातार उसके संपर्क में बने हुए थे। आतंकी को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था और फिर लंबी जांच के बाद सनसनीखेज खुलासा हुआ। एक सीनियर पुलिस अधिकारी का इस तरह आतंकवादी से ताल्लुक रखना और मदद करना हैरान करने वाला है।

# होमगार्ड को पुलिस के समान वेतन मिलने का रास्ता साफ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य सुविधा देने का रास्ता साफ हो गया है। पुलिसकर्मियों के समान वेतन देने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की याचिका शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत ने सरकार की एसएलपी खारिज की। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इसी साल 12 जनवरी को राज्य सरकार को होमगार्ड के जवानों को पुलिसकर्मियों के समान वेतन और अन्य भत्ता का लाभ देने को कहा था। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब होमगार्ड के जवान थानों में पुलिसकर्मियों के साथ उसी तरह का काम करते हैं तो उन्हें भी पुलिसकर्मियों की तरह सुविधाएं मिलनी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

# उर्जा विकास निगम में कर्मचारियों की बैठक सकारात्मक, हड़ताल स्थगित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उर्जा विकास निगम के कर्मचारियों और प्रबंधन की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में कर्मचारियों की हड़ताल और 18 सूत्री मांगों पर चर्चा की गयी। बैठक में निगम प्रबंधन ने यूनियन की सभी बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही कर्मचारियों को जानकारी दी कि न्यू डेजीग्नेशन मैपिंग की प्रक्रिया लगभग पूरी है। गठित कमेटी 45 दिनों के अंदर रिपोर्ट सौंपेगी। वहीं, छह फीसदी उर्जा भत्ता का मामला जल्द निगम की बोर्ड बैठक में पास करने की जानकारी दी गयी। प्रमोशन के मामले में भी निगम ने कर्मियों को संतुष्ट किया।

जानकारी दी गयी कि पहले कर्मचारियों का प्रमोशन सर्कल कैडर पर मिलता है। यूनियन की मांग रही है कि प्रमोशन मुख्यालय स्तर पर दी जाए। इस संबंध में निगम ने तैयारी कर ली है। जिसका आदेश जल्द जारी किया जायेगा। यूनियन के महामंत्री वरूण सिंह ने जानकारी दी कि निगम के साथ बैठक से कर्मचारी पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसलिए 26 सिंतबर से घोषित हड़ताल स्थगित कर दी गयी है।

**कर्मचारियों ने की थी बैठक :** हड़ताल झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन की ओर से घोषित की गयी थी। इसके पहले कर्मचारियों की ओर से बैठक कर वार्ता के मुद्दे और बिंदुओं पर चर्चा की गयी। जिसमें यूनियन की ओर से निर्णय लिया गया कि प्रबंधन अब कारवाई करें क्योंकि पहले भी कर्मचारियों की ओर से हड़ताल की गयी थी। तब प्रबंधन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस वार्ता को इस महीने बीत जाने के बाद निगम प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं की गयी। यूनियन की मानें तो इसका लाभ अधिकारियों को मिला, लेकिन कर्मचारियों को नहीं दिया गया। ऐसे में साल 2018 के बाद से अभी तक निगम कर्मचारियों को प्रमोशन बाधित है। कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने से राज्य में बिजली व्यवस्था चरमरा सकती थी। राज्य में थर्ड और फोर्थ ग्रेड के लगभग दो हजार विद्युत कर्मी है। जिसमें लाइनमैन, बटनपट् संचालक समेत अन्य पद है। जो राज्य भर में बिजली की कमान संभालते है। ऐसे में इन कर्मियों के हड़ताल पर जाने से राज्य की बिजली व्यवस्था बाधित होती।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प सभा जारी, खूंटी में बोले

# राज्य की महागठबंधन सरकार का 4 सालों में कभी नहीं आया नियुक्ति वर्ष

**प्रदेश अध्यक्ष बोले**

भाजपा राज्य की दुर्दशा नहीं देख सकती, यह पार्टी देशहित के लिए करती है काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को खूंटी में संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुये हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ये सरकार केवल परिवार के साथ मिलकर राज्य को लूटने के लिए, भ्रष्टाचार के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पांच लाख नियुक्ति नहीं तो बेरोजगार भत्ता देने की बात करके सत्ता में आयी हेमंत सरकार का नियुक्ति वर्ष अब तक नहीं आया। जबकि इस सरकार के चार वर्ष पूरे होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की उपलब्धियां राज्य में अपराध, लूट और भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि राज्य में जमीन की लूट मची है। हेमंत सोरेन परिवार महाजन



प्रथा से लड़ते लड़ते राज्य का सबसे बड़ा महाजन बन गया।

उन्होंने कहा कि आज राज्य के विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं, नर्स नहीं, दवाई नहीं है। राज्य सरकार भाजपा सरकार की बनाई सड़कों का मरम्मत तक नहीं करवा पा रही है। गरीबों के अनाज भी दलाल बिचौलिये लूट ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की दुर्दशा नहीं देख सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से गांव के पारंपरिक रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 13 हजार करोड़ रुपये की योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित और समर्पित है। उनके सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भ्रष्टाचारी मोदी जी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं।

## मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का किया आह्वान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/मनोहरपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के तहत सोनुवा में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब घर से आते हैं, इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही बहनों के लिए घर, शौचालय का निर्माण करवाया, गैस कनेक्शन दिया। अब महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ



मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वकर्मा पूजा के दौरान कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना लॉन्च किया। इसके तहत 13 हजार करोड़ के बजट का भी प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की जब-जब सरकार बनी झारखंड में विकास कार्य आगे बढ़ा है, लेकिन, राज्य की महागठबंधन की सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार, दलालों और बिचौलियों की बल्ले बल्ले हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है।

# मोदी सरकार में पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक चुनावी जुमला : आभा सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने महिला आरक्षण पर फिर केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार द्वारा संसद से पारित कराये गये नारी शक्ति वंदन अध्यादेश 2023 चुनावी जुमला से कम नहीं है। मोदी सरकार आम चुनाव से पहले देश की महिलाओं की उम्मीदों के साथ विश्वासघात करने को आतुर है।

**वोट लेकर महिलाओं को धोखा देना है :** मोदी सरकार द्वारा संसद से पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक-2023 में कहा गया है कि यह विधेयक कानून बनने के बाद, जो पहली दशकीय जनगणना होगी, उसके बाद ही लागू होगा। इससे स्पष्ट होता है कि यह विधेयक केवल देश की महिलाओं से



आगामी चुनाव में वोट लेकर उन्हें धोखा देना है। उन्होंने कहा कि यह महिला आरक्षण अगली जनगणना के प्रकाशन और उसके बाद परिसीमन प्रक्रिया के बाद प्रभावी होगा। इससे यह साफ हो जाता है कि महिला आरक्षण विधेयक एक चुनावी जुमला है। वर्तमान में 2029 के पूर्व यह संभव नहीं है।

**जनगणना और परिसीमन का इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं :** आभा सिन्हा ने कहा है कि यह बिल स्त्रियों के लिए है, लेकिन यह सिर्फ चुनावी जुमले तक सीमित नहीं रहना चाहिए। एक बार गृह मंत्री अमित शाह ने इसी तरह का एक वादा किया था लेकिन बाद में उन्होंने कहा था कि वह चुनावी जुमला था। उन्होंने सुझाव दिया कि जनगणना और परिसीमन का इंतजार करने की कोई जरूरत नहीं है। महिलाओं के लिए आरक्षण सदस्यों की मौजूदा संख्या के अनुपात में किया जा सकता है, जो देश की महिलाओं के लिए हितकर होगा। उन्होंने कहा-महिला आरक्षण कानून के तहत ओबीसी के प्रावधान की जरूरत है और देश में 60 फीसदी ओबीसी लोग हैं। महिलाओं के लिए ओबीसी आरक्षण का प्रावधान नहीं रखने से 60 फीसदी आबादी सीधे तौर पर बाहर हो जाएगी। उन्होंने मोदी सरकार से अगले सत्र में इसका संशोधन विधेयक लाने की मांग की है।

# नारी शक्ति वंदन पारित होने पर पीएम का आभार: आरती कुजूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा है कि लोकसभा एवं राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित कराने के लिए पीएम मोदी जी का आभार है। आरती कुजूर शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु बहुत ही अतुलनीय कार्य किया है। 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद महिलाओं को उनका सम्मान मिला। यूं तो देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर एक आदिवासी महिला को बैठाकर उन्होंने पहले ही महिला सशक्तिकरण का मिसाल प्रस्तुत कर दिया था। अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर महिलाओं



को उनका पूरा अधिकार देने का काम किया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रिया सिंह पटेल, मंजुलता दूबे, डॉ सीमा सिंह, सुचिता सिंह उपस्थित थीं। इसके बाद महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई और प्रधानमंत्री जी का आभार जताया। इस कार्यक्रम में पुनीता रॉय, लक्ष्मी कुमारी, रेणुका मुरमू, बबीता वर्मा, रेखा महतो, रंजिता सिंह, बबीता झा, जयश्री शामिल थीं।

# युवाओं में अपने साथ-साथ राज्य का भविष्य भी सुधारने की क्षमता: सुदेश

**आजसू पार्टी का मिलन समारोह, सैकड़ों युवाओं ने थामा पार्टी का दामन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विभिन्न जिलों के सैकड़ों युवाओं ने शुक्रवार को आजसू पार्टी का दामन थामा। इनमें खूंटी, बोकारो, रांची, हजारीबाग, गोड्डा जिले से आए युवा थे। सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार की युवाओं को लेकर गलत नीतियों से प्रदेश के युवा परेशान हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद युवा नौकरी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। सरकार न रिक्त पदों को भर पा रही है और न ही रोजगार के अन्य विकल्प पर सोच रही है। सरकार की



इसी रवैया से परेशान होकर राज्य के युवा राजनीतिक विकल्प ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व और नवीन सोच से राज्य के नवनिर्माण के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। राज्य के सभी युवाओं में नेतृत्व क्षमता है, जिसे तराशने और निखारने का प्लेटफार्म आजसू देगी। पार्टी का उद्देश्य आम लोगों के बीच से नेतृत्वकर्ता तैयार करना है। युवा भविष्य के साथ राज्य के भविष्य के लिए भागीदार बन सकते हैं।

**महाधिवेशन में राज्य के लोगों को एक मंच दिया जाएगा :** श्री महतो ने कहा कि 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को होने वाले पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन का लक्ष्य राज्य के लोगों को एक मंच देना और संवाद से समाधान ढूढ़ना है। इस ऐतिहासिक महाधिवेशन में शामिल होने के लिए कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह से 9990599905 पर मिस कॉल देकर अपना पंजीकरण करवा सकता है। महाधिवेशन राज्य के हित में सोचने वाले सभी लोगों के लिए एक खुला मंच होगा।


झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

सूचना

पत्रांक 8/विविध -82/21-1287/SWSM दिनांक 22.12.2021 के आलोक में JJM एवं SBM-G अंतर्गत राज्य स्तरीय संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा, (PR No. – 306994 दिनांक 15.09.2023) दिनांक 07.10.2023 एवं दिनांक 08.10.2023 को निर्धारित की गयी है। उक्त के लिए Niyukti Portal से दिनांक 23.09.2023 से 06.10.2023 तक Admit Card Download किया जा सकता है।

(उप निदेशक)
प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट,
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,
झारखंड, राँची

PR 307590 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला योजना)
दूरभाष : 06553-261555(O)Email ID : dc-ramgarh@gov.in

-:: शुद्धि पत्र ::-

कार्यालय अल्पकालिन विज्ञापन ज्ञापांक 402/जि०यो० दिनांक 18.09.2023 (Advertisement PR No. 307282) द्वारा आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के निमित्त Aspirational Block Fellow की पूर्णतः अस्थायी रूपसे 01 वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया है।

उक्त विज्ञापन में No. of Post 04 अंकित है, जबकि रामगढ़ जिले के लिए 01 ही Aspirational Block Fellow की पूर्णतः अस्थायी रूपसे 01 वर्ष के लिए नियुक्ति की जानी है।

उक्त आलोक में No. of Post 01 निर्धारित किया जाता है।

शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

ह०/–
उपायुक्त, रामगढ़।

PR 307478 (District) 23-24 (D)


### कोयला पीएसयू ने मिशन मोड में चलाया भर्ती अभियान

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड ने नियुक्तियों में 83 प्रतिशत से अधिक की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। देश के युवाओं के लिए नौकरी के अवसर प्रदान करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में कोल इंडिया लिमिटेड और एनएलसीआईएल ने जुलाई 2022 से मिशन मोड में सफलतापूर्वक भर्ती अभियान चलाया है। मिशन मोड भर्ती के तहत कोल इंडिया लिमिटेड और एनएलसीआईएल द्वारा 21 अगस्त, 2023 तक लक्ष्यों और जारी नियुक्ति पत्रों की स्थिति उल्लेखनीय प्रगति दर्शाती है। कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने मिशन को पूरा करने के प्रयास में सात चरणों में भर्ती अभियान चलाया। कोल इंडिया लिमिटेड ने 3,969 के लक्ष्य को पार करते हुए कुल 7,268 नियुक्ति पत्र जारी किए हैं, जो 83.11 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। अगस्त 2023 में कुल लक्ष्य 465 था लेकिन कुल 574 नियुक्ति पत्र जारी किये गये।

# 100 बैंक एकाउंट्स से लगभग ₹15 करोड़ की साइबर ठगी की आशंका!

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीआईडी की टीम ने आरबीएल बैंक से एक करोड़ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, अब रांची की साइबर टीम धोखाधड़ी के मामले में विदेशी लिंक व अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। इधर, सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अबतक इन आरोपियों के द्वारा 100 बैंक एकाउंटस धारी से लगभग 15 करोड़ की राशि की साइबर ठगी का अनुमान है, जिसकी जांच की जा रही है।

गौरतलब हो कि गिरफ्तार आरोपियों में बैंक का खाताधारी बोकारो के हरला थाना क्षेत्र निवासी नीरज कुमार पांडेय, रांची के गाड़ीगांव अशोक कुमार और तमिलनाडू के चेन्नई का रहने वाला मोहम्मद काजिम शामिल है। जानकारी के मुताबिक, नीरज कुमार पांडेय मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज का रहने वाला है। तीनों ही आरोपियों के पास से पुलिस ने पांच मोबाइल, पैसे ट्रांसफर करने वाली चार पीओएस मशीन और 15 एटीएम कार्ड की बरामद की है। खाताधारी नीरज कुमार पांडेय पर आरोप है कि उसने साइबर अपराधियों के साथ मिलकर आरबीएल बैंक से एक करोड़ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

**आरबीएल बैंक ने दर्ज कराई प्राथमिकी :** सीआईडी झारखंड के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने में महाराष्ट्र के कोल्हापुर शाहपुरी स्थित आरबीएल बैंक के मुख्य कार्यालय के पंकज भगत ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस दौरान आरोप लगाया कि उनके खाताधारी बोकारो के हरला निवासी नीरज कुमार पांडेय ने विदेशी खाता धारक व अन्य साइबर अपराधियों के साथ मिलकर उनके बैंक से एक करोड़ 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। इसके बाद साइबर अपराध थाने में जालसाजी व आईटी एक्ट से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**इस तरह से की गई थी बैंक से धोखाधड़ी :** यह जानकारी मिली है कि आरोपी नीरज कुमार पांडेय ने आरबीएल बैंक से क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद बैंक ने उसे खाता के माध्यम से क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई। पहले बैंक ने नीरज कुमार पांडेय के खाते की स्थिति के आधार पर एक लाख रुपये का क्रेडिट लिमिट निर्धारित की। इसके बाद नीरज कुमार पांडेय के खाते में विदेशी बैंक, व्यवसायियों के खातों से बड़े-बड़े रकम की काल्पनिक ट्रांसफर होने लगा।

## खुलासा: वेतन समझौते को लेकर कोयला मंत्रालय ने जारी किया ऑफिस मेमोरेंडम

**मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला कामगारों के वेतन समझौते को लेकर कोयला मंत्रालय ने बड़ा खुलासा किया है। कोयला सचिव के अनुमोदन से मंत्रालय ने 19 सितंबर को एक ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया है। मंत्रालय के अवर सचिव अरविंद कुमार ने डीपीई के सचिव और निदेशक को इसकी जानकारी दी है। अवर सचिव ने ऑफिस मेमोरेंडम में लिखा है कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के समक्ष दायर उपरोक्त मामले का संदर्भ लेने का निर्देश दिया गया है। याचिका में कोयला मंत्रालय को प्रतिवादी संख्या 1, डीपीई को प्रतिवादी संख्या 2, कोल इंडिया को प्रतिवादी संख्या 3 और कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) को प्रतिवादी संख्या 4 के रूप में रखा गया है।

याचिका के माध्यम से याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि हाल ही में लागू एनसीडब्ल्यूए-एक्स आई के 24 नवंबर, 2017 के दिशा निर्देश के खंड (4)और (5) का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 24 नवंबर, 2017 के ऑफिस मेमोरेंडम के अनुसार कामगारों का वेतनमान अफसरों से अधिक नहीं हो सकता है। कोल इंडिया लिमिटेड ने कोयला मंत्रालय को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है, जिसके कारण मंत्रालय द्वारा एनसीडब्ल्यूए-एक्स आई की पुष्टि की गई है। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा 29 अगस्त, 2023 को की गई। न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया है और उसे 8 सितंबर, 2023 को वेबसाइट पर अपलोड किया गया था। उच्च न्यायालय ने कोयला मंत्रालय की 22 जनवरी, 2023 की मंजूरी रद्द कर दी गई है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार निर्णय लेने के लिए मामला डीपीई को भेजा गया है।


कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक पुनर ई0 निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 33/2023-24
1. कार्य की विस्तृत विवरणी: 15th FC (572/D, 14.09.23)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ईटखोरी | परसौनी | – | स्वास्थ्य उपकेन्द्र परसौनी का भवन निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 06 माह |
| 2 | सिमरिया | बेलगड़ा | – | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बेलगड़ा का भवन निर्माण। | 5550000 | 10000 | 111000 | 06 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27/09/2023
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 29.09.2023 से 07.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4.जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 09.10.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5.निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6.निविदा खोलने की तिथि एवं समय –10.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10.विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 307552 (District)23-24*D


## धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव के काले कारनामों की जांच करने पहुंची मार्केटिंग बोर्ड की टीम

# मार्केटिंग बोर्ड के जांच दल ने कुछ भी बताने से किया इनकार, सोमवार को सौंपी जायेगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धनबाद बाजार समिति के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश सिंह के काले कारनामे की जांच मार्केटिंग बोर्ड की कमेटी ने शुरू कर दी है। शुक्रवार की दोपहर मार्केटिंग बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में पहुंची टीम ने जांच शुरू की। जांच टीम में शामिल अध्यक्ष ने एक-एक कर अधिकारियों से और प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी से दुकान और आईबी बेचे जाने समत अन्य



बिंदुओं पर जानकारी ली। साथ ही चेक पोस्ट पर ट्रकों से अवैध वसूली से लेकर वर्षों से कमेटी में जमे सुरक्षा प्रहरी टीपी सिंह के मामले की भी जानकारी ली। इसी क्रम में जांच कमेटी के अध्यक्ष से मिलने एक व्यापारी पहुंचा और उसने प्रभारी सचिव पर घूस लेने का आरोप लगाया। जांच टीम ने उस दुकान का भी निरीक्षण किया, जिस दुकान का आवंटन प्रभारी सचिव ने ₹40 लाख लेकर यूपी के व्यापारी को कर दी है। हालांकि जांच के दौरान दैनिक खबर मंत्र संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच हो रही है। जींच दल सोमवार को अपने रिपोर्ट एमडी को सौंपेगी। इससे पहले कुछ भी कहना ठीक नहीं है।

### क्या है मामला

धनबाद बाजार समिति के सचिव राकेश सिंह ने नियम कानून को ताक पर रखकर बाजार समिति के भंग होने के बाद भी कमेटी की दुकानों को बेचना शुरू कर दिया था। इसकी खबरें दैनिक खबर मन्त्र के साथ अन्य अखबारों में छपने के बाद मार्केटिंग बोर्ड और कृषि विभाग ने संज्ञान में लिया और जांच का आदेश दिया। बोर्ड की कमेटी मार्केटिंग बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में जांच करने बरवाअड्डा कमेटी पहुंची। जांच टीम में मार्केटिंग बोर्ड के फोर्थ ग्रेड कर्मचारी शामिल हैं। इनमें से एक फोर्थ ग्रेड कर्मचारी पूर्व में धनबाद बाजार समिति में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी के रूप में कम कर चुका है। ऐसे में जांच कमेटी ही नहीं जांच रिपोर्ट पर भी सवाल उठ रहा है।

स्पीड न्यूज

## एडीएम लॉ एंड आर्डर ने सुनी लोगों की शिकायतें



धनबाद। एडीएम लॉ एंड आर्डर श्री कमलाकांत गुप्ता ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पेंशन, आवास योजना, पशुपालन योजना, स्वास्थ्य संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## बीसीसीएल कर्मी की सड़क हादसे में मौत

पुटकी। पश्चिमि झरिया के मुनीडीह परियोजना महाप्रबंधक के मुख्य गेट पर परियोजना में कार्यरत बटवा बाउरी उम्र 58 वर्ष जो बुधवार को दुतीय पाली का डुयूटी कर रात्रि के लगभग 12 बजे अपने घर तेतुलिया जाने क्रम में कपुरिया में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई है। खबर सुनकर परिजन शव को लेकर मुनीडीह परियोजना एरिया गेट समक्ष नियोजन ओर मुआवजा को लेकर शव के साथ धरना दे रहे है। परिजनों का कहना है कि जब तक नौकरी नहीं मिलेगी तब तक शव उठने नही दिया जाएगा, आंदोलन जारी है।

## मैथन में स्वच्छता रैली का आयोजन

धनबाद। नमामि गंगे योजना अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज मेन गेट मैथन से मैथन डैम तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्माकर, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जल सहिया तथा अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## डीवीसी चंद्रपुरा में शब्दावली व आलेख प्रतियोगिता

बोकारो/चंद्रपुरा। दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा इकाई 7.8 के सम्मेलन कक्ष में आयोजित प्रशासनिक शब्दावली एवं टिप्पणी आलेख प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली के सदस्य पूनम कुमारी रंजीत कुमार निराला शामिल थे जबकि लक्ष्मी नारायण साहू अनिमेष गिरि रामजी रजक कार्तिक कुमार महतो अक्षय कुमार पिंटू कुमार सत्येंद्र नारायण सिंह मोहम्मद शाहिद इमाम रवि रंजन सिंह जयंत सरकार वसंत कुमार महापात्रा आदि प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस अवसर पर हिन्दी अधिकारी रवि सिन्हा संजीव कुमार उपस्थित थे।

## गणपति बप्पा के दरबार में पहुंचे गोमिया विधायक

बेरमो/गोमिया। गोमिया प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में गणेश पूजा धूमधाम से के जा रहे हैं स्वांग महावीर स्थान के समक्ष गुरुवार को माथा टेकने गोमिया के विधायक डॉक्टर लंबोदर महतोएस्वांग उत्तरी पंचायत के मुखिया विनोद कुमार विश्वकर्मा हजारी पंचायत के मुखिया तारामणि देवी पहुंचे। मौके पर स्वांग कोलियरी महावीर स्थान के गणपति पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## सहायिका-सेविकाओं का दिल्ली में महाधरना चार को

धनबाद। मानदेय में केंद्रांश की बढ़ोतरी और समय पर भुगतान की मांग को लेकर आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका चार अक्तूबर को दिल्ली में महाधरना देगी। इसकी जानकारी आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक अशोक सिंह नयन ने दी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे देश से सेविका-सहायिका दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच धरना को सफल करेंगी।

# कुमारधुबी के दुकानदार से 2.37 लाख की साइबर ठगी, केस दर्ज

### दो बार में चार खाते से उड़ा लिये रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता

निरसा। सरकारी योजना का रुपया खाता में डालने का झांसा देकर प्रखण्ड कर्मी बन शिवलीबाड़ी के युवक पंकज विश्वकर्मा से 2.37 लाख 270 रुपए की ठगी कर ली गयी है। साइबर अपराधियों ने चार किस्तों में दो अलग अलग खाते से रुपए उड़ाये हैं। पीड़ित युवक पंकज विश्वकर्मा का शिवलीबाड़ी पुराना चेकपोस्ट के पास लौह सामग्री बनाने की दुकान है। व्यवसाय को बढ़ाने के लिये उसने बैंक से दो लाख रुपए पर्सनल लोन लिया था। पीड़ित पंकज का रो-रोकर बुरा हाल है। साइबर सेल धनबाद व कुमारधुबी पुलिस से लिखित शिकायत कर साइबर अपराधी पर कार्रवाई एवं रुपए दिलाने की गुहार लगायी है। यह मामला 18 सितम्बर शाम की है। पंकज ने बताया कि 18 सितम्बर के शाम साढ़े चार बजे मेरे मोबाइल पर फोन आया। कहा कि मैं ब्लाक से बात कर रहा हूं। किसान योजना के तहत आपके एकाउंट में रुपए डालने हैं। एक एप देता हूं जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर लें। उसके कहे अनुसार मैंने एप डाउनलोड कर लिया। एप डाउनलोड करते ही मेरे बैंक आफ इंडिया चिरकुण्डा शाखा एवं बैंक ऑफ बड़ौदा चिरकुंडा शाखा के खाते से दो किस्तों में करीब दो लाख रुपए निकासी कर ली गयी। मैंने तुरंत इसकी सूचना बैंक प्रबंधक को दी। इसके बाद साईबर सेल धनबाद में शिकायत दी है। मगर कहा गया कि स्थानीय थाना में शिकायत करें। उसके बाद मैं कुमारधुबी ओपी पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई। इस बीच दूसरे दिन मेरे बैंक आफ बड़ौदा के खाते से दो किस्तों में 41 हजार पांच सौ रुपए निकाल लिये गये।

### डिनोबली स्कूल, सिंदरी मामले में पुलिस जांच शुरू

सिंदरी। सिंदरी के प्रतिष्ठित स्कूल डिनोबली स्कूल सिंदरी में आठवीं कक्षा के छात्र द्वारा गन बेचने के मामले में सिंदरी पुलिस हरकत में आ गई है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह जांच को कड़ी कदम की ओर ले जा रहे हैं। सिंदरी थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को दिनोबली स्कूल सिंदरी पहुंचकर शिक्षकोंए प्राचार्य सहित अन्य लोगों का बयान दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन ने इसके लिए परिजनों से लिखित आवेदन ले रखा है। हालांकि ऐसी कोई जानकारी प्रबंधन ने गुरुवार को संवाददाताओं को नहीं दी थी। उन्होंने बताया कि जांच क्रम में छात्र और उसके परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी। बताते चलें कि एक वर्ष पूर्व अस्मित आकाश की रहस्यमय मौत पर से आज भी पर्दा नहीं उठ पाया है। इसमें प्रशासन के द्वारा किसी को आरोपित नहीं साबित करने के बाद भी प्रबंधन ने एक छात्रा को स्कूल से बाहर कर दिया था।

## रेलवे पटरी से मिला महिला का शव

बेरमो/गोमिया। गोमिया और बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन के बीच स्वांग पुराना माइन्स के निकट रेलवे पटरी के बीच एक महिला का शव मिला है। उसकी पहचान गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी गैरवाडीह के टोला निवासी दुलारचंद यादव की पत्नी वीणा देवी 45 वर्ष के रूप में हुई हैण उसका नैहर बांध पंचायत के कमल टोला में था। महिला अपने नैहर में ही रहती थी। एक वर्ष से वह अपने नैहर में ही रहती थी। बड़ी बेटी के निधन के बाद उसकी मानसिक स्थिति कमजोर हो गयी थीण बड़ी बेटी 16 वर्ष की थी। दूसरी बेटी 13 वर्ष की हैण वह पिता के साथ गैरवाडीह गांव में रह रही थी। पति दुलारचंद यादव मजदूर हैण वीणा देवी सुबह अचानक अपने नैहर बांध गांव से चली गयी थी। उसके घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। जब रेलवे पटरी पर किसी महिला का शव मिलने की जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे और उसकी शिनाख्त की।

## एक नजर में

### बमबाजी से आउटसोर्सिंग कंपनी में दहशत



पुटकी। पुटकी थाना गोपालीचक कोलियरी से संचालित डी पैच आउटसोर्सिंग कम्पनी जो कोयला और ओ० बी० उत्पादन का कार्य कर रहा है। जिसमे गुरुवार की मध्य रात्रि में अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली व बम चला कर आउटसोर्सिंग कम्पनी में दहशत फैलाने का स्थानीय थाना में हरिहर चौहान जो एस टीजी एशोसीयट प्राली कम्पनी में प्रबन्धक के पद पर कार्यरत ने लिखित शिकायत किया है कि दिनांक- 21/9/23 की रात्रि करीब 11.15 के आस पास पाँच अज्ञात लोगो के द्वारा माईन्स में घुसकर गोली एवं बम चलाया। धटना की सूचना कम्पनी में कार्यरत सुपरवाईजर के द्वारा सूचना दी गई। इस धटना की सूचना थाना को दिया मोके पर थाना प्रभारी रासबिहारी लाल अपने दलबल के साथ धटना पर पहुँच कर जांच पड़ताल में एक हाईवा गाड़ी न0 जेएच 10 सीआर 4237 के शीशा एवं गेट पर गोली का निशान व दो जिंदा सुतरी बम बरामद किया गया है।

### बोकारो : म्यूजिक वीडियो हुआ रिलीज



बोकारो। स्थानीय युवा कलाकारों द्वारा बोकारो में ही फिल्माए गए म्यूजिक वीडियो रेत को संगीत कंपनी जी म्यूजिक ने रिलीज किया। गीत के गायक एवं संगीत देने वाले विकास रंजन कर्मकार ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि दो वर्षों की कड़ी मेहनत से उनकी टीम ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इस गाने का फिल्मांकन बोकारो रेलवे फाटक ब्रिज होटल हंस रीजेन्सी बोकारो क्लब रोड सिटी सेंटर सेक्टर 5 रोड सेक्टर 11 रोड गरगा डैम आदि लोकेशन पर फिल्माया गया है। विकास ने इसकी धुन तैयार की व अपनी आवाज दी एवं अलादीन के साथ इसकी लिरिक्स भी लिखी है। म्यूजिक अरेन्जमेन्ट त्रयक्ष भट्टाचार्जी ने गिटार पर शुभोदीप गुहा तथा ढोलक और तबले पर इन्द्रनील मित्रा ने संगत की। मिक्सिंग मास्टर साजिद अहमद एवं आडियो प्रोडक्शन हेड की भूमिका मृत्युंजय भट्टाचार्जी ने निभाई। वहीं निर्देशक अभिषेक कुमार सिंह फिल्मांकन निर्देशक सम्राट सैमी वीडियो प्रोडक्शन में जयदेव पाटिल एडिटर निशांत सागर तथा असिस्टेंट कैमरामैन के रूप में शुभम मेहता ने काम किया है।

## बोकारो : डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



बोकारो। उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं डीडीसी कीर्ती श्री ने डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी का जायजा लिया। उन्होंने क्रमवार लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं को देखा एवं जिले के छात्र.छात्राओं को अध्यापन कार्य में ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके इसे लेकर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा.निर्देश दिया। मौके पर रीडिंग हॉल में अध्ययन कर रहे कुछ छात्र छात्राओं से संवाद भी किया। द्वय पदाधिकारियों ने छात्र.छात्राओं की सहूलियत को लेकर डिस्कशन रूम में बनाए गए कैफेटेरिया का भी मुआयना किया। मौके पर डीपीआरओ राहुल भारती जिला खेल पदाधिकारी हेमलता जिला सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार डीपीएम प्रकाश रंजन सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी व छात्र.छात्राएं उपस्थित थे। लाइब्रेरी में लिफ्ट आरओ वॉटर एवं 07 हजार से ज्यादा सामान्य एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तक उपलब्ध हैं। जिले के विभिन्न विद्यालयोंध्कॉलेजों एवं विभिन्न शैक्षणिकध्कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत छात्र.छात्राएं डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी का सदस्य बन सकते हैं।

## माहुरी समाज कतरास ने लगाया रक्तदान शिविर

कतरास। माहुरी वैश्य मंडल कतरास की उपाध्यक्षया शालिनी सेठ की अध्यक्षता में अगामी 28/9/23 दिन गुरुवार को माहुरी वैश्य मंडल और माहुरी वैश्य महिला समिति के सयुंक्त तत्वधान में होने वाले रक्तदान शिविर के सफल आयोजन करने के लिए माहुरी समाज भवन कतरास में एक बैठक रखी गई। माहुरी समाज के सचिव नीरज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष माहुरी समाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 76 यूनिट संग्रह किया गया था। लोगों की जागरूकता को देखते हुए इस बार यह आंकड़ा 100 पार करने की पूर्ण संभावना है। बैठक में इस कार्यक्रम के संदर्भ में सभी समाज बन्धुओं ने अपनी अपनी परामर्श दिया और इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या मेंआने के लिए लोगों को प्रेरित करने के बारे में विचार रखें।

### करम महोत्सव 27 को

बोकारो। झारखण्ड सांस्कृतिक मंच की बैठक में करम जावा परब महोत्सव मंच के मुख्य संस्थापक स्व राजेन्द्र महतो के स्मृति में चास पुरुलिया रोड स्थित दीपांजलि पैलेस में 27 सितंबर को करम महोत्सव मनाया जाएगा।


## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

### (अतिअल्पकालिक ई०निविदा आमंत्रण सूचना)

ई-निविदा सूचना संख्या – 34/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | हण्टरगंज | खुट्टीकेवाल खुर्द | गेपालपुर | Construction of New facilities Proposed Infrastructure, Campus Development of College Campus for Ram Narayan Memorial College at Hunterganj, Chatra-Group A-Science Block, Canteen, Main Gate and Campus Development | 49766544 | 10000 | 498000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25/09/2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 26.09.2023 से 03.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 04.10.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नही जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 307562 District(23-24)#D


## गुड टच-बैड टच को लेकर बच्चों को किया जागरूक

सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता




राजगंज। राजगंज उच्च विद्यालय एवं बिरसा मुंडा शिशु निकेतन धवाचिता में बाल विवाह एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत एक सेमिनार का आयोजन झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट, द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। सेमिनार में विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षको ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ लिया । छात्रों एवं शिक्षको को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष प्रो0 शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह को समाप्त करने के लिए सभी वर्गो को आगे आना होगा।आज हम जितने लोग उपस्थित है हम सबको संकल्प लेना होगा की बाल विवाह न करेंगे न किसी को करने देंगे। श्री रवानी ने आगे कहा की बच्चे हमारे समाज के भविष्य है इनके साथ पूरा सिस्टम खड़ा है।जागरूकता से ही समाज से बाल विवाह एवं यौन हिंसा से बचा जा सकता है।

### बाल यौन शोषण बचाव के बताये उपाय

प्रो शंकर रवानी ने बच्चों से सीधे संवाद करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बाल यौन शौषण से बचने के उपाय को बताया। प्रो0 रवानी ने गुड टच एवं बेड टच की जानकारी बच्चो को उदाहरण देकर बताया ।उन्होंने बाल विवाह अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम 2012 की विस्तृत जानकारी दी। समाजसेवी नीलकंठ रवानी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त समाज बनाने के लिए पूरे ईमानदारी से झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट कार्य कर रही है। धनबाद जिला के 150 गांव में सघन दौरा कर जन जन तक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही। उन्होंने कहा की सभी हितधारकों को मिलकर इस कुरीति को मिटाने के लिए आवाज बुलन्द करने की आवश्यकता है।


## समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)
## कार्यालय–जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा
Email-dcpsgarhwa@gmail.com

"आम सूचना"



बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार

नाम :- अनुपम कुमार
लिंग :- बालक
पिता :- अज्ञात
माता :- विछिप्तमहिला (अज्ञात)
रंग :- गोरा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, गढ़वा के पत्रांक–103 दिनांक–20.05.2023 से संदर्भित पत्र के आलोक में दिनांक–21.12.2022 को पूर्वाह्न 8:30 बजे सदर अस्पताल, गढ़वा से प्राप्त नवजात शिशु (बालक) को बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् दत्तक ग्रहण संस्थान करूणा, रॉची में संरक्षित किया गया है।

एत्तद द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अन्दर यदि कोई अन्य बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा मे सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा प्रस्तुत करने के दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा एवं दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2022 के नियम 6 के उपनियम 13 के अन्तर्गत उक्त शिशु को विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कर दिया जाएगा।

कार्यालय पता :-
जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, गढ़वा,कचहरी परिसर के सामने।
समाज कल्याण, समाहरणालय, गढ़वा। संपर्क नं0–9470396473, 6200118854,

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 307518 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D


## स्वच्छ भारत का संकल्प पूरा करने को सभी आगे आयें : नगर आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का मिशन तब सफल होगा जब हम सभी इस अभियान के प्रति जागरूक रहेंगे।इस मिशन को सफल बनाने के लिए धनबाद नगर निगम अभियान चलाती रही है। कतरास अंचल के सूर्य मंदिर कतरी नदी धाट में भारतीय स्वच्छता लिग सेशन- 2 की शुरूआत की गई। इस मौके पर निगम के अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर कचड़ा मुक्त शहर बनाने में समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। मीडिया से बात करते हुए नगर आयुक्त सतेन्द्र कुमार सिंह ने कहा स्वच्छ भारत अभियान में नौजवानों को जोड़ने का काम किया जा रहा है उन्होंने कहा 2026तक देश को कचड़ा मुक्त बनाना है। नगर आयुक्त ने कहा निगम के हर वार्ड में फार्मिंग और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हो रहा है। नगर आयुक्त ने कहा इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने सूर्य मंदिर कतरी नदी पर रिवर साइड के सौंदर्य करण कराने की बात कही।

## धर्म प्रदर्शन नहीं, दर्शन के लिए होता है : गौरव कृष्ण पाठक

चिरकुंडा। चिरकुंडा स्थित अग्रसेन भवन में सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान कथा के छठवें दिन शुक्रवार को गौरव कृष्ण पाठक महाराज ने कहा कि वर्तमान युग धर्म जागरण का है। धर्म प्रदर्शन के लिए नहीं,दर्शन के लिए होता है। धर्म समाज को चैतन्यता प्रदान करता है।धर्म में पाखंड नहीं,सेवा और परमार्थ का भाव होना चाहिए। भारतीय सनातन संस्कृति परंपराओं और मयार्दाओं से जुड़ी है। परमात्मा के साथ प्रकृति भी पूजनीय है। रुक्मिणी विवाह नारी के आत्म सम्मान की रक्षा और उसके प्रति मंगल भाव का सूचक है। भगवान अपने भक्तों पर कृपा की वर्षा करने में देर नहीं करते हैं।

भागवत कथा के माध्यम से महारास एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंगों की व्याख्या की गई । कथा में रुक्मिणी विवाह के लिए भवन को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया।रुक्मिणी विवाह के जीवंत उत्सव को देख हजारों श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। भक्तों ने पूरे जोश में डांडिया नृत्य किया।

## 34वीं प्रांतीय खेलकूद : एथलीटों का उम्दा प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। कल्याण केन्द्र सिंदरी में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिंदरी द्वारा आयोजित 34 वीं प्रांतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता में छात्र छात्रा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनके परिणाम 100 मी बाल वर्ग बहन दौड़ में राजकमल सविमं की तृषा सेन प्रथम सविमं गुमला की अंजली कुमारी द्वितीय और सविमं कुम्हारटोली हजारीबाग की शिल्पी रानी तृतीय रहीं। 3000 मी बाल वर्ग बहन दौड़ में सिनीडीह की श्वेता कुमारी प्रथम झुमरीतिलैया की बिंदु कुमारी द्वितीय और राजकमल सविमं की एस अनंता तृतीय रहीं। 400 मी बाल वर्ग बहन बाधादौड़ में राजकमल धनबाद की लवली कुमारी प्रथमए कुम्हारटोली हजारीबाग की नंदनी कुमारी द्वितीय सीनीडीह की मेघा रानी तृतीय स्थान पर रहीं। भालाफेक 500 ग्राम बहन बाल वर्ग में सविमं सिसई की कांति ओराउ प्रथमए रजरप्पा प्रोजेक्ट की परी कुमारी द्वितीय और बागबेरा जमशेदपुर की आरती बास्की तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेक 3 केजी बहन किशोर वर्ग प्रतियोगिता में सविमं सिसई की कांति ओराउ प्रथमए झुमरीतिलैया की मुस्कान कुमारी द्वितीयए सविमं रतनपुर टुंडी की प्रियंका सोरेन तृतीय स्थान प्राप्त कीं। बाल वर्ग भैया 100 मी दौड़ प्रतियोगिता में राजकमल धनबाद की वेद प्रकाश शर्मा प्रथमए सविमं बसिया के सुशांत उरांव द्वितीय और लोहरदगा के कमलेश उरांव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बाल वर्ग भैया 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सविमं बसिया के सुशांत उराव प्रथम राजकमल के निशांत कुमार यादव द्वितीय तथा सविमं बाघमारा के सक्षम कुमार गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। बाल वर्ग छात्र लंबी कूद प्रतियोगिता में सविमं बसिया के कमलेश उरांव प्रथम झुमरीतिलैया के अभिषेक कुमार द्वितीय और मधुपुर के सत्यम कुमार तृतीय स्थान पर रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार।

### आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अंतर्गत जिनके द्वारा अबतक अपने घरो का स्वनिर्धारण प्रपत्र (SAF) एवं अपने आवासिय तथा व्यवसायिक मकानो/प्रतिष्ठानों का बकाया होल्डिंग ट्रेक्स, ट्रेड लाईसेस एवं जल कर (Water Tax) जमा नहीं किया गया है, वैसे नागरीक अपने–अपने सभी बकाया करों का भुगतान दिनांक 30.09.2023 तक नगर पंचायत, लातेहार के जनसुविधा केन्द्र या जनसुविधा केन्द्र के तहसीलदार को बुला कर दें। बकाया होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने पर खाता फ्रिज करने की प्रक्रिया अपनाई जायेगी एवं जलकर की राशि जमा नहीं करने पर संबंधित पर सर्टिफिकेट केस करने की प्रकिया अपनाई जा रही है। साथ ही वैसे व्यवसायिक प्रतिशठान जिनके द्वारा अबतक व्यवसाय संचालन से संबंधित ट्रेड लाईसेंस नहीं बनवाया गया या पुर्व में बनाये गये ट्रेड लाईसेंस का नवीकरण नहीं कराया गया है तो दिनांक 30.09.2023 तक संबंधित कार्य पूर्ण करना सूनिश्चित की जाय। ज्ञातव्य हो की उपरोक्त निर्धारित अवधि के अंतर्गत यदि बकाया सभी प्रकार के करो (TAX) एवं ट्रेड लाईसेंस का निबंधन/नवीकरण नहीं कराया जाता है, साथ ही नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे मकान का अविलम्ब नक्शा पारित कराना सूनिश्चित करेंगे अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत आपके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी। साथ ही बिना ट्रेड लाईसेंस के संचालित किये जाने वाली व्यवसायिक प्रतिशठानों को जॉच करते हुए सील (संचालन बंद करना) करने की कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सूचित किया जाता हैं कि जिन होल्डिंग धारको का अपने–अपने होल्डिंग में किसी भी प्रकार की त्रुटि या टैक्स से संबंधित अन्य मामला लंबित हो तो जन सूविधा केन्द्र में होल्डिंग टैक्स की राशि जमा करते हुए सुधार की जा सकती है। किसी भी प्रकार के कर (TAX) को जमा करने हेतु निम्नांकित जनसुविधा केन्द्र, लातेहार के तहसीलदार को बुलाकर जमा किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नवत हैं :-

सर्म्पक सूत्र – अदित्य कुमार, T.L (9905900425)
सोनु कुमार, T.C (6203467373)
बिरसा उरांव, T.C (7004793011)

प्रशासक
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 307475 Urban Development(23-24)D

## प्रतिभा पलायन में तेजी

उदारीकरण के तीन दशक बाद भी भारतीय उद्योग जगत की विश्व में सबसे हलकी पदछाप है। 112 वर्ष पुरानी बिग ब्लू या 131 साल पुरानी जीई के मामले में सही हो सकती है। लेकिन जरा फांग (फेसबुक, एमेजॉन, ऐपल, नेटफ्लिक्स और गूगल) पर विचार कीजिए जिनके संस्थानों का भारत में दबदबा है। इनमें एक को छोड़कर बाकी सब मध्य वय में प्रवेश कर चुकी हैं। इनमें ऐपल 47 वर्ष की है जो निश्चय ही एमेजॉन 29, नेटफ्लिक्स 26 और गूगल 25 से बड़ी है। फेसबुक सिर्फ 19 साल की है। रिलायंस, 50 वर्ष , देश में सबसे ताकतवर दिग्गज है। टीसीएस और इन्फोसिस का अपने बिजनेस मॉडल के कारण व्यापक वैश्विक कामकाज है, दोनों क्रम से 55 और 42 साल की हैं। 68 साल पुराने सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक की विदेश में शाखाएं हैं पर उसे भी अंतरराष्ट्रीय वित्त में बड़ा खिलाड़ी या वित्तीय पेशेवरों के लिए पसंदीदा बैंक नहीं माना जा सकता। अगर भारत के सर्वश्रेष्ठ और सबसे मेधावी अब भी विदेशी निगमों में रोजगार को प्राथमिकता देते हैं, चाहे वह भारत हो या विदेश, तो देश का धनाढ्य वर्ग भी अपनी सरजमीं छोड़ने में पीछे नहीं है। इस साल जून में आई हेनली प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2023 में 6500 करोड़पतियों के भारत छोड़ने की संभावना है। यह पिछले साल भारत छोड़ने वालों के 7,500 के आंकड़े से थोड़ा कम है। वे क्यों भारत छोड़ रहे हैं? महत्त्वपूर्ण बात यह है कि और भी ज्यादा निवेशक सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तथा जलवायु परिवर्तन के असर के कारण अपने परिवारों को भारत से निकालकर विदेश ले जाने पर विचार कर रहे हैं। देश की भावी प्रतिभा यानी उनके बच्चे भी भारत छोड़ रहे हैं और इसकी संभावना कम ही है कि विदेश में शिक्षा हासिल करने के बाद वे स्वदेश लौट आएंगे।

## ग्रामीण भारत की समस्या

भारत को उस समय सोने की चिड़िया कहा जाता था। वैश्विक व्यापार एवं निर्यात में भारत का वर्चस्व था। पिछले लगभग 5000 सालों के बीच में ज्यादातर समय भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था रहा है। उस समय भारत में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता अपने चरम पर थी एवं कृषि उत्पाद विशेष रूप से मसाले आदि भारत से लगभग पूरे विश्व में पहुंचाए जाते थे। भारत में ब्रिटिश एंपायर के आने के बाद (ईस्ट इंडिया कम्पनी- 1764 से 1857 तक एवं उसके बाद ब्रिटिश राज- 1858 से 1947 तक) विदेशी व्यापार में भारत का पराभव का दौर शुरू हुआ एवं स्वतंत्रता प्राप्ति तक एवं कुछ हद तक इसके बाद भी यह दौर जारी रहा है। आज भी देश में 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामों में निवास करती है और अपने रोजगार के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। भारत अभी भी कृषि प्रधान देश ही कहा जाता है परंतु फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का हिस्सा लगभग मात्र 16-18 प्रतिशत ही है। कृषि जनगणना 2015-16 के अनुसार, भारत में लघु एवं सीमांत किसानों की संख्या 12.563 करोड़ है। देश में 35 प्रतिशत किसानों के पास 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन है। जबकि, 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टेयर से कम जमीन है और 87 प्रतिशत किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। आमदनी के लिहाज से 0.4 हेक्टेयर से कम जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 8,000 कमाते हैं और 1 से 2 हेक्टेयर के बीच जमीन वाले किसान औसतन सालाना रुपए 50,000 कमाते हैं। देश मे लघु और सीमांत किसानों की न केवल आय कम है, बल्कि इनके लिए कृषि एक जोखिम भरा कार्य भी है। इसके चलते ग्रामों में प्रति व्यक्ति आय बहुत ही कम है इस कारण गरीबी की मात्रा भी शहरों की तुलना में ग्रामों में अधिक दिखाई देती है।

# संपूर्ण क्रान्ति आंदोलन से सबक ले विपक्ष







- पंकज श्रीवास्तव

> लोकनायक जयप्रकाश नारायण लोहिया के परम मित्रों में थे। दोनों ने साथ-साथ मिलकर अपनी वैज्ञानिक समाजवादी विचारधारा को किसानों-मजदूरों, छात्रों- युवाओं, बुद्धिजीवियों-संस्कृतिकर्मियों के समाजवादी आंदोलन में रूपांतरित किया था।1974-77के दौरान जब जेपी लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे,तो उन्होंने लोहिया के सप्त क्रांति को अपने संपूर्ण क्रांति में विस्तार दिया।

स्वतंत्र भारत में पहले आम चुनाव 1952 में हुए थे,लेकिन डॉ राममनोहर लोहिया 1963तक सांसद नहीं थे। लेकिन,वह विपक्ष के सबसे कद्दावर नेता थे। शब्दों में उनकी टिप्पणियां कभी-कभार व्यक्तिगत आक्षेप दिखती थीं। लेकिन,सार्वजनिक जीवन का हर शख्स जानता,समझता था कि उनका विरोध सैद्धांतिक होता था, व्यक्तिगत नहीं।

1962में डॉ राममनोहर लोहिया ने फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में पं. जवाहर लाल नेहरू को चुनौती दी। लेकिन,हार गए।1963में फरुर्खाबाद लोकसभा क्षेत्र से उपचुनाव जीतकर लोहिया पहली बार सांसद बने। सामाजिक आर्थिक विषमता के मुद्दे पर पिछड़ावाद के प्रणेता तो वह थे ही,'तीन आना बनाम तेरह आना' की उनकी टिप्पणी ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक मुद्रा अपनाने के लिए बाध्य किया था।

लोहिया ने व्यावहारिक और तात्कालिक राजनीति के लिए गैर-कांग्रेसवाद का नारा बुलंद किया,तो व्यापक संदर्भों में सप्त क्रांति की परिकल्पना की,जिसे निम्नवत शब्दबद्ध किया जा सकता है-

1. नर-नारी की समानता के लिए।
2. चमड़ी के रंग पर रची राजकीय, आर्थिक और दिमागी असमानता के विरुद्ध।
3. संस्कारगत, जन्मजात जातिप्रथा के खिलाफ और पिछड़ों को विशेष अवसर के लिए।
4. परदेसी गुलामी के खिलाफ और स्वतन्त्रता तथा विश्व लोक-राज के लिए।
5. निजी पूँजी की विषमताओं के खिलाफ और आर्थिक समानता के लिए तथा योजना द्वारा पैदावार बढ़ाने के लिए।
6. निजी जीवन में अन्यायी हस्तक्षेप के खिलाफ और लोकतंत्री पद्धति के लिए।
7. अस्त्र-शस्त्र के खिलाफ और सत्याग्रह के लिये।

लोहिया जीवंत, जाग्रत लोकतंत्र में सजग, सचेत,सक्रिय नागरिक की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते थे।वह कहते थे- जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण लोहिया के परम मित्रों में थे। दोनों ने साथ-साथ मिलकर अपनी वैज्ञानिक समाजवादी विचारधारा को किसानों-मजदूरों, छात्रों-युवाओं, बुद्धिजीवियों-संस्कृतिकर्मियों के समाजवादी आंदोलन में रूपांतरित किया था।1974-77के दौरान जब जेपी लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे,तो उन्होंने लोहिया के सप्त क्रांति को अपने संपूर्ण क्रांति में विस्तार दिया।

जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं- लोहिया के कथन को प्रतिनिधि वापसी के अधिकार की मांग के रूप में प्रतिध्वनित किया। बिहार के छात्र-युवा आंदोलन का नेतृत्व जेपी ने अप्रैल,74 में ग्रहण किया और इसे एक व्यापक जनांदोलन का स्वरूप दिया।इसके पहले गुजरात में छात्र-युवा आंदोलन हो चुका था। दिसंबर,1973में गुजरात में चिमन भाई पटेल कांग्रेसी सरकार का नेतृत्व कर रहे थे।मोरबी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के हॉस्टल खर्च में एकबारगी 20%की वृद्धि के खिलाफ छात्रों ने आंदोलन शुरू किया।यह आंदोलन गुजरात में कालेज-दर-कालेज, शहर-दर-शहर विस्तृत होता गया और नवनिर्माण आंदोलन का विस्तार पा गया। चिमनभाई पटेल मुख्यमंत्री की हैसियत से इसको ठीक से नियंत्रित नहीं कर पाए।नतीजा,कई छात्र-युवा आंदोलनकारियों पर लाठी-गोली चली, गिरफ्तारियां हुई। 80से ज्यादा लोग पुलिस फायरिंग में मारे गए,3000से ज्यादा लोग घायल हुए, हजारों लोगों ने गिरफ्तारियां दीं।पहले चिमनभाई पटेल सरकार के इस्तीफे की मांग हुई और बाद में गुजरात विधानसभा भंग करने की मांग ने जोर पकड़ लिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 9फरवरी,1974को चिमनभाई पटेल का इस्तीफा लेकर राष्ट्रपति शासन तो लागू कर दिया लेकिन विधानसभा भंग नहीं किया।विपक्षी दलों के विधायकों ने विधानसभा भंग करने की नवनिर्माण आंदोलन की मांग के समर्थन में विधायकी से इस्तीफा का सिलसिला शुरू कर दिया।यही नहीं, विधानसभा भंग करने की मांग के समर्थन में 12मार्च,1974 से मोरारजी देसाई ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का तर्क था कि आंदोलनों की मांग पर विधानसभाओं को भंग करने की व्यवस्था संविधान में नहीं है। जनांदोलन की मांग पर गुजरात विधानसभा भंग करने का तात्पर्य होगा-राष्ट्रीय स्तर पर हर प्रदेश में ऐसी मांगों को आमंत्रित करना। लेकिन,मोरारजी देसाई सहित नवनिर्माण आंदोलन के आंदोलनकारियों का तर्क था कि गुजरात विधानसभा अब जनभावना और जनाकांक्षा का प्रतिनिधित्व नहीं करती- इसलिए इसे भंग किया ही जाना चाहिए।12मार्च से आमरण अनशन पर बैठे मोरारजी देसाई की मांग ने राष्ट्रव्यापी ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक ध्यान आकर्षित किया था और इंदिरा गांधी सार्वजनिक आलोचना की शिकार हुईं। अंततोगत्वा,15मार्च,1974को केन्द्र सरकार ने गुजरात विधानसभा को भंग करने का निर्णय लिया और इंदिराजी ने अपने हाथों से मोरारजी देसाई को संतरे का रस पिलाकर उनका आमरण अनशन तुड़वाया। लेकिन,यह कहने से नहीं चूकीं कि नवनिर्माण आंदोलन की मांग संविधान सम्मत नहीं है और भविष्य में कई सांवैधानिक संकटों को आमंत्रित करेगा।

...और,यह भी कि केन्द्र सरकार का यह फैसला वरिष्ठ गांधीवादी मोरारजी देसाई के व्यक्तित्व और कृतित्व के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है। केन्द्र सरकार इस तथ्य को मानती और समझती है कि मांग न माने जाने पर मोरारजी देसाई आमरण अनशन तोड़ने से रहे,वह मृत्यु का वरण ही करते।यहां,यह याद करना प्रासंगिक होगा कि एम ओ मथाई ने अपनी पुस्तक में मोरारजी देसाई के व्यक्तित्व पर टिप्पणी करते हुए लिखा-आप कुतुबमीनार के छत पर गांधी टोपी रख दीजिए, मोरारजी देसाई को वैसा ही अडिग समझ लीजिए,अपनी बात से टस से मस नहीं हो सकते।

गुजरात के नवनिर्माण आंदोलन के दबाव में 15मार्च,1974को गुजरात विधानसभा भंग किए जाने के बाद बिहार के छात्र-युवाओं ने नारा बुलंद किया था- गुजरात की जीत हमारी है,अब बिहार की बारी है।

### खास बात

## शब्द ब्रम्हा

**मुकुंद**

हाल ही में तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की है। रामभद्राचार्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुले मंच से सनातन धर्म का पक्ष लेकर अपनी विजय निश्चित कर ली है। वैसे भी जो सनातन धर्म का पक्ष लेता है वह कभी हारता नहीं। इस ब्रह्म वाक्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केंद्रित नई पुस्तक 'मोदीः द चैलेंज ऑफ 2024झद बैटल फॉर इंडिया' सुर्खियों में है। इसमें 2014 से अब तक की उपलब्धियों का आकलन है। इसके लेखक मिन्हाज मर्चेंट ने 2012 के बाद मोदी के साथ हुई अपनी मुलाकातों का हवाला देते हुए 2024 के ऐतिहासिक लोकसभा चुनाव से पहले आर्थिक सुधारों, भू-राजनीति, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र पर प्रधानमंत्री की सोच को समझने की कोशिश की है। इसका प्रकाशन अमेरीलिस ने किया है। इस किताब में यह समझने की कोशिश की गई है क्या संयुक्त मोर्चा पेश करने की विपक्ष की रणनीति भाजपा के चुनावी रथ को पटरी से उतार सकती है। मर्चेंट कहते हैं कि यह किताब मोदी की जीवनी नहीं है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के पांच साल के दो कार्यकाल पर केंद्रित है। मर्चेंट ने लिखा है-पिछले नौ वर्षों में मोदी एक राज्यस्तरीय नेता से एक राष्ट्रीय नेता, एक समर्पित नेता और अंततः एक वैश्विक नेता बन गए हैं। ऐसा करने में मोदी ने वाजपेयी की रणनीति (चुनाव में कट्टर हिंदुत्व योद्धा, गरीब समर्थक मसीहा और विदेश में शांति वैश्विक राजनेता) का उपयोग किया है।इसका किताब का यह अंश खास है-हम चुनाव प्रचार रैलियों में मोदी का उग्र रूप देखते हैं, जिसमें एक मसीहा जैसा स्पर्श भी होता है, वह जी-20 के नेता के रूप में वैश्विक मामलों में एक राजनेता जैसी भूमिका भी निभाते हैं।लेखक मिन्हाज मर्चेंट का मानना है कि 2024 का लोकसभा चुनाव अगले दशक के लिए भारतीय राजनीति की दिशा तय कर सकता है। भारत 2026-27 तक अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। 2024 एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो सकता है।

## कामनाओं का नियंत्रण

### विचार-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**शिथिल** एवं अधूरी कामनाएँ भी अशांति का एक कारण होती हैं। शिथिल कामना वाला व्यक्ति थोड़ा-सा प्रयत्न करके बड़ी उपलब्धि चाहने लगता है, और जब उसको नहीं पा सकता तो समाज अथवा परिस्थितियों को दोष देकर जीवनभर असफलता के साथ बँधा रहता है।

अपनी स्थिति के परे की कामनाएँ करना, अपने को एक बड़ा दण्ड देने के बराबर है। मोटा-सा सिद्धांत है कि ह्रअपनी शक्ति के बाहर की गई कामनाएँ कभी पूर्ण नहीं हो सकतीं और अपूर्ण कामनाएँ हृदय में काँटे की तरह चुभा करती हैं।₹ मनुष्य को अपने अनुरूप, अपने साधनों और शक्तियों के अनुसार ही कामना करते हुए अपने पूरे पुरुषार्थ को उस पर लगा देना चाहिए। इस प्रकार एक सिद्धि के बाद दूसरी सिद्धि के लिए पूर्व सिद्धि और उपलब्धियों का समावेश कर आगे प्रयत्न करते रहना चाहिए। इस प्रकार एक दिन वह कोई बड़ी कामना की पूर्ति भी कर लेगा।

निस्संदेह कामनाएँ मनुष्य का स्वभाव ही नहीं आवश्यकता भी है, किंतु इनका औचित्य, नियंत्रण, दृढ़ और प्रयत्नपूर्ण होना भी वांछनीय है। तभी यह जीवन में अपनी पूर्ति के साथ सुख-शांति का अनुभव दे सकती हैं अन्यथा अनियंत्रित एवं अनुपयुक्त कामनाओं से बड़ा शत्रु मानव-जीवन की सुख-शांति के लिए दूसरा कोई नहीं है।

ये बढ़िया राजनीति है...महात्मा गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, राम मनोहर लोहिया की तस्वीर लगाकर लौंडा नाच करवाइए और बेटे के साथ बैठकर देखियेङ्क गांधीजी और अंबेडकर जी आज होते तो शर्म से आंखें नीची कर लेते, लेकिन परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों के लिये ये सब ठीक काम है?

– बाबू लाल मंराडी, भाजपा

### आपके ट्वीट

देश के शोषित और वंचित समाज के लोगों के लिए सामाजिक न्याय और सामाजिक सुरक्षा वास्तविकता से कोसों दूर।

–हेमंत सोरेन, सीएम





नए संसद भवन की भव्यता आधुनिक भारत का प्रतीक है, जिसमें हमारे इंजीनियर से लेकर कामगारों तक का पसीना लगा है। सभी श्रमयोगियों को मेरा हृदय से नमन। नई संसद में स्थापित पवित्र सेंगोल हमारी एक बहुत बड़ी विरासत है। –नरेन्द्र मोदी, पीएम

## महाश्वेता देवी ने पूरे जीवन समझा आदिवासियों का मर्म

**कृपाशंकर चौबे**

**आदिवासियों** के बीच उन्होंने 1965 में काम शुरू किया था और मृत्यु पर्यंत उनके कल्याण के लिए संघर्षरत रहीं। उनकी लड़ाई मैक्लुक्सीगंज से आरंभ हुई थी। 1965 से 1975 तक हर वर्ष दो-तीन बार वे मैकलुक्सीगंज जाती थीं। महाश्वेता आदिवासियों की पीड़ा देखतीं तो उनके जंग में शामिल हो जातीं। 1981 में रामेश्वरम और दूसरे साथियों के साथ मिलकर पलामू के सेमरा गांव में बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराने के लिए महाश्वेता ने बंधुआ मुक्ति समिति बनाई थी। मजदूरों का उसी वर्ष सम्मेलन आयोजित किया था।

महाश्वेता देवी भाषा शोध और प्रकाशन केंद्र के न्यौते पर वेरियर एलिन स्मृति व्याख्यान देने 14 मार्च 1998 को बदौड़ा गई थी। वहां से लौटकर इन पंक्तियों के लेखक को वहां का वृतांत सुनायाः वहां व्याख्यान का विषय था ह्यभारत में अपराधी आदिवासीह्ल। अधिसूचित आदिवासियों के बीच मैं 1978 से ही काम कर रही हूं। इसीलिए व्याख्यान देने का न्यौता कबूल किया। यह भी सही है कि जन आदिवासियों को 1871 में ब्रिटिश सरकार ने अपराधी आदिवासियों के रूप में अधिसूचित किया और जिन्हें 1952 में भारत सरकार ने गैर अधिसूचित किया उन पर मैं अधिकारपूर्वक कुछ कह सकती हूं। पश्चिम बंगाल के लोधा शबर, खेड़िया शबर कभी अपराधी आदिवासी के रूप में अधिसूचित हुए थे, उसी कारण आज वे न्यूनतम मानवाधिकारों से वंचित हैं।

### संस्मरण

पश्चिम बंगाल के आदिवासियों के साथ सरकारी सलूक देख मैं बहुत निराश हूं। राज्य सरकार शबर आदिवासियों को सम्मानपूर्वक जीने नहीं देती। पुलिस और राजनीतिक पार्टियां नहीं चाहतीं कि शबर जिंदा रहें। अपराधी आदिवासी अधिनियम के तहत एक जिले में जिस समूह को अपराधी आदिवासी घोषित किया गया, उसे पड़ोस के जिले में किंतु अपराधी नहीं घोषित किया गया। कहीं कहीं तो उन्हें जाति ही माना गया। पुरुलिया के खेड़िया शबर जन्मोपराधी हैं पर पास के सिंहभूम और रांची के शबर जन्मजात अपराधी आदिवासी नहीं हैं। 1952 में अपराधी आदिवासी अधिनियम को भारत सरकार ने ह्यडिनोटिफाइडह्ल किया फिर भी आईपीएस के प्रशिक्षुओं से कहा जाता है कि वे इन्हें अपराधी आदिवासी ही मानें। इसीलिए बड़ौदा में मैंने कुछ सवाल उठाए। हमारी तरह जो भी सोचने वाले लोग हैं, सबने हमारी मांग का समर्थन किया। इस मांग को पूरा कर ही आदिवासियों के बारे में भारत की स्थाई रूप से बन गई विकृत छवि दूर होगी। बड़ौदा सम्मेलन में यह समवेत मांग हुई कि भारत सरकार बताए कि 1952 में 1871 के अधिनियम को कागज पर खत्म करने का कारण क्या था? और उसी अधिनियम को व्यवहार में जिंदा रखने का कारण क्या है? वह व्यवहार में जिंदा है तभी तो पुलिस को हिटलर की तरह शक्तियां प्राप्त हैं जिससे वह डिनोटिफाइड और नोमेडिक ट्राइब्स को मारती रहती है। बड़ौदा सम्मेलन ने इस बर्बर व्यवहार को फौरन खत्म करने और भारत में सभी गैर अधिसूचित आदिवासियों की सभी मौतों और उनके लापता होने के मामलों की व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए नया कानून बनाने की मांग की। आदिवासियों पर जुल्म ढाने के अपराध में पुलिस को यथोचित दंड देने की मांग भी की गई। इस तरह के मामलों की जांच के लिए राष्ट्रीय जांच आयोग बनाने की मांग भी हुई। ये मांगें पूरी नहीं हुईं तो क्या हम-आप अगली सदी में आदिवासियों की इसी दशा के साथ प्रवेश करेंगे? देश की सर्वोच्च अदालत के सामने यह अहम सवाल है। गैर अधिसूचित आदिवासी आपको एक जिम्मेदार भारतीय के रूप में अगली सदी में प्रवेश करने का अवसर दे रहे हैं? समाप्त (साभारः लोकमत समाचार )

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## 6 महीने के लिए टाल दिए जाएंगे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव?

**– अतुल मलिकराम**

### सामयिक

जिस तेजी से केंद्र की मोदी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर आक्रामक नजर आ रही है, उससे ये अनुमान लगाना आसान हो गया है कि बहुत जल्द इससे जुड़ी सुगबुगाहट, वास्तविकता का रूप ले सकती है. जिस तरह विशेष संसद के पहले दिन पीएम मोदी ने पुराने संसद में कई भावुक बयान दिए, और नए संसद को 2047 के विकसित भारत से जोड़ते हुए, 75 सालों की यात्रा को एकसाथ मिलकर आगे बढ़ाने की बात कही, उससे उन कयासों को और मजबूती मिल गई है जो अब तक मीडिया और सियासी गलियों में ही गोते खा रहे थे। पीएम मोदी ने जिस तरह इस विशेष सत्र को ऐतिहासिक निर्णयों वाला बताया, बहुत संभव है कि उन्होंने देश को वन नेशन वन इलेक्शन का तोहफा देने का भी मूड बना लिया हो। चूंकि पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में कमेटी का गठन पहले ही किया जा चुका है तो सरकार का पक्ष अपने आप साफ हो जाता है, लेकिन क्या केंद्र के लिए ये सब कुछ इतना आसान होगा?

क्या ऐसी भी कोई सम्भावना है कि केंद्र आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों तक के लिए टाल दे? चूंकि फिलहाल तेलंगाना, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में से सिर्फ मध्य प्रदेश में ही बीजेपी की सरकार है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि केंद्रीय नेतृत्व के भरसक प्रयास को भी प्रदेश में बीजेपी की वापसी के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कुछ पार्टी के अंदरूनी कलेश के कारण और कुछ केंद्र की मेहरबानियों के कारण, और ऐसी स्थिति सिर्फ मध्य प्रदेश में नहीं बल्कि देश के कई राज्यों में बनी हुई है, जहां बीजेपी शासन में है। ऐसे समय में सत्ता पक्ष के लिए सबसे अच्छा यही फामूर्ला हो सकता है कि पहले वन नेशन वन इलेक्शन को प्लेटफार्म पर लाया जाए और फिर राज्यों के विधानसभा चुनावों का समीकरण तैयार किया जाए।

लोकसभा चुनाव 2024 में फिलहाल लगभग 6 महीने से अधिक का समय है यानि इतना ही समय केंद्र के पास भी वन नेशन वन इलेक्शन का मसौदा तैयार करने, लागू करने और प्रदेशों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बनी मतदाताओं की नाराजगी को कम करने का है। क्योंकि फिलहाल केंद्र सरकार, महंगाई, बेरोजगारी, असहिष्णुता जैसे मुद्दों पर घिरी हुई है. और देश का एक बड़ा धड़ा इंडिया गठबंधन के जरिए विपक्षी खेमे में जाता नजर आ रहा है। इन सब से पार पाने का सबसे सटीक तरीका वन नेशन वन इलेक्शन हो सकता है लेकिन इसको धरातल पर लाने वाली मुश्किलों से कैसे पार पाया जाएगा, यह अधिक विचारणीय है. फिर क्या इसके लिए सभी दल राजी हो जाएंगे? लेकिन फिर अन्य राज्यों में चल रही सरकारों का क्या होगा?

यदि राजनीतिक दलों के स्तर पर सब सही भी रहता है तो आप इतने बड़े स्तर पर सरकारी मशीनरी का बंदोबस्त कैसे करेंगे? इसके इतर वोटर आखिर किस मुद्दे पर वोट डालेंगे, चूंकि केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं, और राष्ट्रीय विषयों को प्रदेश व शहर या क्षेत्रीय विषयों से सीधे तौर पर नहीं जोड़ा जा सकता तो एक मतदाता किस आधार पर केंद्र और राज्य सरकारों का चुनाव करेगा? इतना ही नहीं आप क्षेत्रीय पार्टियों के अस्तित्व को फिर कैसे देखेंगे? इसके लिए लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 में विभिन्न संसोधनों और लोकसभा व विधानसभा की प्रक्रियाओं में संसोधन को भी अंजाम देना होगा। लेकिन विधि आयोग के अनुसार इन संसोधनों के लिए राज्यसभा के भी 50 फीसदी मतों की जरुरत पड़ेगी। **(राजनीतिक रणनीतिकार)**

### लेटर टू एडिटर

#### विसंगतियों की शिक्षा

**आर्थिक** मंदी के चलते मध्य वर्गीय परिवार के लिए मोबाइल-कंप्यूटर खरीद पाना बस की बात नहीं है। शिक्षा नीति योजना के संभावित परिणामों पर विचार किये बिना ही लागू कर दी गयी। घर बैठे ऑनलाइन शिक्षा ने लाभ की अपेक्षा अधिकतर विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से कमजोर अवश्य कर दिया है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

**–अनिल कौशिक, रांची**

#### शासन की जवाबदेही

**पुलिस** और आबकारी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मिलीभगत के बिना अवैध शराब का उत्पादन और बिक्री सम्भव नहीं। अनेक मामलों में उच्च स्तर पर सरकारी संरक्षण उजागर हुआ है। बिहार में नशाबंदी लागू कर नीतीश सरकार ने कमाल किया है। आबकारी कर से धन अर्जित करने वाली सरकार का दायित्व है कि उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण शराब उपलब्ध कराये।

**–सुखबीर, जमशेदपुर**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन :95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पलमा गांव में वज्रपात से दो भैंस की हुई मौत, दो घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के पलमा गांव में गुरुवार की रात्रि वज्रपात से दो भैस की मौत हो गई जबकि दो भैंस घायल हो गया। घटना की जानकारी शुक्रवार को दिन के 10:00 बजे देते हुए पशु पालक पूजन गोप ने बताया कि गुरुवार की देर रात सभी पशुओं को चारा देकर गोहार घर में रखा था। जहां रात्रि 11:00 बजे बारिश के क्रम में बज्रपात हुआ। जिससे दो भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही दो पशु घायल हो गयें। पीड़ित ने बताया कि वह अत्यंत गरीब है। साथ ही आंचल प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग की है। मुखिया लोदो एक्का ने कहा कि पीड़ित गरीब किसान है उचित मुआवजा आंचल प्रशासन से दिलाने को लेकर प्रयास करूंगा।

### सड़क मरम्मत कार्य की उपायुक्त से जांच की मांग

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर जिले के पालकोट प्रखंड स्थित पिंजराडीपा से गुड़मा भाया नकटीटोली तक सड़क मरम्मती योजना में प्राक्कलन को ताक पर रखकर बरती गई भारी अनियमितता की जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। श्री उरांव के द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल गुमला द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए के लागत से किया गया है। उक्त सड़क मरम्मती कार्य में भारी गड़बड़ घोटाला की गई है। सड़क का स्थिति देखने से लगता है कि लगभग एक करोड़ से भी ज्यादा राशि का घपला किया गया है जो बगैर विभागीय इंजीनियरों की मिलीभगत के संभव नहीं है।

### महिलाओं की समस्याओं के निदान को लेकर हुई बैठक



**लोहरदगा।** डे-एनयूएलएम योजना अंतर्गत सृष्टि अल्फ की बैठक शास्त्री नगर, ढोढा टोली, वार्ड संख्या-04 में प्रसाशक, नगर परिषद लोहरदगा की अध्यक्षता में की गयी। जिसमे अल्फ से संबंधित दिशा निर्देश दिया गया साथ ही अल्फ में जुड़े समूहों की सदस्यों को अल्फ एवं समूहों की बैठकों में नियमानुसार उपस्थित होने एवं पंच सूत्र का पालन करने, अल्फ में जुडी सभी महिलाओं के निजी समस्याओं का भी निदान करने हेतु प्रशासक के द्वारा चर्चा किया गया कउक्त बैठक में नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार, सामुदायिक संसाधन सेविका एवं अल्फ की महिलाएं उपस्थित थे ।

### भंडरा मे 48 घंटो से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित

**भंडरा।** प्रखंड मे पिछले दो दिनों से हो रही बरसात एव वज्रपात से जन जीवन प्रभावित हुआ है। 21सितंबर की रात में हुए अत्यधिक वज्रपात से कई घरों का बिजली उपकरण जला। वज्रपात के कारण बैंको का इंटरनेट सेवा बाधित हुआ। भंडरा कुंबाटोली निवासी श्रिया लहेरी के घर में बज्रपात हुई। किसी तरह की जान माल का नुकसान नहीं हुआ।स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी अधिक वज्रपात पहले कभी नही हुआ। बज्रपात के कारण लोग अपने घर में भी रह कर एक घंटा तक भय की स्थिति में रहे। बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली की आपूर्ति 20 घंटा बाद शुरू हुई।

### अघोरेश्वर जयंती पर वृद्धाआश्रम में मछरदानी व बेड शीट का किया गया वितरण



**गुमला।** परमपूज्य अघोरेश्वर जयंती के अवसर पर सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह गुमला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रार्थना गृह में प्रातः पूजन,आरती एवं सफलयोनि के पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके पश्चात सूक्ष्म प्रसाद का वितरण धर्मबंधुओं के बीच किया गया। जयंती समारोह के तहत अपराह्न में सिलम स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे अठारह बुजुर्गों के बीच समूह के सदस्यों द्वारा मच्छरदानी एवं बेडशीट का वितरण किया गया। मौके पर समूह की गुमला शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद द्वारा वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो को श्रीसर्वेश्वरी समूह के कार्यवृत्त की जानकारी साझा करते हुए बुजुर्गों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सचेष्ट रहने का सुझाव दिया गया। जयंती समारोह के अवसर पर प्रार्थना गृह में संध्याकालीन अघोरान्ना परोमंत्र संकीर्तन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

### जिले में बढ़ते नशे के कारोबार में अंकुश लगाने की मांग

**गुमला।** प्रदेश कांग्रेस के सचिव रमेश कुमार चीनी ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर जिले में बढ़ते नशे के कारोबार में अंकुश लगाने की मांग की है। श्री कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में गुमला पुलिस ने बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर, अफीम व गांजा सहित कई मादक पदार्थ बरामद किये हैं। जिसे कई युवाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ को जड़ से समाप्त करने के लिए बडे तस्करों व सौदागर को पुलिस को पकड़ना चाहिए ताकि जिले में नशे का कारोबार खत्म हो। उन्होंने कहा कि नशीली पदार्थ को लेकर स्कूल व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। बच्चे नशा कर रहे हैं लेकिन अभिभावक कुछ बता नहीं रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि जागरूकता अभियान में उनकी पार्टी या वे स्वयं भी सहयोग करने को तैयार हैं।

### यासीन अंसारी बने मोमिन कॉन्फ्रेंस के जिला उपाध्यक्ष

**गुमला।** झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिल अली के निर्देश पर गुमला जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए यासीन अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया। मौके अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने कहा यासीन अंसारी को समाज सेवा की बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है। उनसे उम्मीद है कि वे अपनी जिम्मेदारी को बखूबी अंजाम देंगे और अपने समाज के तरक्की के लिए सामाजिक, आर्थिक व राजनतिक माध्यम से मदद करेंगे। मौके पर उपाध्यक्ष यासीन अंसारी ने कहा कि मैं मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला कमेटी का दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाऊँगा।

# परंपरा और संस्कृति को बचाये रखना हमारा कर्तव्य : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

■ मैं आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हूं, और आगे भी समर्पित रहूंगा : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता



मांदर वाद्ययंत्र का वितरण करतें वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

> हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान को लुप्तप्राय होने से बचाने की आवश्यकता है प्रकृति और मनुष्य के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है परंपरा संस्कृति सभ्यता के बिना मानवीय अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है।
> राजू उरांव

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा एवं किस्को प्रखंड मुख्यालय में ग्रामीणों के बीच सैकड़ों मांदर वाद्ययंत्र का वितरण किया गया। वित्त मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में हमें अपनी संस्कृति को संरक्षित करने की जरूरत है, आदिवासी रीति रिवाज, भाषा, संस्कृति, वेशभूषा हमारी पहचान है, इस भाग में हम आदिवासियों का जीवन का आधार प्रकृति पूजा पद्धति, मृत्यु संस्कार, जतरा, विवाह, त्योहार आदि में है। हमारे झारखंड में छोटानागपुर के आदिवासियों के जितने भी गीत और नृत्य के प्रकार हैं रिझवार है, हम आदिवासियों की जीवन शैली समाज संरचना सांस्कृतिक मूल्यों को बरकरार रखने की आवश्यकता है, मांदर झारखंड का प्राचीन और अत्यंत लोकप्रिय वाद्य यंत्र है यह हमारे संस्कृति सभ्यता की पहचान है और हमारे ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्र में समूह गायन में, लयात्मक संगीत के लिए, नृत्य के लिए इसका उपयोग मुख्य तौर पर किया जाता है इसके बिना त्योहार, अखाड़ा, गायन, वादन, नर्तन, झांकी, नाटक का सौंदर्य अधूरा होता है इसलिए हमारे आदिवासी धार्मिक, सांस्कृतिक, को बचाए रखने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण मेरे द्वारा किया जा रहा है। हमारे जिले में हमारे पारंपरिक स्थल अखड़ा की कमी थी जिससे देखते हुए मेरे विधायक मद से युद्ध स्तर पर अखड़ा का निर्माण किया जा रहा है और जिले के लगभग सभी ग्रामों में अखड़ा का निर्माण किया जा चुका है। जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि गठबंधन सरकार वर्तमान में राज्य के चहोमुखी विकास के लिए तत्पर है, सभी वर्गों के सामाजिक विकास के साथ-साथ आधारभूत संरचना का भी विकास जिले एवं राज्य में तेजी से किया जा रहा है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि अजय, निशीथ, प्रदीप, राजू उरांव, संदीप गुप्ता, कुदुस अंसारी, पुनीता उरांव, विशाल डुंगडुंग, सुशील उरांव, असलम अंसारी, कबीर अंसारी,रफीक अंसारी, डोमना उरांव, हरिदास उरांव, सूरज मुंडा, रौनक, कमरूल इस्लाम, हरिदास, कबीर अंसारी, तबरेज अंसारी, नसीम अंसारी, मनीष कुजूर, प्रकाश उरांव, अमृता भगत, तारिक अनवर, आदि उपस्थित थे।

# सभी उप समितियां समन्वय बनाकर करें बेहतर कार्य: दामोदर कसेरा

## माप तौल विभाग का कार्यशाला करने का दिया गया निर्देश

### चेंबर ऑफ कामर्स की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक को संबोधित करते चेंबर अध्यक्ष

**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला की बैठक पालकोट रोड स्थित चैंबर कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके ने की। बैठक का मुख्य एजेंडा परंपरा के अनुसार चेंबर के अधीन उप समितियों का गठन करना था जो किया गया और अध्यक्ष द्वारा इसकी घोषणा की गई। दूसरे एजेंडे में उप समितियों के कार्यशैली के बारे में उनके प्रारूप के बारे में दिशा निर्देश देना था जो विस्तार पूर्वक दिया गया। अध्यक्ष कसेरा ने बताया कि इस बार उप समिति में दो की जगह चार-चार लोगों को जगा दिया गया। इस बार महिलाओं को भी अवसर देते हुए महिला उद्यमिता विभाग का गठन पहली बार किया गया। श्री कसेरा ने कहा कि जितनी भी समितियां बनी है सभी अपने-अपने विभाग में अगली बैठक से पहले कुशलता पूर्व कार्य करें और अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट जमा करें। विशेष रूप से महिला उद्यमिता विभाग को जिसमें प्रभारी ज्योति कुमारी के साथ ललित गुप्ता, सोनी भगत व सुषमा गुप्ता हैं। उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा के सभी उप समितियां अपने-अपने संबंधित विभागों में जाएं कोई भी परेशानी हो तो सीधा चेंबर के पदाधिकारी के संपर्क करें। मौके पर पीआरओ प्रणय साहू और आदित्य गुप्ता ने नगर में चोरी की समस्याएं जो बढ़ती ही जा रही है अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में मुख्य रूप से चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ उपाध्यक्ष राजेश सिंह व अभिजीत जायसवाल, बबलू वर्मा, मुन्नीलाल , प्रणय साहू व आदित्य गुपता, मोहम्मद इम्तियाज, दिनेश कुमार अग्रवाल, अमित महेश्वरी, गुन्नू शर्मा, रितेश गुप्ता, गुरमीत सिंह, संजीव मालानी, प्रतीक अग्रवाल, विजय कुमार दास, अजय कुमार धान के अलावा ललिता, सोनी, शुष्मा, श्याम, कृष्ण कुमार गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# कैरो से रोजगार के लिए दुसरे राज्यों में लोग कर रहे पलायन

खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** किसी भी क्षेत्र की आर्थिक, समाजिक और व्यवसायिक विकास का आंकड़ा उस क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों पर निर्भर करती है। अगर क्षेत्र में आम जनता, किसान व व्यवसायी उसी क्षेत्र में रहकर अपनी जीवन की आर्थिक जरूरतों को पूरा करते हैं तो यह साबित होता है कि उस क्षेत्र में सरकार संचालित योजना सच मायने में जमीनी स्तर पर सफल हो रही है। किंतु अगर क्षेत्र की अधिकांश जनता और किसान अपने व परिवार की भरण पोषण के लिए ईंट भट्ठा व अन्य दूसरे राज्य में मजदूरी करने जाने लगे तो इसका मतलब साफ हो जाता है कि सरकार द्वारा संचालित योजना धरातल पर नही पहुँची है और इतना ही नही बल्कि जनप्रतिनिधियों व सरकारी पदाधिकारियों का उस क्षेत्र के प्रति कोई लगाव नही है यह प्रदर्शित हो जाता है।

कुछ ऐसा ही हाल प्रखंड क्षेत्र का भी दिखाई देता है किसानों का प्रमुख फसल धान की खेती रोपाई नही हो पाने के बाद सढ़ाबे पंचायत अंतर्गत सिर्फ अकेले खरता गांव जहाँ 250 परिवार करीब निवास करते हैं। वहां से 50 से ऊपर युवक युवती केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश जा चुके हैं। वहीं दर्जनों की संख्या में बिहार, दिल्ली, कलकत्ता व अन्य जगह जाकर अपने व अपने परिवार का जीवन यापन करने के लिए पलायन कर चुके हैं। अकेले खरता के वैसे किसान जो बहुत अच्छे से धान व सब्जी की खेती किया करते थे जिनमें बहादुर उरांव, संतोष भगत, मंनोज उरांव, मंगलदेव उरांव, सूरज ठाकुर, राजकिशोर टाना भगत, मुकेश तिवारी, सुरेश दुबे, रबी उरांव, राजेश उरांव, बैजू मुंडा, महाबीर टोप्पो, सोमरे भगत, अनिल उरांव, सिबरानी कुमारी, रेणु कुमारी, जगरानी कुमारी, पिंकी कुमारी सहित न जाने कितने ही ग्रामीण सिर्फ अपने खेत में अच्छा फसल नही होने, बारिश नहीं होने, सरकार द्वारा किसी तरह की कोई व्यवस्था नहीं होने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण गांव छोड़ हजारों किलोमीटर दूर जाकर रोजी रोटी की तलाश करने में लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि पलायान किए लोगों में बहुत का कहना है कि कभी काम मिलता है तो कभी नही भी मिल पाता है। किंतु अपने गांव घरों में किसी तरह का रोजगार नहीं होने और इस बार मौषम की बेरुखी के कारण मुख्य फसल धान की खेती नहीं होने पर जीवन अस्त व्यस्त लगने लगा जिस कारण पलायन करना ही एक मात्र उपाय नजर आ रहा है जिस कारण पलायन करना पड़ा है।

# जमशेदपुर में चिकित्सक के साथ हुए मारपीट को लेकर हड़ताल पर रहे गुमला के चिकित्सक

### सदर अस्पताल के सामने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना पर बैठे चिकित्सक

**गुमला।** जमशेदपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश उरांव के साथ हुए मारपीट करी घटना को लेकर शुक्रवार को झासा व आईएएम के नेतृत्व में गुमला सदर अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर रहे। चिकित्सकों ने कहा कि मारपीट की घटना में शामिल दोषियों पर सरकार व प्रशासन तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करे। गिरफ्तार नहीं होने पर कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। झासा का गुमला जिला अध्यक्ष डॉ. अनूपम किशोर ने कहा कि लंबे समय से चिकित्सक मेडिकल प्रोटेक्शन बिल की मांग कर रहे हैं। सरकार चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इधर चिकित्सकों के हड़ताल में जाने के कारण ओपीडी व्यवस्था सदर अस्पताल में बाधित रही। दूर दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीजों को बिना इलाज के ही घर वापस लौटना पड़ा। इस दौरान मरीज व उसके परिजन इधर-उधर भटकते नजर आये। अपराह्न तीन बजे तक ओपीडी व्यवस्था पूरी तरह बाधित रही। धरना पर डॉक्टर कृष्णा, डॉक्टर आर एन, डॉक्टर हेमंत, डॉक्टर प्रेमचंद, डॉक्टर सोनी, डॉक्टर अंजनी सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

# स्टेट एथलेटिक्स में इंटर कॉलेज को 6 मेडल



विजेता खिलाड़ी

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति, झारखण्ड द्वारा सिंदरी, धनबाद में आयोजित 4 दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तरुण वर्ग की विभिन्न स्पधाओं में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा ने प्रथम दिन कई मेडल जीते। आकांक्षा पाण्डेय ने गोला फेक में रजत पदक, रोहित उरांव ने 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक, गोला फेक में नैतिक राज ने रजत पदक, 400 मीटर हर्डल्स रेस में सुजल बाखला ने कांस्य पदक, 400 मीटर हर्डल्स रेस में अल्पना शैली उरांव ने कांस्य पदक, 100 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा ने कांस्य पदक जीता। सभी विजेताओं को बधाई देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि विद्या भारती के इस एथलेटिक्स में महाविद्यालय से 6 बालिकाओं सहित कल 13 एथलीट छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में हिंदी की आचार्य रेणु कुमारी टीम लेकर गई है। टीम की प्रथम दिवस की सफलता पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य और शिक्षक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी है।

### सड़क हादसे में लोहरदगा डीसी की पत्नी और बॉडीगार्ड घायल

**कुडू लोहरदगा।** जिले के डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई वही उनके साथ एक बॉडीगार्ड भी इस घटना में घायल हुआ है। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के कुडू - लोहरदगा मुख्य पथ पर हाताटोली मोड़ के समीप शुक्रवार दोपहर रांची से लोहरदगा लौटने के क्रम में उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी तथा एक बॉडीगार्ड सड़क हादसे में घायल हो गए। दोनों का इलाज कुडू सीएचसी में कराने को बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी प्रियंका वाघमारे अपने पुत्र के साथ रांची से लोहरदगा लौट रहे थे। इसी बीच कुडू थाना से दो किलोमीटर दूर हाताटोली मोड़ के समीप टेम्पो को बचाने के क्रम में उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण की पत्नी का वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। इस घटना में उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण की धर्म पत्नी प्रियंका वाघमारे तथा जवान तारकेश्वर विधा घायल हो गए। घटना की सुचना के बाद बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को कुडू सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### राहत कमिटी टोटो ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**गुमला।** प्रस्तावित प्रखण्ड टोटो के राहत कमिटी के द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 सदस्यों ने रक्तदान किया। राहत कमिटी के अध्यक्ष मो. फैयाज ने कहा की राहत कमिटी रक्तदान के साथ साथ जनहित मे अनेक कार्य करती है। राहत कमिटी का प्रयास पूरे वर्ष जब भी मरीजो को जरूरत पड़ती है, उन्हें रक्त उपलब्ध करवाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। शिविर में रक्तदान करने वाले सदस्यों में सरवर आलम, मो महबूब आलम, फिरदोस अंसारी, गुलाम सरफराज, हाजी तौकीर, मौलाना जाबीर, मो इरशाद, मो आताउल, मो पंकज कुमार,मो रुमान अफरीदी, मो बाबर, मो इरफान खान, मो जबी, मो सैफुल, मो नाहिद, चांद खान, वकी अहमद, वसीम अकरम, शाहनवाज आदि के नाम शामिल है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन गंभीर

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 75 पर चिरी पुल के समीप शुक्रवार तड़के करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में गिर गई। हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में पक्षिम बंगाल के सोदपुर निवासी प्रतुल दास की मौके पर मौत हो गयी। वहीं घायलों में पक्षिम बंगाल अंतर्गत दमदम जीले के एयरपोर्ट निवासी राहुल चक्रवर्ती 33 पिता रत्न चक्रवर्ती, गाड़ी मालिक सह चालक पक्षिम बंगाल के ग्राम शिवासिपा लेगॉर्डन निवासी सधन सरकार पिता इंदर सरकार और उड़ीसा के भुनेश्वर निवासी सत्यजीत पात्रा पिता स्व श्याम पात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को कार में फंसे लोगों को निकालकर लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो को रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग मारुति स्विफ्ट कार निबंधन संख्या डब्ल्यूबी 74 वाई - 0159 से रांची की ओर से लोहरदगा की ओर जा रहे थे तभी चिरी पुल के समीप कार अनियंत्रित होकर सड़क की दूसरी ओर एक पेड़ से टकराते हुए दस फिट नीचे गढ्ढे में जा गिरी।

# वनाधिकार कानून के बावजदू मूलवासियों को जमीन का नहीं मिल रहा है मालिकाना हक : भूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रामीणों के साथ मिशन बदलाव के सदस्य

**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्यों ने रायडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती गावं का दौरा किया और जंगलों में आश्रित मूलवासियों परिवारों से मुलाकात की। मूलवासी परिवारों ने मिशन बदलाव सदस्यों को बताया कि तीन पीढ़ियों से उनका परिवार ऐसे सुदूरवर्ती गावं में रह रहे है और जंगलों में रहकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पूरा परिवार जंगलों एवं खेती बाड़ी पर आश्रित है। इसके बावजूद भी आज तक उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिला है। गांव की ग्राम सभाओं में कई बार पट्टा के लिये आवेदन दिया गया लेकिन समस्याओं का समाधन नहीं हुआ है। परिवारों के लोगों को डर लगा रहता है कि उनकी खेती योग्य भूमि और जंगलों से कोई बेदखल न कर दे। सभी ग्रामवासियों से मिलने के बाद भूषण भगत ने कहा कि वर्ष 2006 में वनाधिकार कानून बना। जिसमें वनों में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य मूलनिवासियों को वन पट्टा दिया जा रहा है। जिन पर ये समुदाय आजीविका, निवास तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक जरूरतों सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिये निर्भर है और वन में निवास करने वाले आदिवासी मूलवासियों जो पीढ़ियों से ऐसे जंगलों में निवास कर रहे हैं को वन भूमि पर उनके वन अधिकारों को मान्यता देता है। मिशन बदलाव टीम के सदस्य उपायुक्त से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग करेगा। इस अवसर पर मिशन बदलाव के विनय, जनीक, पार्स आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस हमेशा से महिला आरक्षण बिल के पक्षधर रही है : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने महिला आरक्षण विधेयक दोनों सदनों से पास होने पर स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से ही महिला सशक्तिकरण और महिला बिल को संसद में पारित किए जाने के पक्षधर रही है। आसनन चुनाव को देखते हुए महिला बिल पारित करने की याद अभीभाजपा को आ गई। महिलाओं को अगर अधिकार और भागीदारी दिलाने की मनसा भाजपा की होती तो 2010 में राज्यसभा से पारित बिल को ही लोकसभा में लेकर भाजपा को 2014 में ही जाना चाहिए था। सब कुछ समझते हुए चुनाव फायदा के मद्देनजर बिल को 9 वर्ष के बाद लाया गया है इससे भाजपा की खोटी नियत सामने आ रही है। अगर हम बिल की ही चर्चा करें तो महिला आरक्षण के पूर्व जनगणना और परिसीमन का होना अनिवार्य है।

# विद्यार्थियों के बीच डीसी ने किया मांदर का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



छात्रों को मांदर प्रदान करते उपायुक्त

**गुमला।** आगामी करमा पूजा के उपलक्ष्य में कल्याण विभाग द्वारा संचालित 15 छात्रावासों के विद्यार्थियों के बीच शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मांदर का वितरण किया। मांदर सीएसआर मद से जिले भर के कल्याण छात्रावासों के लिए खरीद की गई एवं सभी छात्रावासों के लिए एक एक मांदर का वितरण किया गया। गुरुवार की देर शाम समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग द्वारा संचालित 15 छात्रावासों से आए 25 से अधिक छात्रों से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुलाकात की एवं प्रत्येक छात्रावासों के लिए एक एक मांदर भेंट करते हुए उन्होंने आगामी करमा पूजा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन भी मौजूद थे। ज्ञात हो की उक्त सभी मांदर को जिले के पारंपरिक मांदर कारीगरों से ही खरीद की गई है। जिससे न केवल झारखंड की संकृति को बढ़ावा दिया गया बल्कि जिले के वर्षों पुराने मांदर कारीगरों के कला का भी प्रदर्शन करने का एक मौका मिला है। उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों से बात करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्ग दर्शन भी दिया। उन्होंने अपने संस्कृति को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाने के साथ साथ अपने शिक्षा के स्तर को मजबूत करने की भी सलाह दी एवं परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने उपायुक्त के समक्ष मांदर बजाकर अपने कला की प्रस्तुति भी दी।

# आदिवासियों की संस्कृति और भाषा ही उनकी पहचान : सुखदेव भगत

खबर मंत्र संवाददाता



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ में शुक्रवार को रिम झिम बारिश के बीच करम पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों, पहान, पुजार व महतो को अंगवस्त्र देकर आयोजक समिति द्वारा सम्मानित किया गया। जिसके बाद अलग अलग गांवों से आए खोड़हा द्वारा पारंपरिक भेष भूषा में सज धज कर मांदर व नगाड़े के साथ करम से जुड़ी गानों के साथ अपनी अपनी नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मौजूद होकर पूर्व विधायक सह पूर्व कांग्रेस कमिटी प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति, सभ्यता, भाषा ही पहचान है और हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी इसी संस्कृति के साथ आगे बढ़ी है और आज करम के अवसर पर हम सभी को अपनी संस्कृति, सभ्यता और धार्मिक कार्यक्रमों को बचा के और संजो कर रखने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत सह आजसू नेत्री नीरू शान्ति भगत, उप प्रमुख मधुलिका रानी, कांग्रेश पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव सुखदेव भगत, जीप अध्यक्ष रीना कुमारी, जीप सदस्य सुखदेव उरांव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, 20 शुत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव इत्यादि अतिथियों ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अमरेंद्र पन्ना शरत कुमार विद्यार्थी, बीडीओ पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, डॉ राकेश कुमार व अन्य शामिल थें।

## स्पीड न्यूज

### भद्रकाली मंदिर की नई कमिटी ने किया पदभार ग्रहण



विरोध करते पूर्व कमेटी के सदस्य



पदभार ग्रहण करने के बाद नव गठित कमेटी के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा भद्रकाली मंदिर की नव गठित कमेटी ने शुक्रवार को भद्रकाली मंदिर में पदभार ग्रहण कर लिया। नव गठित कमेटी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया। जिसमें अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी यतिंद्र कुमार चौहान, उपाध्यक्ष बद्री यादव, मंगल मनी सिंह, सचिव अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विजय चौरसिया, सदस्य अनिल सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, श्याम सिंह, बालगोविंद राम, प्रकाश राम, योगेश्वर दांगी शामिल हुए। उधर, भद्रकाली मंदिर के पूर्व कमेटी के सदस्यों ने इसका विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने बिना किसी के संज्ञान में लिए अपनी कमेटी बना ली है और मनमानी कर रही है। कमेटी में किसी भी पूर्व सदस्यों को नहीं रखा गया और न ही उनसे कोई बातचीत की गई। पूर्व कमेटी ने इसके विरोध में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी है।

### मिलिट्री फोर्स के जवानों संग अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में शांति और शौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी पर्व संपन्न कराने व लोगों में सुरक्षा की भावना जागृत करने को ले पुलिस पूरी तरह कमर कस चुकी है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में एसडीपीओ अविनाश कुमार पारा मिलिट्री फोर्स रैफ के जवानों व अधिकारियों संग अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हैं। इस निमित्त जिले में पहली बार पुलिस के अधिकारी सेंट्रल सेक्यूरिटी फोर्स के जवानों संग संयुक्त रूप से असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों को चेतावनी भी दे रहे हैं, ताकि उनके द्वारा किए जा रहे गैर कानूनी कुकृत्यों के असफल प्रयासों को भी ससमय नेस्तनाबूद किया जा सके। इसी अभियान के तहत बीते गुरुवार को शहर के चौक-चौराहों समेत विभिन्न इलाकों में एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने सीआरपीएफ की रैफ बटालियन के अधिकारियों व जवानों संग उपद्रवियों व हुड़दंगियों से निबटने के किये गए तैयारियों का संयुक्त रूप से मॉकड्रिल किया। मॉकड्रिल के माध्यम से जवानों ने असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों से सख्ती से निपटने को ले किये गए तैयारियों का प्रदर्शन किया। देर शाम शहर के विभिन्न मोहल्लों में पुलिस और रैफ के अधिकारियों ने अत्याधुनिक हथियारों से लैश जवानों संग फ्लैग मार्च किया। मौके पर एसडीपीओ ने कहा की हम असामाजिक तत्व और उपद्रवियों पर पैनी नजर बनाए रखेंगे। शहर को अशांत करने की हर एक सटीक सूचना तंत्र पर क्विक एक्शन होगा। उन्होंने आम लोगों से निर्भीक होकर घरों से निकलने और अपना काम करने की अपील की।

### अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालो के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार गुरुवार को जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार चलाया जा रहा है छापेमारी अभियान। जिला खनन पदाधिकारी चतरा गोपाल दास ने बताया कि खान निरीक्षक राजेश हंसदा के द्वारा राजपुर , इटखोरी, गिद्धौर समेत जिले के विभिन थाना अंतर्गत आज प्रातः सुबह चार बजे से देर शाम तक अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे अबचौड़ी, मुहाने, बलबल नदी घाट टंडवा थाना क्षेत्र में स्थित बड़की नदी घाट शामिल है। निरीक्षण के क्रम में नदी घाटो में बालू का उत्खनन व परिवहन होते नही पाया गया। इसी दौरान सदर थाना अंतर्गत धवानिया स्थित डेटन क्रशर स्टोन भंडारण का भी जांच किया गया । सिमरिया थाना चौक के समीप एक ट्रैक्टर 100 सीएफटी स्टोन चिप्स लोड पकड़ा गया। जिसे जांच हेतु थाना में रखा गया ही। इसी दौरान टंडवा चौड़ी एचपी पेट्रोल पंप के समीप ट्रक हाइवा खत्न 023 ख5865 पर 600 सीएफटी स्टोन चिप्स लोड पाया। टंडवा थाना पर खनिज लोड वाहन पर प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया है। आगे जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास ने बताया कि यह अभियान खनन विभाग द्वारा नियमित रूप से जारी रहेगी और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध हड्डी क्लिनिक सील, छापामारी की खबर मिलते ही नेयाज अहमद फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बाजार क्षेत्र में चल रहे दो अवैध क्लिनिक पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर एवं रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉ गोबिंद प्रसाद सेठ सहित चार सदस्यीय टीम द्वारा छापामारी की गई। जिसमें बी शर्मा का हड्डी क्लिनिक सील कर दिया गया। जबकि क्लिनिक में बैठे बी शर्मा के एक कर्मी जपला निवासी जयेंद्र शर्मा के पुत्र अजय शर्मा को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही क्लिनिक से साईं फ्रैक्कर क्लिनिक का लेटर पैड, मेडिकल किट, कॉटन बैंडेज, रोल बैंडेज, सूमो जेल, कैल्शियम सहित कई चिकित्सीय समान भी जब्त किया गया। इधर छापेमारी की खबर लीक होते ही



क्लिनिक को सील करते बीडीओ

मुख्य पथ पर शिव मंदिर के समीप नेयाज अहमद अपने क्लिनिक का सटर गिराकर फरार हो गये। गौरतलब है कि गत वर्ष 02 सितम्बर 2022 को नेयाज अहमद के अवैध क्लिनिक पर छापेमारी की गई थी और इनपर मझिआंव थाने में वकायदा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसे पुलिस द्वारा कांड संख्या 196/2022, दिनांक 02 सितम्बर 2022 ,धारा 419,420 के तहत केस दर्ज किया गया था। साथ ही इनका क्लिनिक भी सील कर दिया गया था। काफी मसक्कत के साथ क्लिनिक का सील टूटा और इन्हें हाई कोर्ट से बेल मिला। वहीं मिली जानकारी के अनुसार नेयाज अहमद पुणः से क्लीनिक संचालन कर रहे थे। वहीं डॉ बी शर्मा के खिलाफ दिसंबर 2022 में भी क्लीनिक को शील करते हुए प्राथमिक दर्ज की गई थी, उसके बाद भी दूसरे ठिकानों पर क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। इस संबंध में जांच टीम में शामिल बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि किसी भी हालत में अवैध क्लिनिक का संचालन बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बी शर्मा का क्लिनिक सील किया गया है और नेयाज अहमद का सटर बंद था, जिसके कारण क्लिनिक सील नहीं किया जा सका।

## डाक समाज एवं डाक विकास जागरूकता को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित शिवेशर चंद्रवंशी इंटर कॉलेज में डाक समाज एवं डाक विकास जागरूकता को लेकर सहायक डाक अधीक्षक गढ़वा वीरेंद्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक की गई। यह कार्यक्रम अश्वनी सिंह की देखरेख में की गई। इस दौरान सर्वप्रथम केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सुकन्या समृद्धि योजना से संबंधित बेटियों को दे उज्जवल भविष्य की सौगात को लेकर चर्चा की गई। जिसमें योजना की मुख्य विशेषता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वीरेंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा बताया गया कि सुकन्या समृद्धि खाते के साथ 250 रुपए की न्यूनतम राशि के साथ खाता खोला जा सकता है। खाता 10 वर्ष तक के आयु के बालिका के माता-पिता या अभिभावक द्वारा किसी भी डाकघर में खोला जा सकता है। एक बालिका के नाम से केवल एक खाता स्वीकार है और एक परिवार में केवल दो खाते ही स्वीकार हैं। एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 250 और अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए तक की राशि जमा की जा सकती है। कहा कि खाता खोलने के 21 वर्ष बाद परिपक्वता राशि की भुगतान की जाएगी। बालिका की आयु 18 वर्ष होने के बाद 50% तक राशि निकाल सकते



बैठक करते लोग

हैं। इस योजना में ब्याज की दर बहुत आकर्षक है और वर्तमान में 7.6 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अगर 1 हजार रुपए प्रतिमा की दर से 15 वर्ष तक जमा किया जाता है तो वर्तमान ब्याज दर के अनुसार 21 वर्ष बाद 5 लाख 10 हजार 373 रुपए परिपक्वता राशि का भुगतान होगा। खाते को भारत के किसी भी डाकघर में ट्रांसफर किया जा सकता है। सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए आप अपने नजदीकी डाकघर में संपर्क कर सकते हैं। वही इस दौरान वीरेंद्र कुमार मिश्रा के साथ आए डाक अधिदर्शक मनोज तिवारी, रवि रंजन पांडेय, धीरज कुमार तिवारी, गढ़वा के ब्रांच मैनेजर श्री राम बिरूआ के द्वारा डाक से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। राम बिरूआ ने बताया कि आधार के द्वारा भी आप पेमेंट कालनिकाशी कर सकते हैं और खाता खुलवाने का आसान तरीका है जिसके लिए आधार और मोबाइल नंबर चाहिए और 200 रूपए से खाता खुल जाएगा। वहीं इस दौरान मझिआंव प्रखंड प्रमुख आरती दुबे ने भी डाक विभाग के बारे में विशेषताएं बताई गई और उन्होंने कहा कि जागरूकता के अभाव में लोग डाक विभाग का सेवा नहीं ले पा रहे हैं इसलिए हम सबों को ग्रामीणों के बीच जागरुकता ला कर डाक से जोड़ने का काम करना है। मौके पर तलसबरिया पंचायत मुखिया महताब आलम, पुरहे मुखिया शंभू पासवान, खरसोता पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम,टड़हे पंचायत मुखिया प्रतिनिधि कृपाल सिंह, बोदरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि इंदल सिंह के साथ नगर पंचायत एवं प्रखंड क्षेत्र के डाक विभाग के कर्मी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## जय गणेश जय गणेश देवा से गूंज रहा पंडाल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सिद्धि विनायक गणेश पूजा महोत्सव में सारे भक्त रंगे हुए हैं। अहले सुबह से लेकर रात तक पंडाल में आस्था की भीड़ देखते ही बन रही है। पूजा के तीसरे दिन गुरुवार को व चौथे दिन शुक्रवार को भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। वहीं नव युवक क्लब जामु बाल गणेश पूजा समिति नदी पर जामु, युवक क्लब गणेश पूजा समिति विन्डा, गणेश पूजा समिति सिमरिया, गणेश पूजा समिति चोपनाडीह, गणेश पूजा समिति दरदाही में भव्य पंडाल बनाकर भगवान श्री सिद्धि विनायक की प्रतिमा मंगलवार को स्थापित की गई। इन सभी स्थानों पर गणेश पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से चल रहा है। प्रत्येक दिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी लोग की भीड़ जुट रही है। प्रत्येक दिन प्रातः काल की पूजा अर्चना और पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया है। वहीं संध्या में होने वाले महाआरती में श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ रही है। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था की व्यार बह रही है। वहीं शुक्रवार को गणपति पूजा समितियों के द्वारा बालभोग का आयोजन किया गया, साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## डॉ.नीरा ने केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी को पत्र लिखा है और उनसे झुमरी तिलैया नगर अन्तर्गत में आने वाले ग्राम गुमो में निर्माण हो रहे बरही कोडरमा फोरलेन के मध्य में अंडर पास का मांग किया। गौरतलब है कि डॉ.नीरा यादव के पहल पर बरही कोडरमा फोरलेन का कार्य एनएचएआई द्वारा कार्यान्वित हो रहे पथ के ही एलाइमेंट में इंदरवा चौक पर एवं सीडी कॉलोनी के पास आश्रम जाने वाले मोड़ के पास अंडर पास



एनएचएआई विभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्य में स्वीकृत कर लिया गया था। जिसमें इंदरवा चौक पर कार्य पूर्ण की स्थिति में है और सीडी कॉलोनी के पास जमीन विवाद के कारण अभी कार्य प्रगति स्थगित है। विधायक ने पत्र के माध्यम से केन्द्रीय मंत्री को बताया कि गुमो ग्राम बहुत ही घनी आबादी वाला झुमरीतिलैया नगर में अवस्थित है और उक्त फोरलेन रांची से पटना जाने वाली व्यस्तम मार्ग है। इस मार्ग पर छोटे बड़े निजी एवं व्यवसायिक वाहनों का आवाजाही 24 घंटे लागातार होती रहती है, जिस कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए उक्त वर्णित पथ पर अंडर पास का होना अति आवश्यक है।

## मोबाईल चोर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहगंज निवासी सदाम शाह को चोरी की गयी मोबाइल को जब्त करते हुए उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार चोर शाहगंज मोहल्ला निवासी है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 21 सितम्बर 2023 को मरकच्चो कर्बला नगर निवासी मो.ताज अंसारी के द्वारा मरकाच्चो थाना में आवेदन देकर बताया कि वह प्रति दिन की भांति 19 सितम्बर 2023 की रात्री खाना खाकर सो गया, जब सुबह 3 बजे उठा तो उसने बगल में रखे मोबाइल को गायब पाया। काफी खोज बिन करने के बाद भी नही पता चला, तब जाकर थाने में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका मोबाईल विवो कम्पनी का स्मार्ट फोन है, जिसका आईएमइआई नम्बर 860301056398374, 86031056398366 और मोबाइल नम्बर 7549162408 है। वहीं पुलिस ने बताया कि चोर को शाहगंज से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है। मौके पर एएसआई एमएम शर्मा के साथ पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## तीन दिवसीय गणेश महोत्सव महाआरती के साथ समापन

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ढाब रोड स्थित बालिका उच्च विद्यालय परिसर में युवा शक्ति एक नई सोंच के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन महाआरती के साथ किया गया। यह महाआरती गंगा आरती के तर्ज पर किया गया। महाआरती को देखने के लिए डोमचांच व आस पास के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, लीलावती मेहता, शांति प्रिया, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद वर्मा, अशोक मेहता, सुबोध यादव, संजय पासवान आदि मौजूद थे।

## राशन नहीं मिलने पर महिलाओं ने दी आत्म दाह की धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के मंडरा गांव के लगभग सवा सौ लाभुकों के द्वारा उपायुक्त को आवेदन देकर 7 माह से राशन नहीं मिलने की लिखित शिकायत की है। जिसकी प्रतिलिपि कॉपी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कांडी को भी दी गई है। दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि मंडरा गांव के लाभुकों का राशन गांव के ही मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह के यहां मिला करता था इसे अनिमियतता के आरोप निलंबित कर दिया गया है था। जिसे हम सभी को शिवपुर बुद्धि नारायण पांडेय के दुकान से टैग किया गया था। इसके बाद उनकी मृत्यु होने के बाद चचरीया संदीप उपाध्याय के जनवितरण प्रणाली के दुकान से दिसंबर 2022 से टैग किया गया। तथा संदीप उपाध्याय के द्वारा दिसंबर माह का राशन का उठाव कर उसे कालाबाजारी कर दी गई वही धोती साड़ी भी अभी तक नहीं दिया गया है। वहीं 2023 के



जानकारी देती महिलाएं

जनवरी माह में उनके द्वारा राशन का उठाव 69.45 क्विंटल किया गया, जिसमें 59.9 क्विंटल ही राशन का वितरण हम सभी लाभुकों के बीच किया गया, 9.55 क्विंटल राशन कालाबाजारी कर दी गई। वही फरवरी, मार्च एवं अप्रैल माह में राशन बिल्कुल ही नहीं दिया गया। मई माह में 111 क्विंटल राशन का उठाव किया गया, जिसमें डीलर के द्वारा 76.9 क्विंटल मात्र राशन का वितरण किया गया, इसमें भी 39 क्विंटल राशन को कालाबाजारी कर दी गई। तथा जून, जुलाई, अगस्त एवं सितंबर माह का राशन मांगने पर वह डाटकर भगा देते हैं, बोलते हैं जहां जाना है जाओ मेरे पास राशन नहीं है। महिला लाभुकों के द्वारा समाचार के माध्यम से उपायुक्त को आगाह करते हुए कही थीं कि अगर हम लोगों का हक का राशन नहीं मिलता है तो हम लोग जिला मुख्यालय में पहुंचकर उपायुक्त के सामने पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लेंगे। इस संबंध में संबंध में डीलर संदीप उपाध्याय ने बताया कि हमें राशन मिला ही नहीं गोदाम से, जबकि कांडी सहायक गोदाम प्रबंधक शाहिद अंसारी ने बताया कि डीलर संदीप उपाध्याय को आवंटन के अनुसार उनका राशन बराबर दिया गया है। इधर इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि मंडरा गांव के ग्रामीणों का आवेदन मिला है, आवेदन के आलोक में कांडी प्रखंड में जांच के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित में जांच कर अभिलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है, तथा सभी लाभुको को अभिलंब राशन दिलाने का भी सख्त हिदायत दी है।तथा उक्त डीलर जांच के बाद कानुनी कारवाई करने की बात कही। मौके पर अवधेश पांडेय,विनोद कुमार पांडेय, दयानंद पांडेय, राजेश पांडेय ,नवल किशोर पांडेय ,कमलेश्वर पांडेय ,नितेश पांडे, राम उचित पांडेय,निर्मल कुमार पांडेय, श्यामनाथ धर दुबे,दुर्गा ठाकुर, संतोष बैठा, सुगंधी देवी ,लखिया देवी, कुलमती देवी, शारदा देवी, छटनी देवी, अर्जुन राम, सरजू राम, इस्लाम अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, निरंजन विश्वकर्मा, उषा देवी, कलीम अंसारी, नूरजहां बीवी आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सांसद प्रतिनिधि ने कार्यपालक पदाधिकारी से की तालाब की सफाई कराने की मांग



मांग पत्र सौंपते चंदन जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर रामबांध तालाब में आच्छादित जलकुम्भी को हटाकर सफाई कार्य कराने का आग्रह किया है। सौंपे गए मांगपत्र में श्री जायसवाल ने कहा है कि नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत सोनपुरवा स्थित रामबांध तालाब वर्तमान में जलकुम्भी (एक विषावत जलीय खरपतवार) से आच्छादित हो गया है। जिस कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में आ गया है।

उन्होंने दुगार्पूजा के त्यौहार को देखते हुए तालाब में आच्छादित जलकुम्भी को हटाते हुए सफाई का कार्य कराने का आग्रह किया। जिससे दुर्गा पूजा में विसर्जन सही तरीके से किया जा सके। विदित हो कि रामबांध तालाब गढ़ता शहरी क्षेत्र में स्थित एकमात्र तालाब है। इस तालाब का धार्मिक महत्व भी काफी है। सदियों से यहां दुगार्पूजा, सरस्वती पूजा, विश्वकर्मा पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन किया जाता रहा है।

### लगातार हो रही बारिश से मिट्टी का घर ध्वस्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नं एक डुमरियाटांड निवासी अर्जुन सिंह के मिट्टी का घर लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण ध्वस्त हो गया, जिसमें गृह स्वामी बाल बाल बच गये। वहीं गृह स्वामी ने बताया कि रात को हम सभी सोए थे कि अचानक कुछ गिरने की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद हम सब पूरे परिवार के साथ घर के बाहर आ गये। जिसके बाद अचानक से हमारा घर गिर गया।

### एसडीओ के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

**कोडरमा।** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में बिना खनिज परिवहन चालान, गलत चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहनों की चलाने की बात सामने आई थी, इसी को देखते हुए 21 सितंबर की देर रात्रि एसडीओ संदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में झुमरीतिलैया अंतर्गत पटना रांची मुख्य मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में जिला खनन टास्क फोर्स के सदस्य जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय और पुलिस बल के जवान शामिल थे। बिना परिवहन चालान के खनिज लदे वाहनों के विरुद्ध चलाये गये छापेमारी अभियान में 2 खनिज लदे वाहन को जब्त किया गया। इसे लेकर जिला खनन पदाधिकारी की ओर से संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पकड़े गये दोनों वाहनों में स्टोन चिप्स लदा हुआ था। जब्त किये गये एक वाहन को बिना चालान और एक दूसरे वाहन का गलत चालान निर्गत पाया गया। जिस पर जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा कार्रवाई की गयी। एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने कहा कि छापेमारी के दौरान क्रशर संचालकों द्वारा गलत तरीके से चालान निर्गत करने का मामला सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से चालान निर्गत करने वाले खनन संचालकों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी खनन संचालक सही तरीके से चालान निर्गत करें। वहीं एसडीओ ने अपील करते हुए कहा कि वैध खनिज परिवहन चालान, अवधि परिवहन चालान के साथ खनिज का परिवहन करें, ओवरलोड वाहन न चलायें। आगे भी इस तरह के अभियान चलायें जायेंगे और बिना खनिज परिवहन चालान, अवधि समाप्त परिवहन चालान, बिना लाईसेंस और ओवरलोड वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील कि जब भी वाहन चलायें, सारे कागजातों को साथ में रखें। मौके पर डीएमओ दारोगा राय व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर कमलेश सिंह ने किया सरेंडर

## एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में पुलिस व सीआरपीएफ के लगातार छापेमारी अभियान से कमजोर हुआ नक्सली संगठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर कमलेश सिंह उर्फ मुकेश उर्फ नाना (35) ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। झारखंड सरकार के आत्म समर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर उसने पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व सीआरपीएफ के 11वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष पुलिस मुख्यालय, लातेहार में सरेंडर किया। वह जिले के छिपादोहर थाना के लात ग्राम का रहने वाला है, पुलिस अधिकारियों ने कमलेश सिंह को बुके और माला पहना कर समाज के मुख्य धारा में आने के लिए बधाई दी। सरेंडर के समय कमलेश की पत्नी के अलावा एक बेटा व एक बेटी मौजूद थी।



एसपी व सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट के समक्ष समपर्ण करते कमलेश सिंह।

### 2008 में भाकपा माओवादी में शामिल हुआ था कमलेश सिंह

कमलेश ने पुलिस को बताया कि वह साल 2008 में भाकपा माओवादी के बादल के दस्ते में शामिल हुआ था। इसके बाद 2010 में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के दस्ते में शामिल हुआ। माओवादियों के दस्ते में रहकर वह कई कांडों में शामिल रहा था। उसने बताया कि मनिका थाना के डोकीं में साल 2011 में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में वह शामिल था। 2012 में पलामू के सतबरवा थाना के मानासूति जंगल में हुए मुठभेड़ में भी वह शामिल था। उसने बताया कि साल 2014 में मनिका थाना क्षेत्र के बेंदी जंगल में पुलिस के साथ जेजेएमपी की मुठभेड़ हुई थी। इसमें दो उग्रवादी मारे गए थे। उसमें भी वह शामिल था। 2020 में बारेसाढ थाना के पहाड़कोचा में हुई मुठभेड़ में भी वह शामिल था। वह 2013 में जेजेएमपी उग्रवादी का सब जोनल कमांडर बना था। कमलेश ने कहा कि पुलिस व सीआरपीएफ के द्वारा चलाये जा रहे लगातार छापामारी अभियान में संगठन कमजोर हुआ है। कमलेश पर बारेसांढ़ थाना में कांड संख्या 01-2020 दर्ज है।

### एसपी ने उग्रवादियों से की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने की अपील

पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने सभी उग्रवादी संगठनों के उग्रवादियों से सरेंडर कर सरकार के आत्मसमपर्ण व पुर्नवास नीति का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरेंडर नहीं करने पर पुलिस की गोली उन्हें अपना शिकार बनायेगी। कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि उग्रवादियों के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और इसमें सफलता मिल रही है। मौके पर सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वितीय कमांडेंट विनोद कुमार कनौजिया, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व बारेसाढ थाना प्रभारी रंजीत यादव आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### एक सप्ताह पूर्व हाथियों के हमले में घायल गाय की मौत, मुआवजे की मांग

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा ग्राम निवासी रंजीत कुमार सिंह पिता स्वर्गीय छेदी सिंह की दुधारू गाय एवं बछड़े को एक सप्ताह पूर्व में हाथियों ने अचानक दो बजे रात्रि को अपने पैर से कुचलकर एवं दांत से चीरकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। लगातार पशु चिकित्सको द्वारा इलाज कराया जा रहा था जिसकी मौत शुक्रवार को हो गई। जिससे पशुपालक को लगभग पचीस हजार का आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित परिवार रंजीत कुमार सिंह ने वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की हैं।

### सांप काटने से बच्चे की मौत

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गोनिया ग्राम में शुक्रवार को विषैले सांप के काटने से एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिथलेश कुमार एक वर्ष पिता राहुल गंझू ग्राम नवाडीह,गोनिया थाना बारियातु निवासी घर मे खेल रहा था। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उसे काट लिया। जिससे बच्चा अचेत हो गया। जिसके बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने जांचोंपरांत बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पीएम ने महिलाओं के सपनों को साकार किया है : कल्याणी



कल्याणी पांडेय।

**लातेहार।** भाजपा की प्रदेश नेत्री कल्याणी पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार ने संविधान में 128 वां संशोधन किया है। इस संशोधन में नारी शक्ति वंदन प्रस्ताव को लोकसभा में पारित कर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। उसे राज्यसभा में भी पारित कराया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि इस बिल के लागू होने से लोकसभा में विधानसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण मिलेगा। लंबे इंतजार के बाद महिलाओं की उम्मीद को पीएम मोदी ने पंख दिया है, यह महिलाओं के सपनों को साकार करने जैसा है। महिलाओं को राजनीति में बहुत मुश्किल से जगह मिल पाती है, इस बिल के आने से महिलाएं विधानसभा एवं संसद में अपनी बातों को पहुंचा सकेंगी। महिलाओं का मंजिल तक पहुंचाने का रास्ता आसान हो गया है।

### नारी शक्ति के सम्मान में लाया गया है महिला आरक्षण बिल : संतोषी



संतोषी शेखर।

**बरवाडीह।** नरेंद्र मोदी केबिनेट के बाद लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मिलने के बाद महिलाओं में खासा उत्साह है। जिसको लेकर महिलाएं केंद्र सरकार की सार्थक पहल का गर्मजोशी के साथ स्वागत कर रही हैं। प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जीप सदस्य संतोषी शेखर ने केंद्र सरकार के द्वारा महिलाओं के सम्मान में लाए गए आरक्षण बिल का स्वागत करते हुए कहा कि नारी शक्ति के सम्मान में महिला आरक्षण बिल लाया गया है, और यह बदलते भारत और नए भारत की तस्वीर है। उन्होंने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा महिलाओं को उनके अधिकार के लिए खड़ा होना और लड़ना सिखाया गया है। जिसकी बदौलत महिलाएं आगे आकर अपने हक अधिकार के लिए लड़ती आई है और आज केंद्र की मोदी सरकार के बदौलत महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मौका नारी शक्ति वंदन बिल के माध्यम से मिलने जा रहा है। जिसके जरिये हम सभी महिलाएं अब देश और राज्य के सदन में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व मजबूती के साथ कर सकेंगे। संतोषी शेखर ने नारी शक्ति वंदन बिल को पास करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सत्ता पक्ष के साथ-साथ लोकसभा और राज्यसभा के अन्य सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया है, और देश के महिलाओं को सरकार के माध्यम से दिया गया अब तक का सबसे बड़ा सम्मान बताया है।

## शिक्षकों को दी गई गणित और विज्ञान लैब से संबंधित प्रशिक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**





प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक।

**लातेहार।** झारखंड शिक्षा परियोजना लातेहार के तत्वाधान में जिला स्तरीय चिन्हित 22 विद्यालयों के दो-दो शिक्षकों को समेकित विज्ञान और गणित लैब से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला मीथ इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद, गुजरात के सहयोग से दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में अनिल कुमार सहायक शिक्षक मध्य विद्यालय रोल एवं विकास कुमार सीआरपी काली चंदवा द्वारा विज्ञान और गणित लैब और उसका उपयोग कक्षा में कैसे किया जाए बरकी से बतलाया गया। जिसमें विज्ञान की शाखा भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान जीव विज्ञान के विभिन्न मॉडल और चार्ट द्वारा जानकारी उपलब्ध कराया गया। साथ ही गणित की विभिन्न सूत्र और संक्रियाओं का प्रयोग के माध्यम से सरलतम तरीका से बताया गया। साथ ही सभी को बताया गया कि सभी चार्ट मॉडल में क्यूआर कोड दिया गया है, जिसे स्कैन कर आप सभी इससे संबंधित जानकारी विस्तृत रूप से प्राप्त कर सकते हैं। मीथ एंटरप्राइजेज द्वारा सभी 22 विद्यालयों को 492 विभिन्न विज्ञान और गणित के प्रयोग से संबंधित वीडियो पेन ड्राइव और बुकलेट हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराया गया। उक्त का उपयोग विद्यालय शिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों के द्वारा किया जाना है, ताकि छात्रों को विज्ञान और गणित की बारीकियां से उनको सरलतम तरीका से शिक्षण दिया जा सके। सभी प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को परीक्षणों उपरांत प्रमाण पत्र भी दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से आशीष कुमार, विकास कुमार शर्मा, कन्हाई राम, गणेश पासवान, धर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश कुमार, सुनील पासवान, नीलम कुमारी, श्वेता कुमारी, अमृत प्रकाश, रिचा कुमारी, मंजू कुमारी, राकेश कुमार सहित जिले के 22 विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए।

## बालूमाथ सीएचसी में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



बैठक में मौजदू स्वास्थ्य कर्मी।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इसके अलावा टीकाकरण, एएनसी, संस्थागत प्रसव पर चर्चा किया गया। वही जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत जिन लोगो का आयुष्मान कार्ड नही बना है। उन सभी लोगो के घर-घर जाकर स्वास्थ्य सहिया द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। या फिर लोग बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्रज्ञा केंद्र जाकर कार्ड बना सकते है। मौके पर बीपीएम मृत्युजंय कुमार, एमपीडब्ल्यू मिथलेश कुमार, अनिल कुमार, दीपांशु कुमार, गुलाम कुरेशी, संदीप कुमार, कमन्युटी हेल्थ ऑफिसर विनीता कुजूर, प्रतिमा कुजूर,अल्का कुजूर, अनु किरण नगेशिया, वेल्टीना कुजूर समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## वन अतिक्रमण पर रोक लगाने को लेकर वन विभाग कार्यालय पहुंचे ग्रामीण, कार्रवाई करने की मांग



मांग करते ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा के वनक्षेत्र चैनपुर जंगल को उजाड़ कर अवैध तरीके से खेती करने के विरोध में गांव के दर्जनों ग्रामीण वन विभाग कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई करने की मांग की है। भाटचतरा गांव के ग्रामीण सूरज यादव, चलितर यादव, कंचन यादव, सुरेंद्र तुरी, बिनोद तुरी, मनोज यादव, भुनेश्वर यादव, बिन्दल महतो, संजू यादव, कामेश्वर यादव, सुरेश तुरी, उदय यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया की भाटचतरा के चैनपुर जंगल प्रतिदिन उजाड़े जा रहे हैं और विभाग की उदासीनता के कारण वन अतिक्रमण करने वाले पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। बिवश होकर हम सभी ग्रामीण वन विभाग कार्यालय बालूमाथ पहुंच कर कार्रवाई करने की मांग किए हैं। वहीं बातया की कई कीमती पेंड़ पौधे काटकर लगभग 40 एकड़ से भी अधिक वन भूमि को उजाड़ दिया गया है। जिससे आने वाले भविष्य पर प्रतिकुल असर पड़ेगा। वहीं टमाटर के लिए सखुआ का खुटा बनाकर कई एकड़ भूमि मे लगाया गया है। दिन प्रतिदिन जंगल उजाड़े जा रहे हैं जिससे जंगली जीव जंतु को भी रहना मुश्किल हो गया है। लगातार उजाड़े जा रहे जंगलो के कारण प्रकृतिक भी प्रभावित हो रहा है। इधर टोटी गांव के ग्रामीणों द्वारा भी काफी तादाद मे अवैध लकड़ी काटकर वन को नस्ट किया जा रहा है। दो वर्ष के भीतर जंगल को काफी क्षतिग्रस्त किया गया है। ग्रामीणों ने वन अतिक्रमण करने वाले लोगों पर अविलम्ब कार्रवाई करने की मांग की है। इसपर वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर विजय शंकर शर्मा ने ग्रामीणों को अस्वस्त करते हुए कहा की वन क्षेत्र अतिक्रमण करने वाले बखसे नहीं जायेंगे। वैसे लोगों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## देवनद पर नही बना पूल, जोखिम उठाकर बच्चे जाते हैं स्कूल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जान जोखिम में डालकर नदी पार करते स्कूली बच्चे।

**चंदवा।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश के गांवों में विकास की क्या दशा है, इसकी पोल खोलती यह तस्वीर चंदवा प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत की है, जहां केकराही-देवनदिया गांव के बीच होकर गुजरने वाली देवनद नदी पर पुल नही होने के कारण प्रतिदिन विद्यार्थी समेत ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी को पार करने को मजबूर हैं। उक्त नदी होते केकराही, चटहर, पारटांड, सेकलेतरी, पुत्री टोला समेत कई गांव के विद्यार्थी व ग्रामीण महुआमिलान स्टेशन व जस्टिस एलपीएन शाहदेव उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोल, साप्ताहिक हाट बाजार आवागमन करते हैं। गर्मी व ठंड के दिनों में ग्रामीणों का काम किसी प्रकार चल जाता है, लेकिन बरसात के दिनों में ग्रामीणों की मुसीबत चौगुनी हो जाती है। विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने एवं ग्रामीणों को जरूरी कार्य के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करना पड़ता है। विद्यार्थियों के अभिभावकों के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों को नदी पार कराने खुद भी आना पड़ता है ताकि कोई हादसा ना हो जाए। ग्रामीणो ने कहा कि क्षेत्र की नदियां पहाड़ी नदी है, बरसात के दिनों में कब नदी में बाढ़ का पानी उतर जाए इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता, ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि नेताओं का काम सिर्फ चुनाव के समय जनता का वोट लेने से है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले सांसद, विधायक जीतने के बाद गांव की ओर देखते तक नहीं है। ग्रामीण रामकिशन गंझू, सुनील ठाकुर, अकलू गंझु, विजय गंझू, बलराम ठाकुर, बचु गंझू, रौशन कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने सरकार में प्रशासन से युक्त नदी पर पुल निर्माण करने की गुहार लगाई है।

## समाज में निम्न वर्ग के चेहरे में खुशी लाना लायंस क्लब का प्रयास: कमल जैन



कार्यक्रम में मौजूद क्लब के सदस्य।

- लायंस क्लब ऑफ चंदवा रोरिंग ने कार्यक्रम आयोजित कर नये सदस्यों का किया स्वागत

**चंदवा।** स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय प्रांगण में गुरुवार को रिलायंस क्लब ऑफ चंदवा रोरिंग के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर क्लब से जुड़ने वाले लगभग एक दर्जन नए सदस्यों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल जैन व इंस्टॉलिंग ऑफिसर अरुण खेमका ने क्लब में शामिल होने वाले नए सदस्यों को बैच लगाकर व क्लब का पोशाक प्रदान कर स्वागत किया व शपथ दिलाते हुए क्लब के कार्य एवं उद्देश्यों का बोध कराया। अतिथियों ने कहा कि चंदवा जैसे छोटे शहर में क्लब का शाखा खुलना बहुत बड़ी बात है। समाज के निम्न वर्ग के चेहरे में मुस्कान लाना लाइंस क्लब का कार्य है। इन्होंने आगे कहा कि जो खुशी लोगों की सेवा में है वह किसी और कार्य मे नहीं मिल सकती है। आगे कहा कि सन 1925 से ही संस्था समाज की सेवा में लगी हुई है, संस्था मुख्य तौर पर आंखों के इलाज के लिए पहचानी जाती है। लेकिन इसके साथ लायंस क्लब हर दायित्व का निर्वाहन करने में तत्पर है। वर्तमान में संस्था के 13 लाख 63000 सदस्य हैं, जल्द ही डेड मिलियन सदस्य को लायंस क्लब से जोड़ने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के मौके पर लायंस क्लब ऑफ चंदवा रोरिंग के अध्यक्ष संदीप कनोडिया, सचिव निर्मल भारती, उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार के अलावे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में जुड़ने वाले संतोष कुमार, आलोक कुमार, रवि केशव, महेंद्र अग्रवाल, राजेश विश्वकर्मा, मोहनीश कुमार, प्रवीण दुबे, धर्म प्रकाश अग्रवाल, बबलू गिरी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## आरओएच में कर्मचारियों के लिए हुआ कैंटीन का उद्घाटन

- कर्मचारियों को खाने पीने की वस्तु के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा : सुनील सिंह

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बरवाडीह स्टेशन स्थित आरओएच शेड में कार्यरत कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए भारती भोजनालय नामक कैंटीन का उदघाटन शुक्रवार को ईस्ट रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव सुनील सिंह, अध्यक्ष अनिल कुमार, सहायक मंडल अभियंता अर्जुन सिंह, एडीएमई विकास शुक्ला, सीडब्ल्यूएस जुगनू कुमार दास, आईओडबल्यू विवेकानंद बासु, ईसीआरकेयू के संगठन सचिव सरोज सिंह आदि अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां सुनील सिंह ने बताया कि आरओएच के कर्मचारी वर्षो से यहां कैंटीन की मांग कर रहे थे। मार्केट दूर होने के कारण कर्मचारियों को खाने-पीने की वस्तुओं को लेकर इधर-उधर भटकना पड़ता था। इसके खुलने से कर्मचारियों को चाय और नाश्ता आदि सारी चीजे आसानी से मिल जाएगी। वहीं सहायक मंडल अभियंता



अर्जुन सिंह ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। केंटीन स्टाफ विनोद कुमार ने बताया कि यहां नाश्ता और चाय के साथ दोपहर और रात का भोजन भी उचित दर पर डिमांड के अनुसार कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं आरओएच में कार्यरत कर्मचारियों के अतिरिक्त रेलवे के गार्ड ड्राइवर आदि भी लाभान्वित होंगे। इस मौके पर चंदन कुमार, ऋषि राज, अरुण कुमार, एआर कुमार, श्रीकांत बिमल, अभिमान श्रीवास्तव, अरुण पांडेय, मनीष, एसके रंजन, इनायत करीम, दीपक, धीरेंद्र, नवनीत, महेंद्र, अनुज कुमार व छोटू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## रैयतों ने भूमि सीमांकन नहीं करने पर किया अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के ग्राम कोपे व ग्राम लंका के रैयतों ने अपनी भूमि का सीमांकन नहीं करने पर दिन शुक्रवार को अंचल कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर दिया। वहीं रैयत सुदेश्वर उरांव ने बताया कि खाता 32/प्लॉट 13.3, खाता 33/प्लॉट 13/935 और खाता 50 प्लॉट 299 पर स्थित भूमि का केशवर तिवारी पिता स्वर्गीय कलीराम तिवारी,श्यामबिहारी तिवारी उर्फ ललन तिवारी के द्वारा स्वर्गीय कबूतरी देवी पति स्वर्गीय कलटू साव (वंशज) सुरेश प्रसाद,ओमप्रकाश प्रसाद दोनों पिता स्वर्गीय कलटू साव को बिक्री किया गया है। रैयतों ने बताया कि इस भूमि का वास्तविक मालिक लाया भगत पिता चमर भगत के नाम से सीएस खाता में आरएस दशरथ उरांव दर्ज है फिर अधिनियम 1908 के उल्लंघन कर आदिवासी का जमीन गैर आदिवासी पर कब्जा कैसे हुआ। रैयतों ने कहा कि इस भूमि का सीमांकन करवाने के लिए हम लोग काफी महीनों से अंचल कार्यालय मनिका का चक्कर लगा रहे हैं कई बार सीओ को आवेदन दिया है लेकिन कभी कर्मचारी नहीं है ,तो कभी अमीन नहीं है बोलकर टालमटोल किया जा रहा है।

## स्क्रैप चोरो व माफियाओं ने गुट बनाकर प्लांट के सुरक्षा पेट्रोलिंग पार्टी पर किया हमला

# चोरों के हमले के बाद जान बचाकर भागी पेट्रोलिंग पार्टी

- प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज को पकड़कर चोरों ने पीटा, गंभीर रूप से हुए घायल
- चोर गिरोह के लोगों ने कई बार सुरक्षा गार्ड पर किया है हमला
- बीजीआर एरिया में कूलिंग टावर के पास 2 मोटर गिराए जाने की सूचना पर गयी थी पेट्रोलिंग पार्टी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट में विगत कई माह से स्क्रैप माफिया व चोरों का आतंक सर चढ़ कर बोल रहा है। स्क्रैप माफियाओं और चोरों के गुट ने गुरुवार की देर रात्रि प्लांट के बीजीआर एरिया में पेट्रोलिंग पर निकले रात्रि पेट्रोलिंग टीम पर 40 से 50 की संख्या में गुट बनाकर चोर गिरोह के लोगों ने घात लगाकर जानलेवा हमला कर दिया। चोरों ने गुलेल, पत्थर कई हथियारों से सुरक्षाकर्मियों पर हमला बोला। हमले के बाद सैप, पीएसओ, मैन पावर, लक्ष्य, एसआईएस के गार्ड जान बचाकर भाग निकले। भागने के क्रम में ही चोरों ने सिक्युरिटी



चोर गिरोह के पीटाई से घायल सिक्यूरिटी इंचार्ज।

इंचार्ज सुरेश लाल श्रीवास्तव को पकड़ लिया। इस दौरान चोरों के एक गुट ने उनके साथ लाठी डंडे से मारपीट की। किसी प्रकार मिन्नत कर उनसे अपने आप को बचाया, पहले गुट से छूटने के बाद दूसरे गुट के चोरों ने भी उन्हें पकड़ लिया व जमकर धुना। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए, चोरों द्वारा छोड़े जाने के बाद सुरेश श्रीवास्तव प्रोजेक्ट आफिस पहुंचे, जहां से चंदवा के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। हमले के दौरान स्क्रैप चोरों ने सैप व पीएसओ के वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, प्लांट के अधिकारियों के द्वारा घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गयी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची तब जाकर चोर भागे व क्षतिग्रस्त वाहन को लाया गया। मामले को लेकर सुरेश लाल श्रीवास्वत ने बताया कि सुचना मिली थी कि बीजीआर एरिया स्थित कुलिंग टावर के समीप चारो के द्वारा दो मोटर को खोलकर गिरा दिया गया है। उक्त सुचना के आलोक में रात्रि प्रहरी टीम घटना स्थल के लिए निकली, टीम जैसे हीं उक्त एरिया में पहुंची चोरो ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव के बाद सभी गार्ड व जवान इधर उधर भाग गये, भागने के क्रम में मैं चोरो के चंगुल में फंस गया व चोरो के दो गुट के लोगो ने मारपीट की। मामले को लेकर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि भुक्तभोगी के द्वारा आवेदन दिया गया है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

### विगत कई माह से किया जा रहा है हमला: बीसी साहू

इधर प्लांट हेड बीसी साहू ने बताया कि विगत कई माह से सैकड़ों की संख्या में चोरों के द्वारा गुट बनाकर सुरक्षा गार्डों पर हमला किया जा रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटना और हमले से हम सभी भयभीत हैं। यहां पर चोरी नहीं बल्कि गुट बनाकर घर में धुंस कर लूटपाट की जा रही है।

## गोनिया पुल के पास 22 चक्का ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक उपचालक

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के रांची चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 स्थित गोनिया उप स्वास्थ्य केन्द्र से सटे पुल के समीप 22 चक्का ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना मे चालक व उपचालक बाल-बाल बचे कोई हताहत नहीं हुई। घटना के सबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि 22 चक्का ट्रेलर ओडी 14 पी 5419 चतरा की ओर से बालूमाथ की ओर जा रही थी। की अचानक गोनिया उप स्वास्थ्य केंद्र के समिप तिखी मोड़ पर पुल मे अनियंत्रित होकर डीवाईडर से जा टकराई और ट्रेलर का इंजन गढ्ढा में चला गया। जबकि डीवाईडर में फंसकर ट्रेलर सड़क पर ही रह गया। इस दौरान दोनों चालक व उप चालक तडप कर अपनी जान बचाया। ग्रामीणों ने बताया कि चालक नशे में धुत था जिसके कारण वह अपना संतुलन खो दिया। और डीवाईडर के कारण बड़ी घटना होने से बच गया। वहीं घटना की सूचना बारियातू थाना को दिया गया। सूचना पाकर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर अग्रतर कारवाई मे जुट गई।

स्पीड न्यूज

## बी-फार्मा के विभिन्न परीक्षाओं का रिजल्ट हुआ प्रकाशित



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न परीक्षा का परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

## परीक्षा फार्म भरें जाएंगे 25 सितंबर से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का एमबीबीएस फर्स्ट प्रोफेशनल का परीक्षा फार्म भरने की तिथि शुक्रवार को जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी।

## संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो धनन्जय एवं उर्दू विभागाध्यक्ष बने प्रो शम्स

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने स्नातकोत्तर संस्कृत और स्नातकोत्तर उर्दू विभाग का प्रभारी विभागाध्यक्ष की नियुक्ति की है। संस्कृत विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ धनन्जय कुमार मिश्रा को संस्कृत विभाग का प्रभारी विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उर्दू विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शम्स तबरेज खान को उर्दू विभाग का प्रभारी विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा हुई शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हुई। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा का सफल आयोजन के लिए विभिन्न कॉलेजों में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा में विभिन्न विषयों के कुल 3714 परीक्षार्थी शामिल होंगे। ज्ञात हो परीक्षा विभाग द्वारा सभी विषयों को दो ग्रुप में बांटा गया है।आज द्वितीय पाली में ग्रुप-ए के हिंदी, भूगोल, बॉटनी, रसायनशास्त्र, समाज शास्त्र, कॉमर्स, संस्कृत, पर्सियन, जियोलॉजी एवं संताली विषयों का तेरहवां पेपर का परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुआ।

AFFIDAVIT

I, NARESH KUMAR SINHA, S/o Late Keshwar Prasad Sinha age 64 yrs years, Resident of House No- 572/K, 6/A, Alkapuri Mount Motors Lane, Ratu Road, Ranchi G.P.O. Ranchi-834001, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows :

1. That I am Indian Citizen by birth and resident of abovementioned address having my **Aadhr Card No- 6012 3737 0597.**

2. That my son name is **ADARSH RAJ** which is true and correct.

3. That my son's 10th standard School Marksheet & admit card roll No-7198743 certificate and In this Certificate my name is Incorrect mention as **NARESH KUMAR** which is incorrect that True and Correct name is **NARESH KUMAR SINHA**.

4. That my son's **Aadhar Card No is 6984 6881 3505**

5. That my Son's School Name is Shardhanand Bal Mandir, Ratu Road, P.O. Hehal, Ranchi-834001, Jharkhand.

6. That the purpose of this Affidavit for attested for correction of my name in my son 10th Certificate.

7. That the all statements are true to the best of my knowledge and belief.

Deponent
Identified by
**Ranjit Manjhi**

### 'पागल न बनाओ, बारिश का बहाना नहीं चलेगा' वेतन बंद करने की भी दी धमकी

# केके पाठक ने शिक्षकों को हड़काया

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमुई।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक अपने दौरे पर जमुई पहुंचे। इस दौरान जमुई में हड़कंप मच गया। बारिश के बीच केके पाठक जमुई के डीएम और जिला शिक्षा पदाधिकारी को लेकर स्कूल का निरीक्षण करने निकल गए। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव शिक्षक हेडमास्टर और यहां तक के साथ चल रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी खूब हड़काया, जहां सबसे पहले गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर स्थित मिडिल स्कूल का



निरीक्षण किया। इस दौरान केके पाठक ने हेड मास्टर को स्कूल को रोजगार केंद्र नहीं बनाने की सलाह दी और स्पष्ट रूप से कहा कि स्कूली बच्चों को पढ़ाइए एग्जाम के बाद कॉपी ठीक ढंग से जांच कीजिए और जो गलती हो उसको बच्चों को बताइए। फिर रतनपुर के ही हाई स्कूल परिसर में पहुंचकर शिक्षा विभाग के इस अधिकारी ने हर क्लास रूम में जाकर निरीक्षण किया। हाई स्कूल के खेल के मैदान पर स्कूल का भवन बनते देख के के पाठक भड़क गए, उन्हने स्कूल भवन के निर्माण को तुरंत रोक लगाने की हिदायत दी। केके पाठक ने स्कूल के हेड मास्टर को निर्देश दिया कि खेल का मैदान बच्चों को खेलने के लिए है भवन के ऊपर भवन बनवाएं। केके पाठक रतनपुर के बाद अपर मुख्य सचिव गेनाडीह प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। इस दौरान केके पाठक नेबंद शौचालय और गंदगी को देखकर स्कूल के प्रभारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी कपिल देव तिवारी से पूछा- शौचालय का यह हाल कहां से उचित है। गिद्धौर प्रखंड के महुली गढ़ मिडिल स्कूल में के के पाठक हेड मास्टर पर खूब भड़के स्कूल में बच्चों की उपस्थिति कम और स्कूल भवन कमरे में बच्चों को नहीं पढ़ाने पर अपर मुख्य सचिव ने स्कूल के प्रभारी को साफ कहा कि वह उन्हें न घुमाए, पागल न बनाओ, बारिश का बहाना नहीं चलेगा।

## दायर एसएलपी को सर्वोच्च न्यायालय ने किया खारिज



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड सरकार के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में सामान कार्य का समान वेतन के विरुद्ध दायर एसएलपी को सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। आज सर्वोच्च न्यायालय में समान कार्य का समान वेतन को लेकर झारखंड सरकार के द्वारा दायर एसएलपी की सुनवाई हुई सर्वोच्च न्यायालय के डबल बेंच के द्वारा झारखंड सरकार के द्वारा दायर एसएलपी को खारिज कर दिया गया। इस फैसले से झारखंड के होमगार्ड जवानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। झारखंड सरकार के द्वारा दायर एसएलपी के विरुद्ध झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्य आवेदन कर्ता अजय प्रसाद के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में कैविएट फाइल किया गया था। इस केस की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार के द्वारा दायर एसएलपी को आज खारिज कर दिया। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन झारखंड राज्य के तमाम होमगार्ड जवानों का आभार व्यक्त करता है जिन्होंने तन मन धन से इस केस में सहयोग दिया था। इसकी जानकारी मनोज कुशवाहा प्रदेश संरक्षक झारखंड होम गार्ड वेलफेयर एसोसिएशन झारखण्ड द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

## ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा आवेदन

### जनवितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ कम खाद्यान्न देने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सदर प्रखंड के भुरकुंडा पंचायत के बुढ़ियारी सहित चार गांव के सैकड़ो ग्रामीण समाहरणालय पहुंचे। ग्रामीणों ने डीसी के नाम ज्ञापन सौपा गया। जिसमें जन वितरण प्रणाली विक्रेता चुन्नू हेंब्रम ने निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न देने का आरोप लगाया गया है। साथ ही प्रखंड स्तर से गठित टीम की जांच रिपोर्ट पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि पीडीएस विक्रेता द्वारा निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक तराजू के बदले परंपरागत तराजू से वजन कर राशन दिया जाता है। इसको लेकर पंचायत भी हुई लेकिन पीडीएस दुकानदार ने निर्धारित मात्रा में लाभुक को राशन



देने में असमर्थता जताई। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कुछ दिनों पूर्व बीडीओ से की गई थी। प्रखंड स्तर से गठित टीम जांच करने गांव पहुचीं। जांच में ग्रामीणों के आरोप सही पाए जाने के बाद बीडीओ ने पीडीएस दुकानदार का लाइसेंस रद्द करने की अनुसंशा भी की। लेकिन जांच रिपोर्ट में कुछ तथ्यों को बदल दिया गया। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच फिर से कराने और नए सिरे से जांच रिपोर्ट तैयार करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की मांग की है।

## नहर चौक से नगर थाना तक अतिक्रमण हटाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज गोड्डा नगर थाना से नहर चौक तक मुख्यमार्ग में अतिक्रमण हटाया गया। उससे भी ज्यादा आवश्यक नगर थाना से रौतार चौक तक अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है जहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है खासकर हटिया वाले दिन सुबह से लेकर 7बजे शाम तक इतनी जाम हो जाती है कि गुजरना मुश्किल हो जाता है।

## राजनीति अपनी जगह धर्म अपनी जगह : विधायक

### सनातन धर्म की आलोचना कहीं आगामी चुनाव में भारी न पड़ जाए





**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी के मोरडीहा ग्राम में भागवत कथा मंच पर स्वामी अभियानंद उर्फ अभिषेक शास्त्री जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करती विधायक दीपिका पांडे सिंह व समिति के सदस्य एक साथ नजर आई। आज भागवत कथा के तीसरे दिन जहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और आसपास के इलाकों से इस कथा का श्रवण करने वाले अपने काम काज को विराम देते हुए कथा स्थल तक पहुंच रहे हैं और कथा कर्ता महाराज जी की मधुर उपदेश के साथ भजन और संगीत में झूमने को विवश हो रहे हैं और अपनी करतल ध्वनि से संगीत में शामिल हो रहे हैं । देश में जहां एक ओर गठ बंधन के सहयोगियों ने केरल में मुख्यमंत्री और उनके बेटे ने सनातन धर्म के विरुद्ध अपमान जनक टिपनियां की जिन्हे सुप्रीम कोर्ट ने अभी एक सप्ताह के अंदर हाजिर होने को कहा है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी (गोड्डा) प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरडीहा ग्राम में चल रहे भागवत कथा में क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह भी शरीफ हुई। उन्होंने कथावाचक अभियानंद उर्फ अभिषेक शास्त्री जी महाराज से आशीर्वाद ली और उपस्थित श्रद्धालुओं, समिति सदस्यों आदि को संबोधित भी किया। कहा की ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र का ये मोरडीहा गांव एक प्रचलित गांव है। प्रत्येक वर्ष दो-तीन बार यहां धार्मिक आयोजन होते रहता है। दुर्गा पूजा के अलावे गणेश पूजा के साथ-साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी यहां विस्तार रूप से होते रहा है। यहां के युवा शक्ति संघ के सदस्य के साथ-साथ अन्य नवयुवक और बुजुर्ग, शिक्षाविद, गणमान्य, समाजसेवी हर प्रकार के कार्यों में लगे रहते हैं। यह इस गांव के ग्रामीणों की महानता है। कहा की मां दुर्गा, गणेश भगवान आदि इस परिसर में स्थित मंदिर के सभी देवता देवी देवताओं का या आशीर्वाद रहा है कि यह गांव पंचायत और क्षेत्र में शांति बनी रहती है। कहा कि वे खुद ही धार्मिक कार्यक्रम की बात सुनकर अपने आप को रोक नहीं पाई और आकर शामिल हुई।बताई की धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से निश्चित रूप से अनेक प्रकार का लाभ होता है। इसलिए सभी ग्रामीण श्रद्धालु धार्मिक कथा का लाभ उठावें और हर संभव धार्मिक कार्य में सहयोग करते रहे। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, विनय भगत, इंडिया महा गठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता, समाजसेवी दिलीप कुमार शाह, रंभा देवी, नवनीता देवी, सोनी देवी, स्यामलता देवी, युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष ज्योतिष कुमार साह सहित सभी सदस्य, मुख अजमान सपत्नीक परशुराम शाह सहित मोरडीहा ग्राम पंचायत के अलावे प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

## महाजनों के खिलाफ लड़ते-लड़ते खुद महाजन बन गए है हेमंत सोरेन : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** संकल्प यात्रा पर निकले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गरीबों का अनाज हड़प कर हेमंत सोरेन की सरकार अपनी झोली भर रहे है। बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को मनोहरपुर विस क्षेत्र के सोनुवा स्थित महुलडीहा मैदान में आयोजित भाजपा की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोनाकाल में गरीबों को अनाज देने के लिए गरीब कल्याण योजना चलायी। जिसका अनाज बेच कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी झोली भरे है। जिस कारण आज अनाज की कटौती का दंश गरीबों को झेलना पड़ रहा है। अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने पीएम नरेन्द्र मोदी द्वार शुरू किये गये जन-धन योजना, उज्जवल योजना, शौचालय निर्माण, पीएम आवास के अलावा रक्षा बंधन के दिन एलपीजी गैस के दर घटाने, महिला आरक्षण बिल पास कराने, विश्वकर्मा योजना के माध्यम से छोटे कामगारों को रोजगार दिलाने आदि कई उपलब्धियों को गिनाया। इस दौरान मरांडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उपर भी खूब बरसे। उन्होंने रहा हेमंत राज में राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनते ही गुदड़ी के बुरुगुलिकेरा में निर्देश सात ग्रामीणों की हत्या कर दी गई।

## छात्रों को रोजगार दिलाने को है लगातार प्रयासरत : प्राचार्य

**दुमका।** संताल परगना महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में दर्जनों अभ्यर्थियों ने पंजीकरण प्रक्रिया में भाग लिया। विदित हो झारखंड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा 24 सितंबर को भर्ती कैम्प नियोजनालय में लगाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से एसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ के पी यादव की अध्यक्षता में पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी मो जावेद अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

# आठ घंटे के अंदर अपहृत बालक को किया बरामद, एक गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त घी रंग की सेंट्रो कार और एक सफेद रंग की स्वीफ्ट कार सहित एक ओप्पो मोबाइल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**जरमुंडी।** फिरौती के लिए अपहरण करनेवाले एक अपहरणकर्ता समेत 16 वर्षीय अपहत बालक को तत्परता के साथ महज आठ घंटे के अंदर बरामद करने में दुमका पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अपहरणकर्ता के निशान देही पर घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। बता दें कि 21 सितंबर को सुबह 7:10 बजे वादी वीरेंद्र यादव, पिता स्वर्गीय बालेश्वर यादव साकीम चितरपोंका, थाना मोहनपुर जिला देवघर के 16 वर्षीय पुत्र का अपहरण कर फिरौती मांगने के संबंध में तालझारी थाना कांड संख्या 41/ 23, दिनांक 21-09- 2023 धारा 341, 342,364(ए) 34 भादवि दर्ज किया गया। इस कांड के अनुसंधान, छापामारी तथा विशेष तकनीकी सहयोग हेतु पुलिस अधीक्षक दुमका के द्वारा त्वरित एक टीम गठित किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी

### दुमका पुलिस को मिली बड़ी सफलता

जरमुंडी के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा तकनीक सहयोग लेते हुए लगातार छापामारी की गई। इस क्रम में तकनीकी व गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुछ अपराध कमी एक सेंट्रो कार से पिपरा मोड़ से रिखिया की ओर आ रहे हैं। इस संबंध में ग्राम रखिया व पीपरा के बीच एक संदिग्ध सेंट्रो कर को रुकने का इशारा किया गया। परंतु चालक तेजी से वाहन को भगाने लगा, जिसे छापामार टीम के द्वारा उक्त वाहन का पीछा कर ओवरटेक करते हुए रोका गया। जिससे वाहन में सवार अपहत बालक व उक्त कार को बरामद किया गया तथा एक अपराधी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जबकि घटना में शामिल अन्य जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस प्रकार गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहत बालक को 8 घंटे के अंदर सकुशल बरामद किया गया। वहीं एक अभियुक्त पवन कुमार राउत को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को बरामद किया गया एवं अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मी का नाम पवन कुमार राऊत, देवघर जिला के रिखिया थाना क्षेत्र के बेहंगा गांव निवासी है।

एक नजर में

## अमित महतो सहित 19 गिरफ्तार

**चक्रधरपुर।** कुड़मी को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने जाने की मांग को लेकर 20 सितंबर को आहूत रेल रोको आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने चक्रधरपुर रेल डिवीजन के घाघरा हाल्ट पर रेल ट्रैक को जाम करके ट्रेनों का परिचालन ठप कर दिया गया था। प्रशासनिक पदाधिकारी और रेलवे के पदाधिकारी द्वारा वार्ता करने के बाद भी ग्रामीण रेल ट्रैक से हटने को तैयार नहीं थे। रात में रेल चक्का जाम करने वाले ग्रामीण और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। जिसमें ग्रामीण भी घायल हुए और पुलिस पदाधिकारी भी घायल हुए। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को आज चाईबासा में एसडीजेएम पोड़ाहाट मिलन कुमार की अदालत में पेश किया गया। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि रेल रोको आंदोलन के दिन रात करीब 9 बजे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस पार्टी पर पथराव किया गया। आत्मरक्षा में पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

## आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मयूरहंड की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम मयूरहंड की समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 'ब्लॉक विकास योजना' तैयार करना है। बैठक में उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को प्रखंड विकास योजना का प्लान तैयार कर जिला को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड, साकेत कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी सोमनाथ बामकिया, बीपीआरओ मयूरहंड, एमओआईसी मयूरहंड सुमित जयसवाल, बीपीओ राहुल कुमार, कृषि विभाग से चंदन कुमार राम, एचएम स्वामी विवेकानंद, पीरामल टीम से अमृता प्रजापति एवं ऋषभ कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## टंडवा कन्या मध्य विद्यालय में चोरी, कार्रवाई की मांग

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में अज्ञात चोरों ने दुस्साह का परिचय देते हुए बीती रात विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। बताया कि शुक्रवार को जब विद्यालय सुबह 8:30 बजे खोला गया तब कार्यालय खोलने के क्रम मे कुण्डी कटा हुआ पाया।

## पेज एक का शेष

### हाईकोर्ट के न्यायाधीश...

सभी ने की केपी देव की सराहना : निधन की खबर पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सभी जिला न्यायालयों के प्रधान न्यायाधीश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान को पत्र लिखकर शुक्रवार को न्यायिक कार्य नहीं होने की जानकारी दी। उनके असमय निधन से झारखंड हाईकोर्ट के तमाम अधिवक्ता बेहद दुखी हैं। अधिवक्ता धीरज कुमार ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायाधीश केपी देव बहुत ही सुलझे हुए इंसान थे। वह इसी कोर्ट में बतौर अधिवक्ता प्रैक्टिस किया करते थे। उनका चयन साल 2018 में न्यायाधीश के रूप में हुआ था। वह बार काउंसिल के सदस्य के रूप में भी सेवा दे चुके हैं। वह बहुत ही मिलनसार थे। अधिवक्ताओं की तकलीफ को अच्छी तरह समझते थे और निराकरण के लिए हमेशा तत्पर रहते थे।

### स्थिर सरकार में ...

इसे हमने पूरा करके दिखाया है।' उन्होंने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए, आज भारत नारी शक्ति को खुला आसमान दे रहा है। आज देश, माताओं-बहनों-बेटियों के सामने आने वाली हर अड़चन को दूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिश को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले। उन्होंने कहा, 'आज परिवार से लेकर पंचायत तक, अर्थव्यवस्था से लेकर शिक्षा और उद्यमिता तक हमारी बहनें और बेटियां हर क्षेत्र में अभूतपूर्व काम कर रही हैं। भारत को चाँद तक ले जाने में भी महिलाओं ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।

### डॉक्टरों की हड़ताल ...

इससे रिम्स, सदर सहित सभी जिले के सभी अस्पतालों में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मरीजों की परेशानियों को देखते हुए जमशेदपुर में आरोपी परिजन को पुलिस ने तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया। हड़ताल को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को सुबह के 9.30 बजे आईएमए के सदस्य रिम्स जेडीए के साथ मिल कर ओपीडी बंद कराने पहुंचे। सफेद कोट की शांति अब करेगी क्रांति के नारों के साथ रिम्स परिसर के एक एक ओपीडी को बंद करा रहे थे।

### आगामी चुनावी तैयारियों ...

वहीं, निर्वाचन आयोग के जागरूकता गीत मैं भारत हूं के झारखंड की स्थानीय भाषाओं के संस्करण को लॉन्च किया गया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से तैयार किये गये इस गीत के स्थानीय संस्करण को मुंडारी, कुड़ुख, हो, संथाली और खड़िया भाषा में तैयार किया गया है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय द्वारा तैयार किये जा रहे इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम नवाचार के तहत चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिये तैयार किये गये विशेष आईटी टूल भी लॉन्च किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के समक्ष इसका डेमो भी प्रदर्शित किया गया

### घाटी में जांबाज अफसरों...

वह आतंकवादी को बता रहे थे कि कैसे गिरफ्तारी से बचा जा सकता है। इसके अलावा एक अधिकारी को भी फंसाने की कोशिश की थी, जो आतंकवादी के खिलाफ एक केस की जांच कर रहे थे।

**आतंकवादी से 5 लाख भी लिये :** पुलिस सूत्रों का कहना है कि डीएसपी के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ तकनीकी सबूत मिले हैं और पैसों के लेनदेन की बात भी पता चली है। अधिकारी ने कहा, 'इस बात के पुख्ता सबूत हैं कैसे आदिल शेख ने आतंकवादी की मदद की। वह कैसे एक पुलिस अधिकारी को ही फंसाने में जुटे थे, जो आतंकी फंडिंग के केसों की जांच कर रहे थे।' इसके लिए एक झूठी शिकायत भी आदिल की ओर से तैयार करायी गयी थी। पुलिस का कहना है कि आदिल ने आरोपी से 5 लाख रुपये भी लिए थे। वह आतंकवादी मुजम्मिल जहूर के साथ लगातार संपर्क में थे, जिसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक बैंक खाता खुलवाया था ताकि लश्कर की फंडिंग मैनेज कर सके।

### होमगार्ड को पुलिस ...

हाईकोर्ट ने तीन माह के अंदर सरकार को आदेश का पालन करने का निर्देश दिया था। सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर हाईकोर्ट के आदेश को गलत बताया था। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी। झारखंड सरकार की ओर से दायर एसएलपी के खिलाफ झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट फाइल की थी। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के सभी होमगार्ड के जवानों ने पैसा इकठा कर इस केस को लड़ा। यह जानकारी होम गार्ड एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

स्पीड न्यूज

### खैबर पख्तूनख्वा में नौ आतंकवादी ढेर

**रावलपिंडी।** पाकिस्तानी सेना ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के तीन जिलों में नौ आतंकवादियों को मार गिराया है। इस दौरान आतंकियों के मददगारों सहित पांच अन्य को गिरफ्तार भी किया गया है। पाकिस्तानी सेना की सूचना इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि बन्नू जिले के जानी खेल में सेना के जवानों व आतंकवादियों के बीच जोरदार गोलीबारी हुई। इस दौरान छह आतंकवादी मार गिराए गए और पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया गया।

### पंजाबी कलाकारों के भारत और कनाडा दौरे हुए रद्द

**चंडीगढ़।** भारत और कनाडा के संबंधों में पैदा हुई खटास का असर पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री पर भी पड़ना शुरू हो गया है। पंजाबी कलाकारों के भारत और कनाडा दौरे रद्द हो गए हैं। भारत के मानचित्र से पंजाब और जम्मू-कश्मीर को हटाने की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद विवादों में आए कैनेडियन सिंगर शुभनीत सिंह का भारत दौरा रद्द हो गया है। पंजाबी मूल के सिंगर शुभनीत लंबे समय से कनाडा में रह रहे हैं और वह 23 सितंबर से शो करने के लिए भारत आने वाले थे।

### सरकार ने 18.09 लाख टन गेहूं बेचा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत 13 ई-नीलामी में थोक ग्राहकों को केंद्रीय पूल से 18.09 लाख टन गेहूं बेचा है। इससे गेहूं तथा गेहूं के आटे की कीमतों को कम करने में मदद मिली है। सरकार ने नौ अगस्त को घोषणा की थी कि वह थोक ग्राहक को ओएमएसएस के तहत अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल बेचेगी।

### ओडिशा विस का अध्यक्ष बनी मलिक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में छह बार की विधायक और पूर्व मंत्री प्रमिला मलिक को शुक्रवार को निर्विरोध विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। सुश्री मलिक ओडिशा विधानसभा के इतिहास में पहली महिला अध्यक्ष हैं। बिंझारपुर विधानसभा सीट से छह बार विधायक रहीं। उन्होंने नवीन पटनायक सरकार में तीन बार महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में काम किया है। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री के रूप में नवीन पटनायक मंत्रिमंडल में शामिल होने से पहले, वह विधानसभा में बीजद की मुख्य सचेतक भी रही।

### अमेरिका के अलास्का में भूकंप के झटके

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उत्तरी राज्य अलास्का में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण केंद्र के मुताबिक सुबह नौ बजकर चार मिनट पर महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गयी।

# कनाडा में नफरत की कोई जगह नहीं

**एजेंसी**

**टोरंटो।** कनाडा सरकार ने कनाडाई हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी देने वाले एक ऑनलाइन वीडियो को शुक्रवार को आपत्तिजनक और घृणा से भरा हुआ करार दिया और साथ ही कहा कि देश में आक्रामकता, नफरत, धमकी या भय पैदा करने वाले कृत्यों के लिए कोई स्थान नहीं है। खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में हत्या की घटना में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के विस्फोटक आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ने के बीच यह वीडियो सामने आया है। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने बेहद सख्ती से इन आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले उसने भी कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। सार्वजनिक सुरक्षा, आपात प्रबंधन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आपातकालीन तैयारियों के लिए जिम्मेदार सार्वजनिक सुरक्षा कनाडा ने कहा कि वीडियो का प्रसारित होना आपत्तिजनक और नफरत फैलाने वाला है तथा यह सभी कनाडाई लोगों और हमारे मूल्यों का अपमान है।

विभाग ने एक्स पर पोस्ट किया कि कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। विभाग ने कहा कि आक्रामकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल पैदा करने वाले कृत्यों के लिए इस देश में कोई जगह नहीं है और यह सिर्फ हमें बांटने के लिए किया गया है। हम सभी कनाडा वासियों से एक दूसरे का सम्मान करने और कानून के नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हैं। कनाडा वासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का हक है। प्रधानमंत्री ट्रूडो की

## हिंदुओं को मिल रही धमकियों पर बोला सुरक्षा विभाग

**आक्रामकता, धमकी या डर का माहौल पैदा करने वाले कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, यह सिर्फ बांटने के लिए किया गया**



पार्टी से भारतीय-कनाडाई सांसद चंद्रा आर्या ने इससे पूर्व आतंकवाद के महिमामंडन और कनाडा में ह्यह्यअभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर देश में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने वाले घृणा अपराध को लेकर निराशा जाहिर की थी। लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा के सदस्य आर्या ने कहा कि कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और सिख्स फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नून ने कनाडाई हिंदुओं पर हमला किया था और उन्हें कनाडा छोड़कर भारत वापस चले जाने को कहा था। पन्नून की सिख्स फॉर जस्टिस ने कथित जनमत संग्रह आयोजित किया था। कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने कहा कि सभी कनाडा वासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का हक है। उन्होंने कहा कि सभी कनाडावासियों को अपने समुदायों में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। कनाडाई हिंदुओं को निशाना बनाने वाले वीडियो का प्रसार उन मूल्यों के विपरीत है जिनका हम कनाडावासी पालन करते हैं। आक्रामकता, नफरत, धमकी या भय पैदा करने वाले कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है।

आपातकालीन मंत्री हरजीत सज्जन ने कहा कि कनाडाई हिंदुओं और हर पृष्ठभूमि के भारतीयों के लिए जो भी यह कहता है कि आप सुरक्षित नहीं हैं और आपका आपके घर में ही स्वागत नहीं है, वह स्वतंत्रता और दयालुता के उन मूल्यों का प्रतीक नहीं है जिनका हम कनाडा के लोग पालन करते हैं। दूसरों को कनाडा में आपकी जगह और प्रेम को अवैध ठहराने या उस पर सवाल न उठाने दें।

### शांत और सतर्क रहें हिंदू, एजेंसियों को करें रिपोर्ट : सांसद

भारतीय-कनाडाई सांसद ने एक्स पर पोस्ट किया कि मैंने कई कनाडाई हिंदुओं से सुना है, जो निशाना बनाकर किए गए इस हमले के बाद डरे हुए हैं। मैं कनाडा के हिंदुओं से अनुरोध करता हूं कि वे शांत लेकिन सतर्क रहें। कृपया हिंदूफोबिया (हिन्दू पन्थ तथा हिन्दुओं के विरुद्ध नकारात्मक दृष्टिकोण) की किसी भी घटना के बारे में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि खालिस्तान आंदोलन के नेता कनाडाई हिंदुओं को प्रतिक्रिया के लिए उकसा रहे हैं और कनाडा में हिंदू तथा सिख समुदायों को बांट रहे हैं।

### मेरे लिए एक जज्बात है इंडियन आइडल : ददलानी



**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के बहुचर्चित सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल ने नई आवाजों और महत्वाकांक्षी गायकों के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में काम किया है। शो के नवीनतम सीजन में जाने-माने संगीतकार और गायक विशाल ददलानी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्रेया घोषाल और बॉलीवुड के मेलोडी किंग कुमार सानू जज की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। एक आवाज, लाखों एहसास - इस सीजन का अभियान उस जादुई आवाज पर प्रकाश डालता है जो आपको कई भावनाओं का अनुभव करने के लिए मजबूर कर देगी। विशाल ददलानी कहते हैं कि मैंने हमेशा कहा है कि इंडियन आइडल मेरे लिए एक जज्बात है। संगीत ऐसी भाषा है, जिसे सारी दुनिया समझती है और यह भाषा सरहदों से परे है, और यह शो हमारे अविश्वसनीय देश के हर कोने से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाने का एक अनूठा तरीका है।

# राजग में शामिल हुआ जेडीएस

**कर्नाटक में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जेडीएस**

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को घोषणा की कि जनता दल (सेक्युलर) ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने का फैसला किया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नड्डा से हुई मुलाकात के बाद भाजपा अध्यक्ष ने यह घोषणा की। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी से मुलाकात की। मुझे खुशी है कि जद (एस) ने राजग का हिस्सा बनने का फैसला किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम तहे दिल से उनका राजग में स्वागत करते हैं। इससे राजग को और मजबूती मिलेगी। कुमारस्वामी 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में भाजपा के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन पर चर्चा के लिए गुरुवार को दिल्ली पहुंचे थे। दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की चर्चा तब से सुर्खियों में थी जब भाजपा के वरिष्ठ नेता और संसदीय बोर्ड के सदस्य बी एस येदियुरप्पा ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि उनकी पार्टी आम चुनावों के लिए जद(एस) के साथ गठबंधन करेगी और जद(एस) कर्नाटक में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीट हैं। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में इनमें से 25 सीट जीती थीं, जबकि मंड्या सीट पर उसके समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार सुमलता अंबरीश ने जीत हासिल की थी। कांग्रेस और जद(एस) ने एक-एक सीट जीती थी। इस साल मई में हुए 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 135 सीटों पर जीत मिली, जबकि भाजपा को 66 और जद (एस) को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई।

### ट्रेन में महिला कांस्टेबल पर हमले का आरोपी मारा गया



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने अयोध्या में एक ट्रेन में महिला आरक्षी (कांस्टेबल) पर हमले के मामले में मुख्य आरोपी को शुक्रवार को एक मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दो अन्य आरोपी घायल हो गए। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा कि सरयू एक्सप्रेस में महिला आरक्षी पर हमले की घटना का मुख्य आरोपी अनीश खान अयोध्या के पूरा कलंदर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में घायल हो गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बाद में उसने दम तोड़ दिया। वह हैदरगंज थाना क्षेत्र के दसलावन का रहने वाला था। कुमार ने कहा कि उसके दो अन्य साथी आजाद और विशंभर दयाल दुबे भी घायल हो गए तथा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आजाद दसलावन का ही रहने वाला है जबकि दुबे सुलतानपुर जिले के कूरेभार का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ में पूरा कलंदर के थानाध्यक्ष रतन शर्मा भी घायल हो गए, जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों ने अनीश खान के साथ मिलकर महिला आरक्षी पर हमले की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

# काशी में आज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में शिक्षा के मंदिर अटल आवासीय विद्यालय और शिवालय रूपी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचकर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे और गंजारी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के साथ ही जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर क्रिकेट के नामचीन खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में कुल 1565 करोड़ की सौगात देंगे। रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में वह सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति देखकर उनको सम्मानित भी करेंगे और सांसद प्रतियोगिता काशी 2023 का पोर्टल लांच करेंगे। महिलाओं के आरक्षण के लिए लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोक सभा और राज्यसभा से पारित होने बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र आ रहे प्रधानमंत्री का स्वागत नारी शक्ति करेंगी। पीएम सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में करीब पांच हजार से अधिक महिलाओं से संवाद भी करेंगे। पीएम का दोपहर करीब 12:30 वाराणसी पहुंचना संभावित है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में सिर्फ अमीरों के बच्चे ही बोर्डिंग सरीखे स्कूलों में ही नहीं पढ़ेंगे। बल्कि श्रमिकों के बच्चे भी बोर्डिंग स्कूलों में अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे। प्रदेश के 16 मंडलों में 1115 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से करेंगे।

**पांच हजार से अधिक महिलाओं से संवाद भी करेंगे प्रधानमंत्री**



भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 12:30 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे । वहां से वे सीधे राजातालाब गंजारी पहुंचकर 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ में बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान 1983 क्रिकेट विश्वकप के विजेता खिलाड़ियों और अन्य नामचीन क्रिकेट के खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे। लगभग 30 हजार क्षमता वाले स्टेडियम की वास्तुशैली काशी और सनातन धर्म के अनुकूल होगी । जिसमें भगवान शिव की महिमा दिखेगी।

# उदयपुर में परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा कल लेंगे सात फेरे



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा 24 सितंबर को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शाही शादी समारोह उदयपुर के ताज लेक पैलेस में होगा। परिणीति और राघव चड्ढा अपने परिवार के साथ उदयपुर पहुंच गए हैं। उदयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा को उनके परिवार के साथ देखा गया। परिणीति लाल जोड़े में और राघव चड्ढा कलरफुल फ्लॉवर की स्लीव्स टी शर्ट और ब्लू डेनिम पैंट में नजर आए। विवाह स्थल पर दोनों के नाम के पोस्टर देखे गए हैं। कुछ लोग दोनों के परिवारवालों और मेहमानों का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। दोनों के चेहरे पर शादी की खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर परिणीति के माता-पिता और भाई भी मौजूद थे।

### शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 221 अंक और टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 221 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू स्तर पर निवेशकों ने स्वास्थ्य देखभाल, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों और जिंस शेयरों में बिकवाली की। तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 221.09 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 66,009.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसके उच्चतम एवं निम्नतम स्तर में करीब 500 अंकों का फासला रहा जो भारी उठापटक को दशार्ता है। यह 66,445.47 अंक के ऊपरी और 65,952.83 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### उदयनिधि के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का तमिलनाडू सरकार को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में दो सितंबर को आयोजित सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच और वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे राज्य के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के वकील बी जगन्नाथ की याचिका पर नोटिस जारी किया।




# सूर्य की रोशनी में मां दुर्गा का होगा भव्य दर्शन

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिहार क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति में इस बार प्रकाश की रोशनी के बीच मां दुर्गा का भव्य दर्शन होगा। क्लब के अध्यक्ष अजीत सहाय ने बताया कि इस वर्ष पंडाल के बाहर और अंदर जो निर्माण किया जा रहा है। इस रोशनी को बंगाली भाषा में आलू प्रकाश कहा जाता है। सूरज की प्रकाश से जो इंद्रधनुषी छटा बनती है उसका लोग आलोकन करेंगे। बंगाल के कारीगरों के द्वारा पंडाल निर्माण किया जा रहा है। इसमें लाइटिंग के माध्यम से प्रकाश का महत्व दिखाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि पूजा के माध्यम से लोगों के बीच में संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि जिस तरह भगवान सूर्य देव की रोशनी से सारे जग को प्रकाश मिलता है, उसी प्रकार, प्रकाश का जीवन में बहुत ही महत्व है। इसके अलावा महानवमी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पूजा पंडाल के आसपास विशेष विद्युत सजा की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 24 लाख रखा गया है।

**बिहार क्लब में इस साल लाइटिंग से प्रकाश का महत्व दिखाया जायेगा**

### पंडाल के समीप सफाई जरूरी : राजन व रवींद्र



पूजा पंडाल के आस-पास सफाई की जरूरत है। पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा एवं पूजा समिति के सदस्य रवींद्र बर्मा ने कहा कि पूजा की शुरूआत से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इसे ठीक कर लिया जाएगा, नहीं तो पूजा समिति स्वयं अपने खर्चे पर इसे ठीक कर देगी।

### उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, राजा उलातू में खबर मन्त्र का करियर सह मोटिवेशनल कार्यक्रम

# बेहतर संवाद और दूरदर्शिता से मिलती है सफलता, स्कूली ज्ञान ही है जीवन में उन्नति का आधार

उर्सूलाइन इंटर कॉलेज राजा उलातू में खबर मन्त्र की ओर से करियर सह मोटिवेशनल काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें 11 और 12 वी के साइंस कामर्स और आर्ट के सभी छात्राओं ने हिस्सा लिया। सुबह 10 बजे आंरभ होकर यह कार्यक्रम दो बजे तक चला। इसमें छात्राओं ने जीवन में कॉम्यूनिकेशन के महत्व, विषयों के ज्ञान की उपयोगिता, आने वाले समय में करियर की चुनौतियां साथ ही सद्व्यवहार और व्यवहार से होने वाले जीवन में परिवर्तन को लेकर विमर्श किया। कार्यक्रम में खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने कहा कि एक युवा को अपने आने वाले 25 वर्षो के परिवर्तन को लेकर सजग रहना चाहिए। जानकारी और संवाद की परिपक्तता से आत्मबल पैदा होता है जो आपको एक्यूरेसी और परफेक्ट बनाता है। विषयों की जानकारी के साथ ही आपको बाहरी दुनिया में घटित घटनाओं और परिवर्तन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं को कोई भी जानकारी और उसके श्रोत जानने के साथ ही पढ़ाई को अपने जीवन से जोड़ने की कला पर भी विमर्श किया गया। जीवन में विकास की गति और दिशा दोनों का संतुलन बनाकर ही अपने उदेश्यों की प्राप्ति की जा सकती है।








# आज के युवाओं में उदंडता क्यों बढ़ती जा रही है?

**प्रियंका चन्द्रा**

**युवाओं** में धर्य कम होता जा रहाहै। आज के युवा अपने सबसे प्रिय से उलझने लगे हैं। शिक्षक, मित्र और तो और माता-पिता से भी। सब जगह जब महामारी के कारण लोग परेशान हैं, अकेले हैं, तरह-तरह की चिंताओं से ग्रस्त हैं तो एक तरफ उनका गुस्सा बढ़ा है, तो दूसरी तरफ अहंकार भी। आज अवसाद और गुस्सा बढ़ रहा है। अपने देश में न केवल बुजुर्ग और प्रौढ़ बल्कि बीस झतीस साल के युवा भी गुस्से से नहीं बच पा रहे हैं। पिछले दिनों मैं अपने होम्योपैथ डाक्टर के पास गई थी। वह इस इलाके में बहुत मशहूर हैं। इतनी भीड़ रहती है कि बिना अपॉइंटमेंट के समय नहीं मिलता। शाम का समय था। उनके क्लीनिक पर पहुंची। डाक्टर साहब अभी आए नहीं थे। अंदर जाकर बैठी थी कि एक बीस-बाइस साल की लड़की आई। डाक्टर के सहायक ने पूछा कि समय लिया है। लड़की ने कहा-हां। लेकिन आठ बजे नहीं आ सकती। मेरे इलाके में छेड़खानी की घटनाएं बहुत होती हैं। घर वाले उस समय अकेली नहीं आने देते। साथ में आने वाला कोई नहीं। डाक्टर के सहायक ने कहा-कोई बात नहीं। आप दिखा लीजिएगा। वह लड़की बैठ गई। इसके कुछ देर बाद ही, एक बहुत बुजुर्ग महिला आई। सहायक ने नाम पूछा तो बताया-सायरा। उन्होंने समय लिया हुआ था। लेकिन समस्या यह थी कि वह बैठे कैसे। क्योंकि डाक्टर के यहां अंदर सिर्फ दो लोग ही बैठ सकते हैं। जिससे कि दूरी बनी रह सके। तब उस सहायक ने लड़की से अनुरोध किया कि इन माता जी को बैठने दें। आप बाहर खड़ी हो जाएं। उसकी बात सुनकर लड़की बोली-मैं क्यों बाहर खड़ी हो जाऊं। यह बाद में आई हैं तो ये बाहर खड़ी हों। लड़के ने कहा-आप तो खड़ी हो सकती हैं न।

-क्यों ये खड़ी नहीं हो सकतीं।

-आप जरा इनकी उम्र तो देखिए।
-उम्र मैं क्यों देखूं। मैं पहले आई हूं, मुझे तो बस ये मालूम है।

सहायक ने उसे समझाना चाहा। यह भी कहा कि जैसे ही डाक्टर साहब आएंगे, इन दोनों के बाद मैं आपको भेज दूंगा। लेकिन लड़की नहीं मानी। कहीं लड़ाई न हो जाए, यह सोचकर वह बुजुर्ग महिला बोली-बेटा, मैं ही खड़ी हो जाती हूं बाहर। मगर सहायक ने उनसे बैठे रहने को कहा। यह देखकर कि वह उन महिला का पक्ष ले रहा है, लड़की गुस्से से भर उठी। वह चीखने-चिल्लाने लगी। मैंने भी उसे समझाने की कोशिश की लेकिन उसने मुझे भी डपटकर चुप करा दिया।

इतने में डाक्टर साहब आकर अपने केबिन में बैठ गए। लड़की ने यह देखा तो डाक्टर को सुनाकर वह और भी जोरों से चिल्लाने लगी-आप लोगों को यह तमीज नहीं है कि लड़कियों से कैसे बातें करते हैं। इसी तरह इलाज करते हैं, तो दवा ठीक से क्या देते होंगे, जब ठीक से बोल ही नहीं सकते। अब तुमसे सारे सम्बंध खत्म। कभी दवा लेने नहीं आऊंगी। कहते हुए लड़की ने शीशे के दरवाजे को इतनी जोर से पीछे की तरफ मारा कि वह दीवार से जा टकराया। खैरियत थी कि टूटा नहीं वरना पास बैठी उस महिला और डाक्टर के सहायक को चोट लगती।

लड़की के जाने के बाद डाक्टर का सहायक बोला-आप ही बताइए आंटी जी, क्या मैंने कुछ गलत कहा था। सचमुच उसने कुछ भी तो गलत नहीं कहा था। वह तो बिना समय लिए ही लड़की को डाक्टर से दवा दिलवाने की कहकर, उसकी मदद ही कर रहा था।

लड़की के इस व्यवहार से यह भी लगा कि क्या वाकई हमें उम्र के सम्मान का कोई ख्याल नहीं। मेट्रो में या बसों में अक्सर ऐसे स्टिकर दिखाई देते हैं, जहां यात्रियों से अनुरोध किया जाता है कि बुजुर्गों-महिलाओं को बैठने दें। कई बार युवा ऐसा करते भी हैं। मगर उस लड़की के इस तरह के गुस्से ने सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर इतनी मामूली बात पर इतना गुस्सा क्यों। अगर वह लड़की कुछ देर बाहर खड़ी भी हो जाती, तो उसकी उम्र को देखते हुए, यह इतना कोई मुश्किल काम नहीं था, जबकि वह बुजुर्ग महिला हो सकता है कि खड़े होना बर्दाश्त न कर पाती। इनसानियत का यह तकाजा भी था। लेकिन वह लड़की इतनी नाराज क्यों हुई। उसने इसे अपना अपमान क्यों समझा।




इन दिनों अपने यहां युवाओं की परेशानियां उनके क्रोध, लड़ाई-झगड़े आदि के रूप में सामने आ रहे हैं। इस बुरे वक्त से हम अपने युवाओं को बचाए रखें, इसके लिए उन्हें हम बड़ों की मदद चाहिए। उनका अकेलापन, चिंताएं, मान-अपमान की बाधाएं कैसे दूर हों, क्या करें, कैसे उन्हें समझाएं, यह परिवारों और हम बड़ों के लिए भारी चुनौती है।

# योग से जीवन का संतुलन कैसे बनाये युवा



**डॉ. परिणीता सिंह ( योग विशेषज्ञ )**

* जब इडा-पिंगला में संतुलन स्थापित हो जाता है, तो साधक की उच्च चेतना समय के परे चली जाती है

* संध्या के समय सुषुम्ना नाड़ी प्रबल होती है और कुंडलिनी अपने मार्ग में अग्रसर होने लगती है

* इड़ा एवं पिंगला में जागृति और संतुलन प्रकाश का पथ कहलाता है।

* आज के समय मे सही विचार,जीवन के उद्देश्य को जानने और समझने के लिए योग के बारिकियों को अपनाना होगा।

नाड़ियाँ जिसे विज्ञान ने भी माना है- ये सूक्ष्म शरीर मे व्याप्त है, परन्तु अपनी कार्य प्रणाली द्वारा स्थूल शरीर को प्रभावित करती है। चक्र, जिसे यौगिक भाषाओं में अतीन्द्रिय शक्तियों का केन्द्र कहा गया है, जो हमारे सूक्ष्म शरीर मे स्थित है।

ये नाड़ियॉ हमे उन सूक्ष्म शरीर तक ले जाने में सक्षम है जब इड़ा (बॉया नासाग्र रंध्र) और पिंगला (दॉया नासाग्र रंध्र) मे सभ्यक संतुलन होता है तब चक्रों की जागृति होती है।

अलग-अलग यौगिक ग्रंथों में नाड़ियों की सख्या अलग-अलग बतायी गयी है, परन्तु सभी मे पिंगला, इड़ा एवं सुषुम्ना मुख्य नाड़ियों मानी गयी है।

भारतीय शास्त्रों मे केवल इड़ा अथवा पिंगला के मार्ग को अंधकार का पथ माना गया है, जिसे पितृयान कहते हैं।

यह पथ मोह और अज्ञान का है। इड़ा एवं पिंगला में जागृति और संतुलन प्रकाश का पथ कहलाता है।

इसे देवों का पथ भी कहते हैं। इड़ा जिसे चित्त भी कहते है, यह आन्तरिक जगत के तथा पिंगला जिसे प्राण कहते है, सांसारिक प्रपंच में समन्वय स्थापित करता है।

जब दोनों का बर्हिमुखी और

**हठयोग प्रदीपिका में लिखा है**

**सूयार्चद्रमसौ धत्तः कालं रात्रिंदिवात्मकम् ।**

**भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य गुध्यमेतदुदाइतम।**

**अर्थात - साधक को सूर्य एवं चंद्र को नियंत्रित करना चाहिए क्योंकि वे दिन और रात के रूपो में कालाधीन है। इसका रहस्य यह है कि सुषुम्ना (कुण्डलिनी) इस काल का भक्षण करती है।**

अंतमुर्खी पथ का आभ्यास एक साथ किया जाता है तो इन्हे नियंत्रित करना आसान हो जाता है।

इड़ा जिसे चन्द्र नाड़ी कहते हैं ये ऋणात्मक ऊर्जा का वाहन करती है, जबकि पिंगला जिसे सूर्य नाड़ी कहते हैं वह धनात्मक ऊर्जा का वाहन करती है। इड़ा एवं पिंगला का प्रवाह समयाधीन है। उनके माध्यम से अंतर्जगत एव बहिर्जगत की क्रियाओं की अभिव्यक्तिकरण होता है।

ध्यान या प्राणायाम द्वारा इन्हें संतुलित किया जाता है तभी कुंडलिनी सुषुम्ना के मार्ग में आगे बढ़ती है और व्यक्ति कालातीत जगत में प्रवेश करता है। शास्त्रों में कुंडलिनी शक्ति को कालग्रासिनी भी कहा गया है

हठयोग प्रदीपिका में लिखा है

सूयार्चंद्रमसौ धत्तः कालं रात्रिंदिवात्मकम् ।

भोक्त्री सुषुम्ना कालस्य गुध्यमेतदुदाइतम्।।

अर्थात - साधक को सूर्य एवं चंद्र को नियंत्रित करना चाहिए क्योंकि वे दिन और रात के रूपो में कालाधीन है। इसका रहस्य यह है कि सुषुम्ना (कुण्डलिनी) इस काल का भक्षण करती है।

इसका तात्पर्य यह हुआ कि जब इडा-पिंगला में संतुलन स्थापित हो जाता है, तो साधक की उच्च चेतना समय के परे चली जाती है।

वहाँ काल का अंत हो जाता है।

बाहरी सूर्य और चंद्र 24 घंटों को दिन और रात में बदलती है जबकि आन्तरिक सूर्य और चन्द्र शरीर के अंदर रात दिन का बटवारा करती है। इड़ा रात को प्रबल होता है, जिससे परानुकंपी तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है तथा मेलाटोनिन नामक हार्मोन का श्राव होता है। हमारा अर्धचेतन मन सक्रिय होने लगता है

जबकि पिंगला दिन में प्रबल होती है जो अनुकंपी तंत्रिका तंत्र को सक्रिय कर सेराटोनिन का स्त्राव करती है, जो चेतन अवस्था का द्योतक है। हमारी आन्तरिक संरचना इसी प्रकार चलती रहती है। जब प्राणायाम या ध्यान किया जाता है तो दोनो मे संतुलन लाया जाता है तो स्वचालित तंत्रिका तंत्र नियंत्रित होता है। साथ ही जब दिन और रात का मिलना होता है तो उसे संध्या कहते हैं। अत

इस समय सुषुम्ना नाड़ी प्रबल होती है और कुंडलिनी अपने मार्ग में अग्रसर होने लगती है जिससे अलौकिक संपदाएँ हमारे अंदर उत्पन्न लगती है।

आज के समय मे सही विचार,जीवन के उद्देश्य को जानने और समझने के लिए योग के बारिकियों को अपनाना होगा।

# विनन्दिया रामकथा



**डॉ हराधन कोईरी**

**मार्ग** में जहाँ-जहाँ राम ठहरे, वहाँ-वहाँ भरत जाते हैं और राम के बारे पूछते हुए आगे बढ़ते हैं।

चित्रकूट पहुँचकर राम और भरत की बातचीत आरंभ होती है। भरत की इच्छा है कि हम चौदह वर्ष वन में रहें। राम-सीता और लक्ष्मण भवन को जायें। चित्रकूट की बातचीत को तुलसी साहित्य के मर्मज्ञ आचार्य रामचन्द्र शुक्ल लिखते हैं-ह्यह्यचित्रकूट में राम और भरत का जो मिलन हुआ है, वह शील और शील का, स्नेह और स्नेह का, नीति और नीति का मिलन है।

राम भरत को समझाकर कहते हैं कि पिताजी ने जीतेजी हमें चौदह वर्ष वन में रहने की अज्ञा दी है। उसे हम कैसे टाल सकते हैं? इसलिए चौदह वर्ष तक तुम ही अयोध्या की जनता की सेवा करो। तब अपने प्रण पर अडिग भरत ने राम से उनकी चरण पादुका माँग ली। उन चरण पादुका को माथे पर धारण करके अयोध्या लाये और अयोध्या के राजसिंहासन पर बिठाये। वस्तुतः इस प्रसंग को जितनी भावुकता और सहृदयता के साथ गोस्वामी जी ने चित्रण किया है। उतनी ही तन्मयता से महात्मा विनन्द सिंह ने भी किया है।। आज भी पंचपरगना के अखाड़े में यह पद गाया जाता है। जनता सुनते ही भाव-विभोर हो उठती हैं। वह उत्कृष्ट पद देखिए-

**भरत चलिल फिरी, माथे पादुका करी,**
**यतने राखिल सिंहासने, श्रीचरण अन्ये नाहीं मने।**
**यतने राखिल सिंहासने, श्रीचरण अन्ये नाहीं मने।।**
**आतर चन्दन पुष्प, नामा उपहार धुप,**
**सेवन करिहे रात्रि दिने, श्रीचरण अन्ये नाहीं मने।**

चित्रकूट से भरत आदि अयोध्या वासियों को विदा करके राम मुनि-ऋषियों से मिलते हुए दण्डक वन को गये । वहीं पंचवटी में एक सुन्दर-सा पर्ण कुटीर बनाकर सुख पूर्वक रहने लगे । वन से कन्द, मुल और फल लाकर आहार रूप में ग्रहण करने लगे । राजसी वस्त्र को त्यागकर वल्कल धारण किये । ह्यअरण्यकांडह्न की इस कथा को कविवर विनन्दिया ने बड़ी ही रोचकता के साथ वर्णन करते हैं। यथा-

**पंच बंटीर बने जाई से स्थाने।**
**पत्रेर कुटी बने वेनाइल, बसन तजिया राम वाकल परिल,**
**गुचाइल बेष भुसा, धरिलेन कांगालेर दशा।**
**आहार करेन जत कन्द मुल फल**
**विनन्दिया वन बासे आनन्दे रहिल।**

राम भ्राता सहित सुख पूर्वक ह्यपंचवटीह्न आश्रम में जीवन व्यतीत करने लगे । उसी समय शूर्पणखा रावण की बहिन दुष्ट हृदया वहाँ आती हैं। श्याम वर्ण राम और गौरवर्ण लक्ष्मण को देखकर विकल हो उठती हैं। कामातुर शूर्पणखा सुन्दर रूप धारण करके राम के पास गयीं और कहने लगी कि न तो तुम्हारे समान कोई पुरुष है, न मेरे समान कोई स्त्री विधाता ने यह संयोग बहुत विचार करके बनाया है। मैंने तीनों लोकों में अपने योग्य वर ढूँढ़ा परन्तु नहीं मिला। इसलिए अभी तक कुँवारी हूँ। तुम्हें देखकर मेरा मन प्रसन्न हो गया है। इसलिए तुम मुझसे विवाह कर लो। शूर्पणखा की बातों को सून कर, राम सीता की ओर देखते हुए कहते हैं कि- वह मेरा छोटा भाई लक्ष्मण है, जो कुँवारा है। तुम उन्हीं के पास जाओ। शूर्पणखा लक्ष्मण के पास जाकर प्रणय निवेदन करने लगीं । लक्ष्मण राम का सेवक कहकर उन्हें राम के पास ही भेज दिये। राम ने फिर समझा-बुझाकर लक्ष्मण के कुँवारे होने की बात कहकर लक्ष्मण के पास भेजे। लक्ष्मण ने फिर राम के पास भेज दिये। तब शूर्पणखा क्रोधित होकर राम के पास गयीं और भयंकर रूप प्रकट कर लीं। जिससे देखते ही सीता भयभीत हो गयीं। सीता को भयभीत देखकर राम ने लक्ष्मण को इशारे से कहा। लक्ष्मण ने बड़ी फुर्ती से उसका नाक-कान काट दिये। कविवर विनन्दिया ने इस प्रसंग को राम कथा का केन्द्र बिन्दु मानते हुए भव्यता प्रदान की है।

**यथा-तथा आसी हेन काले, शूर्पणखा देखि बले,**
**गौरबरण, आमारे कर बिवाह, ठाकुर लखन।**
**सुनिया ताहार बानी, लखन जलेन आगुनी**
**धरिल तखन, काटिये फेलिल तार, नाक कान।**

तुलसीकृत ह्यरामचरितमानसह्न में शूर्पणखा विलाप करती हुई खर-दूषण के पास पहुँचती हैं। जबकि कवि विनन्दिया ने इस प्रसंग को छोड़कर सीधे रावण के सम्मुख उपस्थित कराते हैं। शूर्पणखा विलाप करती हुई सारा वृत्तांत रावण को सुनायी। रावण सुनकर मारीच को भुलाये और आदेश देते कहते हैं कि- तुम सोना का मृग बनकर वहीं जाओ, जिस वन में राम-सीता और लक्ष्मण हैं। मारीच पर्ण कुटीर के आस-पास स्वर्ण मृग बनकर इधर-उधर कूदने लगे। जिसकी चमक सीता को दिखाई दी। तब सीता राम से कहने लगीं कि- प्रभु मुझे उस स्वर्ण मृग को पकड़ कर ला दो। कवि के शब्दों में-

**मृगीटी धरियामोरे, देह रघु मणि,**
**छलिते पाठाये दिल सोनारहारिनी।।**

धनुक वाण नये हाथे, चलेन प्रभु त्वरिते।

मृग को देखकर राम ने धनुष में बाण चढ़ाया। फिर लक्ष्मण से कहने लगे कि भाई ! यह वन प्रदेश। यहाँ राक्षस हमेशा घुमते - फिरते रहते हैं। इसलिए तुम अच्छी तरह से सीता की रखवाली करना। इतना कहकर राम मृग के पीछे दौड़ने लगे। माया मृग कभी राम के पास होती तो कभी दूर भाग जाती। इस प्रकार छल करके राम को बहुत दूर ले गयी। तब राम ने निशान साधकर कठोर बाण मारे, जिसके लगते ही वह माया मृग धरती पर गिर पड़ी। गिरते ही लक्ष्मण का नाम लिया फिर राम का नाम लिया। यह ध्वनि सीता को सुनाई दी। सीता सुनते ही व्याकुल हो उठीं और लक्ष्मण से कहने लगीं। राम कोई बड़े संकट में पड़ गये हैं, इसलिए तुम्हें पुकार रहे हैं। तब लक्ष्मण ने सीता को समझाकर कहने लगे कि यह कोई माया होगी। इसलिए मैं नहीं जाऊँगा। भैया ने मुझे आपकी सुरक्षा का दायित्व देकर गये हैं। तब सीता व्यंग्य भरी वाणी में कहती हैं- जिस प्रकार भरत ने तुम्हारे भाई से राज सिंहासन छीना है, उसी तरह तुम मुझे अकेले में पाकर प्राप्त करना चाहते हो। पद देखिए-

**भरत नइल राज, तुमि नारी लिबे आज।**
**विनन्दिया करि आछ मने, छलिल रावण बने।**

पर्ण कुटी में सीता को अकेला देखकर रावण साधु का वेश धारण करके भिक्षा माँगने आये। सीता लक्ष्मण रेखा के उस पार से ही भिक्षा देने लगीं। तब साधु वेश धारण किये रावण कहने लगे- मैं तुम्हारे कुटिया से बिना भिक्षा लिये ही जाऊँगा। विवश सीता जैसे ही लक्ष्मण रेखा को पार करती हैं। रावण उन्हें हरण करके ले जाते हैं।

राम जब मृग को मारकर वापस कुटी को लौट रहे होते हैं, तब मार्ग में लक्ष्मण को देखे। लक्ष्मण को देखकर अनहौनी की बात कहने लगे । दोनों भाई कुटिया के पास आये। कुटिया में सीता नहीं मिलीं। इस कथा प्रसंग को जितनी करुणा के साथ आदि कवि वाल्मीकि, महाकवि तुलसीदास ने वर्णन किया है। उतनी ही तन्मयता के साथ लोककवि विनन्दिया ने भी उपस्थापित किया है। इसमें संदेह नहीं है। इस कथा-प्रसंग में कविवर विनन्दिया ने करुण रस को उड़ेल दिया है। उनकी इस दक्षता को देखकर पाठकों को स्वतः भवभूति की याद आ जाती है। सीता हरण प्रसंग को पंचपरगना क्षेत्र में विवाह आदि शुभ अवसर पर माता-बहने जब सस्वर गाने लगती हैं, तब श्रोताओं के आँखों से झर-झर आँसू झरने लगते हैं।

कविवर विनन्दिया रामकथा को क्रमानुसार आगे बढ़ाते हुए अरण्य कांड के बाद किष्किन्धा कांड के कथा-प्रसंग रखते हैं। राम और लक्ष्मण सीता को वन में खोजते-खाजते ऋष्यमूक पर्वत के निकट पहुँचे। तब बाली के भय से ऋष्यमूक पर्वत पर रह रहे वानर राज सुग्रीव ने हनुमान को राम और लक्ष्मण से उनका भेद लेने के लिए भेजा। हनुमान ने अपने स्वामी को पहचान लिये और दोनों भाइयों को अपने कंधे में बिठाकर ऋष्यमूक पर्वत पर ले आये। लाकर दोनों ओर की सारी कथा सुनाई। फिर अग्नि को साक्षी मानकर राम और सुग्रीव की मैत्री करायी। तब सुग्रीव कहने लगे कि मैं एक बार अपने मंत्रियों के साथ बैठकर इस पर्वत पर कुछ विचार-विमर्श कर रहा था। उसी समय आकाश मार्ग में एक विलाप करती हुई स्त्री का स्वर सुना था। उन्होंने हमें देखकर हा राम ! हा राम ! पुकार-पुकार कर अपना वस्त्र फाड़कर नीचे गिरा दी थीं। इस प्रसंग का बड़ा ही चित्ताकर्षक वर्णन कवि ने किया है। यथा-

**सेई छे बालीर डरे, पलाइया गिरी बरे।**
**दिवा निशि, आहे ध्यान धरि, सुन सुन अजटा धरी।**
**गायरे बसन चिरि, दये छेन आमारे डारी।**
**रेखेछी अति तजन कारि, सुनो सुनो अजटा धारी।**

राम और सुग्रीव की मित्रता होने के बाद सुग्रीव ने वानरों के समूह को चारों ओर सीता का पता लगाने के लिए यह कहकर कि मैं महीने भर का समय देता हूँ। यदि तुमलोग समय बिताकर सीता का बिना पता लगाये ही लौटा तो मेरे हाथों मारा जाएगा।

जारी...

**विनन्दिया राम कथा क्यों महत्वपूर्ण है?**

**लोककवि *विनन्दिया* पंचपरगनिया भाषा-साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय कवि हैं। रामकथा का गान करने कवियों में अग्रणी हैं। इनके रामकथात्मक गीत ' विनन्दिया रामायण ' और ' विनन्दिया रामपाला ' आदि नाम से जाना जाता है।**

**झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में पंचपरगिया है का विशिष्ट स्थान है। कविवर विनन्दिया को पंचपरगनि भाषा का सूर और तुलसी कहा जाता है। झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाएँ हैं-- नागपुरी,खोरठा,कुड़माली और पंचपरगनिया ।**